


# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 20 मई 2025 ■ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-8 ■ वर्ष -41 ■ अंक-052 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 21 मई 2025 ■ मूल्य-1.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## शराब घोटाले में 20 से अधिक स्थानों पर छापा

### कवासी लखमा के करीबियों के यहां पहुंची ईओडब्लू-एसीबी की टीम

रायपुर,20 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़

आबकारी घोटाला मामले में जेल में बंद मंत्री कवासी लखमा के करीबियों पर ईओडब्ल्यू ने कार्रवाई की है. प्रदेश के 20 से अधिक स्थानों पर दबिश दी गई है. दुर्ग, भिलाई, महासमुंद, धमतरी और रायपुर के कई ठिकानों पर कार्रवाई जारी है. सबसे बड़ी कार्रवाई दुर्ग में चल रही है. दुर्ग में आम्रपाली सोसाइटी स्थित अशोक अग्रवाल और भाई विनय अग्रवाल के निवास, जो स्टील इंडस्ट्री से भी जुड़े हुए हैं, उनके यहां कार्रवाई चल रही है. अशोक अग्रवाल के भाई विनय अग्रवाल के घर भी छापा पड़ा है. इसके साथ ही दुर्ग जिले के दो अन्य करीबियों के निवास पर भी कार्रवाई जारी है. अशोक अग्रवाल के निवास पर एसीबी के 9 अधिकारी मौजूद हैं. बैंक खातों के डिटेल्स की जांच की जा रही है. साथ ही स्टील कारोबार से जुड़े दस्तावेज भी टीम खंगाल रही है. एसीबी-ईओडब्लयू की छापेमार कार्रवाई में उद्योगपतियों और नामी हॉस्पिटल के डायरेक्टर भी शामिल हैं. नहरू नगर स्थित स्पर्श हॉस्पिटल के डायरेक्टर संजय गोयल के निवास, उद्योगपति बंसी अग्रवाल और विशाल केजरीवाल के निवास पर भी



छापा पड़ा है. वहीं शनिचरी बाजार में बिल्डर्स विश्वजीत गुप्ता के निवास पर भी रेड पड़ी है. अधिकारियों की टीम दस्तावेजों की जांच कर रही है. इसके अलावा एसीबी-ईओडब्लयू की टीम महसमुंद पहुंची है, यहां दो जगह पर छापा मारा गया है. सांकरा में कैलाश अग्रवाल और बसना में जय भगवान अग्रवाल के ठिकानों पर ईओडब्लू ने छापा मारा है. दो वाहनो में 20 अधिकारी-कर्मचारियों की टीम पहुंची और रिकॉर्ड खंगालने में जुटी है.

## मुरमुंदा में सुशासन तिहार,सीएम पहुंचे

**दुर्ग,20 मई।** छत्तीसगढ़ सरकार की खास पहल सुशासन तिहार में जनता के समस्या का निराकरण किया जा रहा है. विशेष अभियान के तहत सीएम विष्णुदेव साय जनता के बीच बिना पूर्व सूचना के पहुंच रहे हैं. इसी कड़ी में आज सीएम साय का हेलिकॉप्टर दुर्ग जिले के ग्राम मुरमुंदा में उतरा है. मुख्यमंत्री के हेलिकॉप्टर को गांव में उतरते देख ग्रामीणों में भारी खुशी का माहौल रहा. उन्होंने सीएम का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया. बता दें कि 5 मई से 'सुशासन तिहार' के तीसरे चरण की शुरुआत हो चुकी है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 31 मई तक आकस्मिक दौरे पर निकलेंगे. इस विशेष अभियान के दौरान मुख्यमंत्री किसी भी समय, किसी भी जिले या गांव में अचानक पहुंच सकते हैं. सीएम साय का दौरा पूरी तरह गोपनीय रखा गया है. स्थानीय प्रशासन से लेकर आम जनता तक, किसी को भी इस बात की जानकारी नहीं होगी कि मुख्यमंत्री साय कब और कहां पहुंचेंगे.





## अब तक का सबसे बड़ा बुलडोजर एक्शन

**अहमदाबाद,20 मई।** गुजरात के अहमदाबाद के चंडोला तालाब क्षेत्र में आज से मेगा डिमोलिशन का दूसरा चरण शुरू हो चुका है। अहमदाबाद नगर निगम ने इस ऑपरेशन के लिए बड़े पैमाने पर तैयारी की है, जिसमें 50 से अधिक बुलडोजर और 3000 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। पहले चरण में 1.5 लाख वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त किया गया था, और अब इस चरण में 2.5 लाख वर्ग मीटर जमीन को साफ करने का लक्ष्य है। संयुक्त पुलिस आयुक्त (क्राइम) शरद सिंघल ने कहा कि आज से दूसरा चरण प्रारंभ हुआ है। सभी वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। मुझे उम्मीद है कि जनता भी हमें सहयोग दे रही है। यह काम बहुत शांति से पूर्ण हो रहा है। डीसीपी रवि मोहन सैनी ने कहा कि चंदोला क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर स्टेट रिजर्व पुलिस की 25 कंपनियां, 3000 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। इस क्षेत्र में सभी निर्माण अवैध हैं इसलिए उन्हें हटाया जा रहा है। पुलिस-प्रशासन की यह कार्रवाई चंडोला तालाब के आसपास अवैध बस्तियों को हटाने के लिए शुरू की गई है। यहां मुख्य रूप से अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के रहने की बात सामने आई थी। पुलिस कमिश्नर जी.एस. मलिक ने बताया कि सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 25 स्टेट रिजर्व पुलिस टीमें भी तैनात की गई हैं इसके पहले चरण में 4000 से अधिक अवैध घर को ध्वस्त किया गया था और अब बचे हुए अतिक्रमण को हटाने का काम तेजी से शुरू हो गया है। स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई का विरोध किया है, लेकिन गुजरात हाई कोर्ट ने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जरूरी बताते हुए रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

● **अहमदाबाद में 2.5 लाख वर्ग मीटर जमीन से अवैध घुसपैठियों के अतिक्रमण हटाने का ऑपरेशन शुरू**

## 22 दिन बाद फिर चला डोंगरगढ़ का रोप-वे

डोंगरगढ़,20 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़

24 अप्रैल को हुए रोपवे हादसे के 22 दिन बाद डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर का रोपवे एक बार फिर शुरू कर दिया गया है. तकनीकी सुधार और सुरक्षा जांच की औपचारिकताओं के बाद संचालन तो शुरू हो गया, लेकिन सबसे बड़ा सवाल अब भी हवा में झूल रहा है कि आखिर ट्रॉली पलटी क्यों? और गलती किसकी थी? हादसे के वक्त बीजेपी प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा समेत कई लोग ट्रॉली में सवार थे. जैसे ही ट्रॉली स्टेशन पहुंची, वह अचानक पलट गई. भरत वर्मा गंभीर रूप से घायल हुए और अब भी रायपुर के अस्पताल में उनका इलाज जारी है. घटना के बाद प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए रोपवे बंद करवा दिया, जांच के आदेश दिए, एफआईआर भी दर्ज हुई लेकिन 22 दिन बीत जाने के बाद भी कोई यह बताने को तैयार नहीं है कि हादसे की असली वजह क्या थी.मंदिर ट्रस्ट, रोपवे संचालक कंपनी और जिला प्रशासन सभी ने एक स्वर में कहा कि तकनीकी जांच हुई, सुधार किए गए और रोपवे अब सुरक्षित है. ट्रस्ट की मानें तो



एनआईटी रायपुर और दामोदर रोपवे कंपनी की टीम ने मिलकर जांच की और जिन बिंदुओं पर खामियां मिलीं, उन्हें ठीक कर दिया गया. लेकिन जब सवाल दोषियों पर आता है, तो जवाब में सिर्फ खामोशी मिलती है. पुलिस भी अब तक सिर्फ सीसीटीवी फुटेज देखने और कर्मचारियों के बयान लेने तक ही सीमित है. कोई चार्जशीट नहीं, कोई गिरफ्तारी नहीं. वहीं एसडीएम साहब का कहना है कि "रिपोर्ट ऊपर भेज दी गई है." यानि हादसे की जिम्मेदारी अब 'ऊपरवाले' के भरोसे छोड़ दी गई है. ऊपरवाले से मतलब प्रशासनिक 'ऊपर' है या भगवान, ये समझना जनता के जिम्मे है.22 दिन बाद भले ही रोपवे दोबारा शुरू हो गया हो, लेकिन जनता के मन में डर और सवाल दोनों अब भी जिंदा हैं. हादसे के बाद जो सुधार किए गए, वे तकनीकी होंगे मगर सिस्टम में जो सुस्ती और जिम्मेदारी से भागने की आदत है, उसमें सुधार कब होगा? बहरहाल डोंगरगढ़ का रोपवे तो फिर से चल पड़ा है पर क्या इंसाफ की ट्रॉली अब भी कहीं अटकी हुई है?

## ट्रेलर से टकराया कंटेनर ट्रक,चालक की दर्दनाक मौत

**रतनपुर,20 मई।** भरारी पावर ग्रिड के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में कंटेनर ट्रक चालक की मौत हो गई। यह हादसा तब हुआ जब एक ट्रेलर चालक ने कथित तौर पर लापरवाही पूर्वक बिना ब्रेक लाइट जलाए अचानक वाहन रोक दिया, जिससे पीछे से आ रहा कंटेनर ट्रक उसमें जा टकराया। मृतक चालक की पहचान सचिदानंद पिता इंद्रजीत प्रताप, निवासी किशुनपुरवा थाना कौन काचन, जिला सोनभद्र उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। वह रायपुर से पश्चिम बंगाल की ओर मुर्गी फार्म का सामान लेकर निकला था।

## ट्रक की चपेट में आने से एंबुलेंस के उड़े परखच्चे, चालक की मौत

**मुंगेली,20 मई।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। मुंगेली के शीतलकुंडा गांव के पास आज सुबह एंबुलेंस और ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एंबुलेंस के परखच्चे उड़ गए। हादसे में एंबुलेंस चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो डॉक्टरों समेत छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, एंबुलेंस उत्तरप्रदेश के प्रतापगढ़ से एक मरीज को लेकर रायपुर जा रही थी। वहीं, ट्रक रायगढ़ से छड़ लेकर भोपाल की ओर जा रहा था। शीतलकुंडा गांव के पास दोनों वाहनों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एंबुलेंस चालक जब्बार खान (निवासी प्रतापगढ़, उत्तरप्रदेश) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, एंबुलेंस में सवार दो डॉक्टरों, मरीज और उसके परिजनों समेत छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल मुंगेली में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी गिरिजा शंकर यादव ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस अब ट्रक चालक की पहचान और हादसे के कारण की जांच में जुटी हुई है।

● **2 डॉक्टर और मरीज समेत 6 गंभीर रूप से घायल**



## संभल में अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर एक्शन जारी

**लखनऊ,20 मई।** उत्तर प्रदेश के संभल शहर में बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के उद्देश्य से एक सक्रिय सौंदर्यीकरण पहल चल रही है। जिला प्रशासन ने मंगलवार को सड़क पर अतिक्रमण हटाने के लिए एक महत्वपूर्ण ध्वस्तीकरण अभियान चलाया, जो इस क्षेत्र से जुड़े प्रमुख ऐतिहासिक व्यक्तियों की प्रतिमाएँ स्थापित करने की एक व्यापक योजना का हिस्सा है। प्रशासन की योजना चंदौसी चौराहे पर महाराणा प्रताप की प्रतिमाएं तथा शंकर चौराहे और मनोकामना तिराहा पार्क में भगवान परशुराम और अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमाएं स्थापित करने की है। संभल नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी मणि भूषण तिवारी के अनुसार अतिक्रमण हटाकर यातायात की समस्या को दूर करने के साथ ही प्रमुख चौराहों को बेहतर बनाने के प्रयास चल रहे हैं। शाही जामा मस्जिद का सर्वेक्षण करने के लिए स्थानीय अदालत के आदेश के बाद संभल में तनाव बढ़ गया है, क्योंकि दावा किया जा रहा है कि यह उस जगह पर है जहाँ मूल रूप से भगवान विष्णु के अंतिम अवतार को समर्पित हरिहर मंदिर था। सर्वेक्षण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के कारण पुलिस के साथ झड़प हुई, जिसमें चार लोग मारे गए।

## इंडिया पूरे पाकिस्तान पर हमला कर सकता है : जनरल सुमेर

**नई दिल्ली,20 मई।** सेना वायु रक्षा महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल सुमेर इवान डी'कुन्हा ने भारत की सैन्य शक्ति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश में पाकिस्तान के पूरे अंदरूनी हिस्से में लक्ष्यों पर हमला करने की क्षमता है, उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' का हवाला दिया। लेफ्टिनेंट जनरल डी'कुन्हा ने कहा, "पूरा पाकिस्तान इसकी सीमा में है।" उन्होंने कहा कि भले ही पाकिस्तान अपने सेना मुख्यालय (जीएचक्यू) को रावलपिंडी से खैबर पख्तूनख्वा (केपीके) जैसे क्षेत्रों में स्थानांतरित कर दे, लेकिन उसे "एक गहरा गड्ढा खोजना होगा"। सेना अधिकारी ने कहा "भारत के पास पाकिस्तान से पूरी तरह निपटने के लिए पर्याप्त हथियार हैं। इसलिए, चाहे वह सबसे बड़ा हो या सबसे छोटा, चाहे वह कहीं भी हो, पूरा पाकिस्तान हमारी सीमा के भीतर है... जीएचक्यू (जनरल हेडक्वार्टर) रावलपिंडी से केपीके (खैबर पख्तूनख्वा) या जहां भी वे जाना चाहें, जा सकते हैं, लेकिन वे सभी हमारी सीमा के भीतर हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए सैन्य तनाव में, भारतीय सेना ने कई पाकिस्तानी हवाई ठिकानों को निशाना बनाया, खासकर सीमा पर। हालांकि, रक्षा मंत्री ने कहा कि इसका असर रावलपिंडी में भी महसूस किया गया, जहां पाकिस्तानी सेना का मुख्यालय स्थित है। इस ऑपरेशन की सफलता का श्रेय लंबी दूरी के ड्रोन और सटीक-निर्देशित युद्ध सामग्री सहित उन्नत स्वदेशी तकनीक के इस्तेमाल को दिया गया।

डी'कुन्हा ने कहा कि पाकिस्तान ने चार दिनों में पश्चिमी सीमा पर लगभग 800 से 1000 ड्रोन लॉन्च किए थे, और सेना, नौसेना और वायु सेना के समन्वित प्रयासों से हथियार ले जाने वाले सभी ड्रोन को सफलतापूर्वक रोका गया और नष्ट कर दिया गया।

## लीपा घाटी से भी पाक सेना का सफाया

**नई दिल्ली,20 मई।** ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने न सिर्फ आतंकियों बल्कि पाकिस्तानी सेना को भी इतने जख्म दिए कि उसे भरने में लंबा वक्त लगेगा। भारतीय सेना की चिनार कोर ने पीओके की लीपा घाटी में स्थित सैन्य ढांचे को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। सेना अधिकारियों का कहना है कि इस बुनियादी ढांचे को फिर से खड़ा करने में पाकिस्तान को 8 से 12 महीने का समय लग सकता है। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा ज़िले के अग्रिम क्षेत्र तंगधार स्थित नियंत्रण रेखा का दौरा करने पर देखा गया कि मई के दूसरे सप्ताह में ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय जवाबी कार्रवाई के बाद पीओके में पाकिस्तानी सैन्य ढांचा तबाह हो चुका है। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, "हमने कम से कम तीन पोस्ट, एक गोला-बारूद डिपो, ईंधन भंडारण सुविधा और तोपखाने जैसे कई ठिकानों को पूरी तरह नष्ट कर दिया। हमारी जवाबी कार्रवाई इतनी प्रभावशाली थी कि पाकिस्तान को इन सबको दोबारा तैयार करने में लंबा वक्त लगेगा।" एक अन्य अधिकारी ने बताया कि पाकिस्तान सेना ने भारी हथियारों के साथ-साथ हवाई साधनों का भी इस्तेमाल किया, लेकिन भारतीय एयर डिफेंस और 'आकाशदीप' रडार प्रणाली की वजह से वह कोई खास नुकसान नहीं पहुंचा पाए। भारतीय सेना ने केवल उन्हीं पाक ठिकानों को निशाना बनाया जहां ज्यादा से ज्यादा नुकसान पहुंचाया जा सकता था।

## हम भी इंसान हैं, जजों से भी गलतियां होती हैं : ओका

**नई दिल्ली,20 मई।** सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस अभय एस ओका ने कहा कि अदालत में निर्णय लेते समय भी त्रुटियाँ हो सकती हैं. उन्होंने यह स्वीकार किया कि जज भी मानव होते हैं और उनसे गलती होना स्वाभाविक है. जस्टिस ओका ने अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि जब वह बॉम्बे हाई कोर्ट में थे, तब भी उनसे एक घरेलू हिंसा के मामले में सही तथ्य को समझने में चूक हुई थी. उन्होंने यह भी कहा कि जजों के लिए निरंतर सीखने की प्रक्रिया जारी रहती है. जस्टिस ओका ने यह स्पष्ट किया कि सीआरपीसी की धारा 482 के तहत घरेलू हिंसा कानून की धारा 12(1) के अंतर्गत दायर याचिका को खारिज किया जा सकता है. हालांकि, यह कानून यह भी निर्धारित करता है कि कोई भी महिला भुगतान, मुआवजा या अन्य राहत के लिए मजिस्ट्रेट के पास जा सकती है. इस मामले में जस्टिस ओका और जस्टिस उज्जल भुयान की पीठ ने निर्णय सुनाया, जबकि जस्टिस ओका का दृष्टिकोण इस संदर्भ में भिन्न था. सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट किया है कि उच्च न्यायालय को घरेलू हिंसा के खिलाफ कानून के उद्देश्य को ध्यान में रखना चाहिए, जो महिलाओं को न्याय प्रदान करने के लिए बनाया गया है. ऐसे में, यदि धारा 482 के तहत किसी याचिका को खारिज करने का मामला आता है, तो उच्च न्यायालय को इसे गंभीरता से विचार करना चाहिए. जब तक यह स्पष्ट नहीं होता कि कानून का दुरुपयोग हो रहा है या मामला पूरी तरह से गलत है, तब तक ऐसी याचिकाओं को खारिज नहीं किया जाना चाहिए. जस्टिस ओका, जो बेंच की ओर से फैसले को लिख रहे थे, ने स्पष्ट किया कि इस निर्णय के साथ यह बताना आवश्यक है कि वे 27 अक्टूबर 2016 को बॉम्बे हाई कोर्ट के एक मामले में भी शामिल थे, जिसमें घरेलू हिंसा के कानून के सेक्शन 12 (1) के संदर्भ में सीआरपीसी की धारा 482 के तहत मुकदमा खारिज करने की प्रक्रिया को मान्यता नहीं दी गई थी. उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इस पर हाई कोर्ट की पूरी



बेंच की सहमति नहीं थी, इसलिए यह उनकी जिम्मेदारी थी कि वे अपनी पूर्व की गलती को सुधारें. जस्टिस ओका ने अपने निर्णय में सुधार करने की आवश्यकता महसूस की. उन्होंने स्पष्ट किया कि घरेलू हिंसा के मामलों में धारा 482 के तहत मुकदमा खारिज करने का प्रावधान नहीं होना कहना गलत था, क्योंकि इससे मामला केवल सिविल प्रकृति का प्रतीत होता था. हालांकि, परिस्थितियों के अनुसार धारा 482 के तहत निर्णय लिया जा सकता था, जो सुप्रीम कोर्ट के विचारों से भी भिन्न था. सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट किया था कि यह कानून महिलाओं को न्याय प्रदान करने के लिए है, जिससे हाई कोर्ट का निर्णय पूरी तरह से सही नहीं ठहरता था. इस कारण से, निर्णय में सुधार किया गया. जस्टिस ओका ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में देश की विभिन्न भाषाओं में हजारों न्यायिक निर्णयों का अनुवाद किया गया है. टीएमसी लॉ कॉलेज द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में पिछले 30 वर्षों से जिला अदालतों में मराठी भाषा का उपयोग किया जा रहा है. इसके साथ ही, जस्टिस ओका ने यह भी उल्लेख किया कि नई प्रौद्योगिकी ने कानूनी अध्ययन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन लाया है. आज की उपलब्ध सुविधाओं के कारण कानून का अध्ययन, शोध करना और इसके अर्थ को समझना पहले से कहीं अधिक सरल हो गया है. छात्रों को चाहिए कि वे इन संसाधनों का प्रभावी ढंग से उपयोग करें ताकि वे त्वरित निर्णय लेने की प्रक्रिया को समझ सकें.

## संक्षेप

### नशे में बेटे की बेरहमी से की पिटाई, तड़प-तड़पकर मासूम की हुई मौत

**धमतरी,20 मई।** जिले के आमदी गांव से एक दिल को झकझोर देने वाली खबर सामने आई है। यहां एक शराबी पिता ने अपने ही तीन साल के बेटे को मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद पुलिस ने पिता को गिरफ्तार कर लिया है। घटना दुगली थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, आरोपी का नाम संजय मरकाम है, जिसने नशे की हालत में अपने मासूम बेटे शौर्य मरकाम की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आईं। बताया जा रहा है कि बच्चा घायल अवस्था में तड़पता रहा, जिसे तत्काल नरहरपुर अस्पताल ले जाया गया। लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत के बाद गांव में मातम पसर गया है, हर आंख नम है और लोग इस घटना को लेकर स्तब्ध हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पिता संजय मरकाम को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी शराब के नशे में था और इसी दौरान उसने मासूम बेटे की बेरहमी से पिटाई कर दी। इस दर्दनाक घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि शराब की लत किस हद तक इंसान को अमानवीय बना सकती है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

### छगन भुजबल ने ली मंत्रीपद की शपथ

**मुंबई,20 मई।** एनसीपी के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल ने मुंबई में राजभवन में महायुति के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार में उन्होंने मंत्री पद की शपथ ली है। शपथ ग्रहण समारोह में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस और राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन भी मौजूद रहे। राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने छगन भुजबल को मंत्रिपद की शपथ दिलाई। महाराष्ट्र में महायुति सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया है। महाराष्ट्र में मंगलवार को मंत्रिमंडल विस्तार के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस मंत्रिमंडल विस्तार में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) अजित गुट के दिग्गज नेता छगल भुजबल ने मंत्री पद की शपथ ली है।

### वक्फ़ संशोधन क़ानून पर सुको में सुनवाई शुरू

**नई दिल्ली,20 मई।** वक्फ़ संशोधन कानून 2025 चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू हो गई है। कोर्ट याचिकाकर्ताओं की तरफ से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी पेश हो रहे हैं। तो वहीं सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पेश हो रहे हैं। बता दें कि, वक्फ संशोधन कानून को चुनौती देने सुप्रीम कोर्ट ने अनेको याचिकाएं दायर हुई हैं। इन याचिकाकर्ताओ की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल पैरवी कर रहे है। उनकी दलीलों पर जज सवाल भी कर रहे हैं। कोर्ट में चल रही सुनवाई के कुछ अंश इस प्रकार है – मामले की सुनवाई के दौरान कपिल सिब्बल ने कोर्ट में कहा कि, कहने को वक्फ़ संशोधन कानून 2025 वक्फ की सुरक्षा के उद्देश्य से लाया गया है लेकिन सच्चाई ये है कि यह वास्तव में यह गैर न्यायिक, कार्यकारी प्रक्रिया के माध्यम से वक्फ पर कब्जा करने के लिए बनाया गया है। निजी संपत्तियां केवल विवाद के कारण छीनी जा रही हैं, हम विवाद की प्रकृति नहीं जानते। विवाद को देखने के लिए कलेक्टर से ऊपर एक अधिकारी नियुक्त किया जाता है, और इस बीच संपत्ति छीन ली जाती है। इस पर कपिल सिब्बल ने कहा कि, सरकार अपनी प्रक्रिया खुद तय करती है, कोई भी विवाद पैदा कर सकता है। यह एक पहलू है।

## एक नजर

### नशे के सौदागर गिरफ्तार



**भिलाई, 20 मई।** भिलाई नशे के सौदागरों को हेरोइन (चिट्टा) के साथ गिरफ्तार किया गया है। जामुल थाना क्षेत्र के एक होटल के कमरे में पुलिस की जांच के दौरान दोनों आरोपी सपड़ में आए। इनसे 65 ग्राम हेरोइन (चिट्टा), इलेक्ट्रानिक तौल मशीन 2 मोबाइल फोन और एक कार टोयटा कार जप्त किया गया है। जप्त की गई हेरोइन और अन्य सामान की कुल कीमती 8 लाख रुपए आंकी गई है छावनी सीएसपी हरीश पाटिल कंट्रोल रूम में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में बताया कि जामुल पुलिस ने 18 मई को वैभव सोनी पिता हरिओम सोनी ( 24 वर्ष ) निवासी एचआईजी 2853 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भिलाई और शुभम सिंह पिता जितेन्द्र कुमार सिंह ( 25 वर्ष ) निवासी एमआईजी 1/989 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भिलाई को नशीले पदार्थ हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि जामुल थाना क्षेत्र में स्थित होटल, लॉज, ढाबा आदि में पुलिस द्वारा चेकिंग किया जा रहा था। ग्राम कुरूद स्थित होटल रुद्राक्ष के कमरा नंबर 106 की चेकिंग के दौरान कमरे में रूके दो युवक पुलिस को अचानक देखकर सकपकाते हुए गोल-मोल जवाब देने लगे और बार-बार अपने जेब को छूने लगे। इन दोनों संदेहियों से पूछताछ करने पर अपना नाम वैभव सोनी एवं शुभम सिंह निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भिलाई के रहने वाले बताये। आरोपियों की तलाशी लिया गया। आरोपी वैभव सोनी के जेब से 3 लाख 90 हजार रूपए कीमत की 65 ग्राम हेरोइन एवं इलेक्ट्रानिक छोटा तौल मशीन मिला। मादक पदार्थ के बारे में आरोपियों से पूछताछ करने पर हेरोईन (चिट्टा) बिक्री करने हेतु लाना स्वीकार किया। आरोपियों से 02 मोबाइल फोन एवं कार ग्रे कलर टोयटा कंपनी को जप्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 8, 21 ( सी ) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर आज 19 मई को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में जामुल टीआई राजेश मिश्रा, उप निरीक्षक सौमित्री भोई, सउनि महफूज खान, आरक्षक चेतमान गुरूंग, चन्द्रभान यादव, अतुल सिंह, महात्मा साहू, फराज खान का विशेष योगदान रहा।

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर छाटा में निकली तिरंगा यात्रा




**पाटन, 20 मई।** ग्राम पंचायत छाटा में ऑपरेशन सिंदूर के विजय उपलक्ष्य में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। यात्रा में ग्राम पंचायत के सरपंच उप सरपंच, सचिव, पंचगण एवं ग्रामवासी शामिल हुए। भारत माता की जय के साथ मिशन सिन्दूर की सफलता और वीर जवानों के शौर्य और पराक्रम की शान में छत्तीसगढ़ के ग्राम पंचायत छाटा के सरपंच उप सरपंच पंच गण जनपद पंचायत सचिव रोजगार सहायक और गांव के नागरिक भी शामिल रहे। गांव के प्रमुख कमलेश चेलक, सरपंच वीरेंद्र उमा चेलक उप सरपंच, दुलेशवर मानकुर जनपद सदस्य पंचायत सचिव राहुल कुमार साहू रोजगार सचिव राजेंद कुमार, ओम नायक कम्प्यूटर आपरेटर कामता चंदेल नल आपरेटर पंचगण जमुना यादव, आरती साहू, तिरिथ साहू, कल्याणी वर्मा, रजनी साहू, महेश कुमार साहू, कल्पना यादव, संतोष यादव, अल्पा रुपेश चेलक, परमा चंदेल, मनोज कुमार वर्मा, धर्मिन चेलक, प्रभाकर टंडन, सरोज वर्मा, मंजू चेलक, नीता पटेल आगनबाड़ी कार्यकर्त्ता शंकर रात्रे, संजय वर्मा राजबहोर पांडे, बीमला बाई साहू रोशन वर्मा, पंचराम लोहार आदि ग्रामवासी शामिल रहे।

### जामुल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ लोगों ने उठाया



**जामुल,20 मई।** तर्पण मुक्तिधाम पर्यावरण सेवा संरक्षण परिषद व अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन वाय डी सी के संयुक्त तत्वाधान में आरोग्य वेद संस्थान के डॉ प्रेम लाल पटेल व उनकी टीम द्वारा रावण भाठा सांस्कृतिक भवन जामुल में नस व हड्डी रोग से सम्बंधित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में रेखराम बंछोर जिला उपाध्यक्ष भिलाई भाजपा, अध्यक्षता प्रशांत बंटी गुप्ता अध्यक्ष जामुल मण्डल, नूतन वर्मा जामुल मण्डल महामंत्री, सुनीता चन्नेवार उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद जामुल स्थानीय पार्षद सीमा यादव, पार्षद प्रतिनिधि लेखराम साहू, सांसद प्रतिनिधि हलधर साहू युवा मोर्चा अध्यक्ष सोनू यादव, योगिता साहू उपस्थित रहे. सर्वप्रथम सभी अतिथियों ने माँ भारती के तेल चित्र पर पुष्प माला अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित कर स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया और संगठन के महासचिव दिवंगत संतोष दास को मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। तत्पश्चात् डॉ.प्रेमलाल पटेल, संजय देवांगन व उनकी टीम द्वारा अतिथियों को पुष्पहार व पौधा भेंट कर सम्मान किया गया। सांगठन की ओर से डॉ साहब व टीम को एक स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। जिसमें रीढ़ की हड्डी की चोट, गर्दन, पीठ, कमर दर्द, नए पुराने फरेक्चर, सूजन, साईटीका, स्लीप डिस्क, फ्रॉजन सोल्डर, घुटने एड़ी का दर्द, लकवा, ऑपरेशन के बाद की समस्या, हाथ पैर मे झुंझुनी, नसों का चिपकना, वात रोग, अनिद्रा, मधुमेह, ब्लड प्रेशर इत्यादि रोगों का परीक्षण कर जरूरतमंद मरीजों को थैरेपी ट्रीटमेंट कर परामर्श दिया गया. कर्यक्रम सांगठन के पदाधिकारी व सदस्यगण डॉ सुखराम साहू, भानु प्रसाद साहू, मुरली साहू, हेमराम साहू, धर्मेंद्र वर्मा, ओमप्रकाश साहू, रजत मुखर्जी, कैलाश निर्मल, ओमप्रकाश जूनियर, संतोष चौरसिया, सुनील गायकवाड़, कुलेश्वर वर्मा आदि व सैकड़ो की संख्या मे मरीज उपस्थित रहे और स्वस्थ लाभ लिए।

# घर-घर रेन वाटर हार्वेस्टिंग करवाने के लिए नगर निगम चलाएगा अभियान



**भिलाईनगर,20 मई।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र में भूमि का जलस्तर बढ़ने के लिए नगर निगम भिलाई द्वारा रेनवाटर हार्वेस्टिंग लगवाने के लिए अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए जो मकान बना रहे हैं, उन्हें रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगवाना अनिवार्य होगा। नियमानुसार जो व्यक्ति मकान बनाने के लिए बिल्डिंग परमिशन भवन अनुज्ञा लेता है, उससे एफ.डी.आर के रूप में राशि निगम कोष में जमा करना पड़ता है। जब वह व्यक्ति भवन पूर्णता प्रमाण पत्र लेता है तो उसे अपने घर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगवाना अनिवार्य रहता है निगम के अधिकारी जाकर निरीक्षण करते है, उसके उपरांत ही उसे भवन पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है।

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय को सामाजिक संस्थाओं के लोगो ने बताया कि शुरू में भवन पूर्णता प्रमाण पत्र लेते समय रेन वाटर हार्वेस्टिंग लोगो द्वारा करवा लिया जाता है। जिसका फोटो निगम में जमा कर देते है, बाद में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को स्लैब डालकर बंद कर दिया जाता है। जबकि नियम यह है कि छत का पूरा पानी रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के अंदर जाना चाहिए, अतिरिक्त पानी ही बाहर निकलना चाहिए। नागरिक इसके प्रति संवेदनशील नहीं है। आयुक्त पाण्डेय ने भवन अनुज्ञा अधिकारी अरविंद शर्मा को निर्देशित किए हैं भवन पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान करने से पहले प्रत्येक घर का रेनवाटर हार्वेस्टिंग अच्छे से चेक किया जाए। कोई लापरवाही इसमें नहीं चलेगी अगर कोई व्यक्ति सिस्टमैटिक रेन वाटर हार्वेस्टिंग नहीं बनवा पा रहा है। तो उसके जमा एफ.डी.आर से निगम भिलाई द्वारा नियमानुसार रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाकर दिया जावे, इसके लिए बराबर सर्वे किया जाए। सभी भवन स्वामी जिन्होंने रेनवाटर हार्वेस्टिंग हेतु राशि जमा कर निगम से भवन अनुज्ञा प्राप्त की है। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा सूचित किया जाता है कि 15 दिवस के भीतर रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम घर पर नहीं करवाया गया तो उनके एफ.डी.आर. की राशि जप्त कर लिया जाएगा। उसी राशि से उनके घर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाकर दिया जावेगा। इसके लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग करने वाली एजेंसी से संपर्क किया जा रहा है, जो गुणवत्तापूर्वक रेन वाटर हार्वेस्टिम सिस्टम को लगाने की योग्यता रखता हो।शासन का निर्देश है सभी शासकीय भवनों, कार्यालय एवं अन्य जगहों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अवश्य लगाया जाए और उसका बराबर देखरेख की जाए।

ठीक ढंग से काम कर रहा है कि नहीं निगम के जोन की टीम अपने-अपने वार्डों में जाकर इसकी जांच करेगी और आवश्यकता अनुसार कार्रवाई करेगी। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग धरती के जलस्तर को बढ़ाने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग अवश्य लगाएं अपने घरों में। यह हम सबके लिए एवं आने वाली पीढ़ी के लिए बहुत ही आवश्यक है, पानी को बचाने के लिए।

# रिसाली में 4 करोड़ के विकास कार्य को विधायक ने जनता को किया समर्पित



**रिसाली , 20 मई।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने रिसाली निगम क्षेत्र में तीन करोड़ सत्यासी लाख बैसठ हजार का भूमिपूजन किया। उन्होंने लोकार्पण और भूमिपूजन कर विकास कार्य को जनता को समर्पित किया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ने महापौर शशि सिन्हा की उपस्थिति में कहा कि उनके लिए जनता सर्वपरि है। दुर्ग ग्रामीण विधायक और केन्द्रीय मंत्री दर्जा प्राप्त ललित चंद्राकर ने कहा कि विकास एक निरंतर प्रक्रिया है। विकास कार्य के लिए हमेशा वे नागरिकों के साथ खड़े हैं। उन्होंने संबोधन में कहा कि प्रदेश की विष्णू सरकार ने जो वादा किया उसे निभाया है। जो कार्य करने का वादा किया था उसे आज मूर्त रूप देने भूमिपूजन कर रहे हैं। दुर्ग ग्रामीण विधायक ने 5 घंटे से भी अधिक समय तक नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र के अलग-अलग वार्डों में भूमिपूजन व लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर महापौर शशि सिन्हा ने भी विधायक के प्रयासों की सराहना कर उन्हें साधुवाद दी। कार्यक्रम को सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू ने भी संबोधित कि। अतिथि के रूप में एमआईसी सनीर साहू, डॉ. सीमा साहू, ममता यादव, पार्षद हरीशचंद्र नायक, खिलेन्द्र चंद्राकर, ममता सिन्हा, गजेन्द्री कोठारी, टिकम साहू, मण्डल अध्यक्ष राजू जंघेल, अनुपम साहू, आदि उपस्थित थे। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने रविवार को नेवई-पाटन मुख्य मार्ग में ट्यूबलर पोल लगाने भूमिपूजन किया। अम्बेडकर स्कूल से रिसाली निगम की शरहद तक कुल 185 डिजाइनर पोल लगाकर सड़क के दोनो दिशाओं में रोशन किया जाएगा। विधायक ने जनसभा में कहा कि इस कार्य से सड़क दुर्घटना में कमी आएगी। उन्होंने उचित प्रकाश व्यवस्था का कार्य कर जनता को समर्पित किया है। जोरातराई के कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने उन श्रमवीरों का सम्मान किया।

## जमीन,सोने का सिक्का,टूर के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई,20 मई।** डिजायर ताज वेकेशन के नाम पर सूर्या ट्रेजर आईलैंड मॉल में दफ्तर संचालित कर जमीन, सोने का सिक्का और गोवा टूर के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले शातिर ठग को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पिंटू रमेश सोनेकर ( 34 वर्ष ) नागपुर महाराष्ट्र का रहने वाला है। इसने अलग अलग लोगों से लगभग 70 लाख रुपए की धोखाधड़ी की है। इसके खिलाफ बिलासपुर में भी इस तरह का दो प्रकरण दर्ज है छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने आज एक पत्रकार वार्ता में बताया कि प्रार्थीया श्रीमती सुषमा सिंह पति विरेन्द्र सिंह निवासी पुरानी भिलाई थाना पुरानी भिलाई जिला दुर्ग ने सूचना दिया कि वर्ष 2022 में एक डिजायर ताज वेकेशन के नाम से सूर्या ट्रेजर आईलेंड मॉल में आफिस खोला गया था। जहां पर डिजायर ताज वेकेशन के डायरेक्टर पिंटू सोनेकर के द्वारा 10 साल की मेम्बरशीप लेने पर 1000 वर्गफीट जमीन, सोने का सिक्का एवं टूर एण्ड ट्रेवल्र्स में फ्लाईट से गोवा ट्रिप में रहने खाने पीने का खर्च कंपनी के द्वारा दिये जाने का लोक लुभावन स्कीम बताकर लोगों को अपने झांसा में लिया गया था?। जिसके झांसा में आकर प्रार्थीया सुषमा सिंह, श्रीमती उषा देवी, संजना देवांगन, पंकज दिल्लीवार, श्रीमती एकता बंजारे, के. प्रियंका, ची. नागेश्वर, शंशाक सार्वा, एस. कल्याणी, श्रीमती गंगा बाई एवं अन्य लोगों से करीबन 70 लाख रुपए प्राप्त कर धोखाधड़ी किया गया है। तत्संबंध में थाना सुपेला चौकी स्मृति नगर में धारा 420,34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# सीएम साय की उपस्थिति में 1 जून को भोंगापाल में बौद्ध महोत्सव का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 20 मई।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मौजूदगी में आगामी 1 जून 2025 को बस्तर संभाग के कोंडागांव नारायणपुर जिले अंतर्गत आने वाले भोंगापाल में राज्य स्तरीय बौद्ध महोत्सव का गरिमामय आयोजन किया जायेगा। छत्तीसगढ़ के बस्तर में युद्ध नहीं बुद्ध की शांति के ऐतिहासिक, पुरातात्विक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को दृष्टिगत रखते हुए बौद्ध महोत्सव के इस राज्य स्तरीय आयोजन में भोंगापाल और इसके आसपास के विशाल चिन्हांकित परिक्षेत्र में अद्भुत, अद्वितीय और अनुपम बौद्ध शांति पार्क निर्माण करने की भी पहल की जाएगी। ज्ञात हो कि इस संदर्भ में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम की उपस्थिति में गत दिनों रायपुर में डॉ.अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारियों के



साथ महत्वपूर्ण बैठक भी हुई। मुख्यमंत्री द्वारा भोंगापाल बौद्ध महोत्सव में शामिल होने की मिली सहमति के पश्चात आगामी 1 जून 2025 को भोंगापाल में यह आयोजन गरिमापूर्ण ढंग से आयोजित करने अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी के प्रबंधकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक हुई। उक्त जानकारी देते हुए डॉ अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी के उपाध्यक्ष सुनील रामटेके ने दी। श्री रामटेके ने आगे बताया कि बैठक में यह निर्णय लिया गया कि भोंगापाल बौद्ध महोत्सव के आयोजन में अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी द्वारा शासन प्रशासन को हर संभव सहयोग प्रदान किया जायेगा। ए.डब्लू.एस. प्रबंधकारिणी की हुई बैठक में लिए गए फैसले के अनुरूप भोंगापाल बौद्ध महोत्सव के आयोजन की रूपरेखा और कार्ययोजना पर भी गंभीरता से विचार किया गया। बताया गया कि इस महत्वपूर्ण आयोजन में छत्तीसगढ़ राज्य के प्रत्येक संभाग और जिलों के सभी समाज के लोगों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जा रही है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और सर्व समाज के लोगों और संगठनों के समन्वय से आयोजित किए जाने वाले इस राज्य स्तरीय बौद्ध महोत्सव हेतु व्यापक तैयारियां की जा रही है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य में महासमुंद जिले के सिरपुर में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध स्थल अपनी पूरी ऐतिहासिकता और समृद्ध पुरातात्विक विरासत के साथ मौजूद है। इसी प्रकार बस्तर अंचल में पुरातात्विक ऐतिहासिक महत्व का स्थल कोंडागांव जिले के भोंगापाल और इसके आसपास भी प्रचुरता के साथ है। यहां बौद्ध कालीन अनेक मूर्तियां और अवशेष क्षेत्र में बिखरे हुए हैं। इसे संरक्षित और संवर्धित करने के लिए तथा श्रेष्ठ श्रेणी का पुरातत्व स्थल घोषित करने के लिए अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी द्वारा केंद्रीय पुरातत्व विभाग सहित छत्तीसगढ़ शासन व पुरातत्व विभाग को प्रस्ताव भेजे जाने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में डॉ अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष दिलीप वासनिकर,रायपुर संभाग के कमिश्नर महादेव कावरे और उपाध्यक्ष सुनील रामटेके , कमल नारायण कांडे की मौजूदगी में हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में डॉ. कृष्णमूर्ति कांबले, अनिल खोबरागड़े , संजय बागड़े , अशोक धवले, कमलेश बंसोड़, संजीव खुदशाह के साथ अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

## समाधान शिविर में गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार, कुपोषित बच्चों को सुपोषित आहार किट एवं बालिकाओं को सेनेटरी पैड वितरित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाईनगर।** समाधान शिविर राम जानकी मंदिर वार्ड क्रमांक 30 में आयोजित किया गया, जिसमें वार्ड के नागरिक उपस्थित हुए। नागरिकों ने पूर्व में सुशासन समाधान शिविर में आवेदन किए थे। उस आवेदन पर क्या कार्रवाई हुई इसकी जानकारी के लिए अच्छा उत्साह था। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन समाधान शिविर में पहुंचकर 8 गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार, 12 कुपोषित बच्चों को सुपोषित किट एवं 22 बालिकाओं को सेनेटरी पैड वितरण किए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बालिकाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई कि साफ-सफाई कैसे रखे, स्वास्थ्य के अनुसार कब-कब क्या-क्या भोजन करना चाहिए। भोजन करते समय क्या-क्या सावधानियां रखनी चाहिए। उम्र के अनुसार दिनचर्या के बारे में आदि जानकारी दी गई। शिविर के दौरान मांग एवं शिकायत से संबंधित 145



आवेदनों का निराकरण करने जोन आयुक्त सतीश यादव ने सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किए हैं कि प्राप्त आवेदन को वर्गीकृत करके सभी विभाग शीघ्रता से निपटान करेगें।आगामी सुशासन तिहार 2025 शिविर दिनांक 23.05.2025 दिन शुक्रवार को जोन 03 मदर टेरेसा नगर वार्ड क्रं. 37 शीतला मंदिर डोम शेड में रखा गया है। इसमें सम्मिलित वार्ड 35 शारदा पारा, वार्डद्द 36 श्याम नगर, वार्ड 37 संत रविदास नगर, वार्ड 52 सेक्टर 03, वार्ड 53 सेक्टर 01 उत्तर, वार्ड 54 सेक्टर 01 दक्षिण, वार्ड 55 सेक्टर 02 पूर्व, वार्ड 56 सेक्टर 02 पश्चिम। दिनांक 26.05.2025 दिन मंगलवार को वार्ड क्रं. 42 डोम शेड पोस्ट आफिस ग्राउण्ड में शिविर आयोजित है। इसमें सम्मिलित वार्ड 38 सोनिया गांधी नगर, वार्ड 39 चंद्रशेखर आजाद नगर, वार्ड 40 शहीद चुम्मन यादव नगर, वार्ड 41 इण्डस्ट्रीयल एरिया छावनी, वार्ड 42 गौतम नगर, वार्ड 43 बापू नगर, वार्ड 51 शहीद वीर नारायण सिंह नगर में रखा गया है। जहां वार्ड के नागरिक शिविर स्थल पर निर्धारित समय सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे के अंदर जाकर अपने समस्या की पुरी जानकारी प्राप्त कर सकते है। शिविर में जोन अध्यक्ष जालंधर सिंह, वार्ड पार्षद महेश वर्मा, संतोष मोर्या, सत्या देवी जयसवाल, भोला साहू, पीयूष मिश्रा, धर्मेंद्र, लक्ष्मी दिवाकर, शैलजा राजू, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, स्थानीय जनप्रतिनिधि त्रिलोचन सिंह, विजय सिंह, मंडल अध्यक्ष अरुण सिंह, रमेश चौधरी, राजकुमार जायसवाल, रामानुज प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

### एक राष्ट्र - एक चुनाव विषय पर भिलाई में सेमीनार का आयोजन

**भिलाईनगर।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की दूरदर्शी सोच एक राष्ट्र एक चुनाव को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भिलाई में एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 20 मई 2025, मंगलवार को दोपहर 4 बजे एसएनजी विद्यालय ऑडिटोरियम, सेक्टर-4 भिलाई में आयोजित होगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष श्री प्रेमप्रकाश पांडेय उपस्थित रहेंगे। सेमिनार में वक्ताओं द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव विषय की संवैधानिक और लोकतांत्रिक व्याख्या प्रस्तुत की जाएगी।

# गतका खेल को प्रोत्साहन देने में इंद्रजीत सिंह निभा रहे अहम भूमिका

**भिलाई, 20 मई।** न्यू गतका स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा 18 मई को गुरुनानक स्कूल, सेक्टर-6 में छत्तीसगढ़ गतका टीम के लिए चयन ट्रायल का आयोजन किया गया। इस ट्रायल में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लगभग 130 बालक-बालिका खिलाड़ियों ने 14, 17, 19, 22, 25 आयु वर्ग में हिस्सा लिया। एसोसिएशन के टेक्निकल हेड अमन सिंघ और मुख्य कोच पृथ्वीपाल सिंघ के नेतृत्व में खिलाड़ियों के प्रदर्शन और अनुशासन के आधार पर प्रत्येक वर्ग में 10-10 खिलाड़ियों की टीम बनाई गई। कुल 65 खिलाड़ियों का चयन हुआ, जिनकी घोषणा एसोसिएशन की उपाध्यक्ष कल्पना स्वामी द्वारा की गई। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष इंदरजीत सिंघ ने चयनित सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने बताया कि सभी चयनित खिलाड़ियों को एसोसिएशन की ओर से



ट्रैकसूट निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि के खिलाड़ियों को नेशनल प्रतियोगिता के लिए रेल यात्रा का खर्च भी एसोसिएशन द्वारा वहन किया जाएगा। इंदरजीत सिंघ छोटू ने यह भी घोषणा की कि 12, 13, 14 जून को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित होने वाली नेशनल गतका चैंपियनशिप में गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज पदक विजेताओं को क्रमशः ?20, 000, ?15, 000 और ?10, 000 का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ी को एक वर्ष की शैक्षणिक फीस स्कॉलरशिप के रूप में दी जाएगी। उन्होंने गुरुनानक स्कूल प्रबंधन का सहयोग हेतु आभार जताया और कहा कि एसोसिएशन का उद्देश्य इस ऐतिहासिक खेल को छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में पहचान दिलाना है। गतका न केवल आत्मरक्षा का माध्यम है, बल्कि यह मानसिक और आत्मिक मजबूती भी प्रदान करता है। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष इंदरजीत सिंघ छोटू, कोषाध्यक्ष मलकीत सिंघ, महासचिव जसवन्त सिंघ खालसा, कल्पना स्वामी, छत्तीसगढ़ सिक्ख पंचायत के वाइस चैयरमेन पलविंदर सिंह रंधावा, सिक्ख यूथ फोरम के अध्यक्ष सुच्चा सिंघ, एसोसिएशन के रामदास सिंघ, अमन सिंघ, पृथ्वीपाल सिंह, राजवीर सिंह, धमतरी एसोसिएशन के वेदराम साहू, गेंदराम, संध्या शर्मा, दीपांकर मिर्जा, सभी जिलों के पदाधिकारी और दर्शकगण उपस्थित रहे।

### बीएसपी पहुंचे निदेशक मनीष राज ने विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की

**भिलाई, 20 मई।** भिलाई प्रवास पर आए निदेशक (तकनीकी, परियोजनाएं एवं कच्चा माल) एवं अतिरिक्त प्रभार निदेशक प्रभारी मनीष राज गुप्ता ने भिलाई इस्पात संयंत्र का भ्रमण किया और संयंत्र के उत्पादन, परियोजनाओं, तकनीकी-आर्थिक प्रदर्शन, मानव संसाधन और सुरक्षा संबंधी विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। दौरे की शुरुआत इस्पात भवन में आयोजित एक उच्चस्तरीय प्रस्तुति एवं समीक्षा बैठक से हुई, जिसमें संयंत्र के कार्यपालक निदेशक और मुख्य महाप्रबंधकों ने भाग लिया। इस दौरान महाप्रबंधक लर्निंग एंड डेवलपमेंट गतिविधियों, सुरक्षा एवं मानव संसाधन विषयों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया।

# सूर्यकुंड में लगे सुशासन समाधान शिविर में 228 मांग और शिकायतें हुईं प्राप्त

**भिलाई, 20 मई।** सुशासन समाधान शिविर 2025 में प्राप्त आवेदनों का निराकरण त्वरित रूप किया गया। शिकायत मिली थी कि घासीदास नगर सड़क नंबर 3 में नाली के ऊपर अतिक्रमण कर लिया गया है जिससे नाली जाम हो जाने से परेशानी हो रही है। पानी सड़क पर बह रहा है। प्रभारी अधिकारी मौके पर देखे तो शिकायत सही थी, तुरंत जेसीबी से अतिक्रमण को खाली करवाया गया। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने समाधान शिविर में पहुंचकर इस बात की तारीफ की। उनका कहना था कि शासन द्वारा सुशासन समाधान शिविर इसीलिए चलाया जा रहा है कि जिन समस्याओं का निराकरण तुरंत किया जा सके उसे तुरंत करना है। समाधान शिविर का उद्देश्य ही है कि त्वरित निराकरण किया जाए। जो भी मांग एवं शिकायत के 228 नए आवेदन के आए हैं। उसको छांट करके शीघ्रता पूर्वक उसे पर कार्रवाई की जाए, जो मांग है निगम द्वारा निराकरण हो सकता तो करें, नहीं तो शासन को प्रपोज बना कर भेजें। जो भी आवश्यक मांग होगी शासन उसे पूरा करेगा। सभी विभाग के काउंटर पर जाकर के उन्होंने निरीक्षण किया। प्रत्येक व्यक्ति से जानकारी प्राप्त कर रहे थे। आठ गर्भवती महिलाओं को गोद भराई किया गया एवं पांच कुपोषित बच्चों को पोषण आहार किट प्रदान किया गया। गोद भराई के दौरान जवाहर नगर निवासी राधिका राहुल टंडन ने कहा यह मेरे जीवन का बहुत सुखद अवसर है जब इतने सारे लोग मिलकर के हमें शुभकामना दे रहे हैं।

## गारगीशंकर मिश्रा फिर बने भिलाई चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष

**भिलाई, 20 मई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने भिलाई के प्रसिद्ध व्यापारी गारगीशंकर मिश्रा को उनके पिछले कार्य काल में व्यापारियों के हित में बेहतरीन कार्य करने की उपलब्धि मानते हुए उन्हें फिर से छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई के पुनः अध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने घोषणा करते हुए कहा कि गारगी शंकर मिश्रा ने पिछले कार्यकाल में भिलाई चेम्बर को जो उपलब्धि दिलाई है वो अविस्मरणीय है। शासन प्रशासन से समन्वय की बात हो या व्यापारियों की समस्या सुलझाने की बात हो उस कार्य से आज सभी व्यापारी वर्ग संतुष्ट है। इनके



सफल कार्यकाल को देखते हुए पुनः भिलाई चेम्बर अध्यक्ष नियुक्त किया जाता है। गारगी शंकर मिश्रा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भिलाई चेम्बर का दायित्व जिस विश्वास से सौपा जा रहा है पूरी निष्ठा से समर्पित होकर करूँगा। महामंत्री अजय भसीन ने गारगी शंकर मिश्रा को पुनः अध्यक्ष बनाये जाने पर बधाई देते हुए एक सार्थक निर्णय बताया। गारगी शंकर मिश्रा को अध्यक्ष बनाये जाने पर कुम्हारी जोन से ईश्वर बंसल, विशाल राठौड़, अनुज गुप्ता, रामाधार शर्मा, चरोदा से नरेंद्र मखीजा, भिलाई 3 शमन लाल नथानी, अनिल जेठानी, कमलेश, खुर्सीपार से नवीन, पवन अग्रवाल, विकास पांचाल, जवाहर मार्केट से मनोहर कृष्णानी, ओमप्रकाश शर्मा, नरेश छाबरा, रितेश अग्रवाल, शिवराज शर्मा, अखराज ओस्तवाल, भूषण अदलखा, प्रेम गहलोत, पवन जिंदल, चौहान स्टेट से राम ओबेरॉय, आशीष हमदेव, राजकुमार जायसवाल, सुपेला से राकेश मल्होत्रा, विनय सिंह, दर्शन खटवानी, विनोद प्रसाद, राहुल चेलानी, रॉकी अग्रवाल एवं टाउनशिप क्षेत्र से नरेश वासवानी, उत्तम चंद जैन व अनेक व्यापारियों ने बधाई और शुभकामनाएं दी

## एक नजर

### शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने 108 आदिवासी बाहुल्य गांवों में लगेंगे शिविर

**धमतरी, 20 मई।** धमतरी जिले के आदिवासी बाहुल्य इलाकों में सड़क, बिजली, पानी, पढ़ाई-लिखाई और इलाज की बेहतर सुविधाओं जैसे मूलभूत जरूरतों को विकसित करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान शुरू किया गया है। धमतरी जिले के 97 ग्राम पंचायतों के 108 आदिवासी बाहुल्य गांवां को इस अभियान में शामिल किया गया है। इन गांवों में शासन की विभिन्न योजनाओं से शत्-प्रतिशत लोगों को लाभान्वित करने के लिए 15 जून से 30 जून तक धरती आबा संतृप्तिकरण शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविर में ग्रामीणों को 17 विभागों की 25 योजनाओं से यथासंभव मौके पर ही लाभान्वित किया जाएगा। इन शिविरों में ग्रामीणों के जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र बनाने के साथ-साथ उन्हें राजस्व विभाग की अन्य दूसरी सेवाओं से भी लाभान्वित किया जाएगा। शिविरों में राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड, बीमा कार्ड, श्रम कार्ड, श्रम पंजीयन आदि भी किया जाएगा। खेती-किसानी, पशुपालन, मुर्गीपालन, सुअर पालन, मछलीपालन, डेयरी गतिविधियों के इच्छुक ग्रामीणों को इन योजनाओं का फायदा पहुंचाया जाएगा। इन 1058 गांवां में सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन के प्रकरण तैयार किए जाएंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों का पंजीयन किया जाएगा।

### स्वरोजगार के लिए आवेदन तैयार करने जिले में लगेंगे शिविर

**धमतरी, 20 मई।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए स्वरोजगार स्थापित करने ऋण दिया जाएगा। कार्यपालन अधिकारी, जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति ने बताया कि इसके लिए आवेदन तैयार करने जिले में शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि नगरी विकासखण्ड के अनुसूचित जनजाति (कमार) बाहुल्य ग्राम पंचायत कल्लेमेटा में 4 जून बुधवार को शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी तरह धमतरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत दोनर में 12 जून, गुरूवार और ग्राम पंचायत डाही में 25 जून, बुधवार को शिविर आयोजित किए जाएंगे। कार्यपालन अधिकारी ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के स्वरोजगार के इच्छुक आवेदकों को राशन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की दो-दो फोटोकॉपी और 3 पासपोर्ट साईज के फोटो के साथ शिविर में उपस्थित होने कहा है। इसके साथ ही शिविर में आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने के लिए संबंधित सरपंच और पटवारी को भी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने कहा, जिससे आवेदकों का आवेदन पत्र सरलता से शिविर स्थल में ही तैयार किया जा सके।

### युक्तियुक्तकरण के बाद नए आंगनबाड़ी केन्द्रों में होगी कार्यकर्ता की भर्ती

**धमतरी, 20 मई।** एकीकृत बाल विकास परियोजना मगरलोड के तहत युक्तियुक्तकरण के बाद नवीन आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ता की भर्ती की जाएगी। परियोजना अधिकारी ने बताया कि ग्राम बोरसी के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 03, ग्राम पाहंदा और शुक्लाभांठा के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 02 तथा ग्राम करेली बड़ी के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 08 में कार्यकर्ताओं की भर्ती के लिए आगामी 2 जून तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके लिए बारहवीं अथवा ग्याहरवीं बोर्ड (पूर्ववर्ती) उत्तीर्ण और 18 से 44 साल तक की आयु की उसी गांव की निवासी आवेदन कर सकतीं हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद केवल महिलाओं के लिए ही होंगे। आवेदन सीधे अथवा पंजीकृत डाक से परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना, मगरलोड में जमा किया जा सकता है।

### रजिस्ट्री के नये नियमों से फर्जीवाड़े पर लगेगा अंकुश, रिकॉर्ड भी तत्काल अपडेट होगा

**धमतरी, 20 मई।** राज्य सरकार द्वारा रजिस्ट्री के नये नियमों और सम्पत्तियों के पंजीयन मे शुरू किए गए 10 क्रांतिकारी परिवर्तनों पर आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में खुद राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने नयी सुविधाओं और तकनीकों के बारे में जानकारी दी। राजस्व मंत्री ने कहा कि जमीनां की रजिस्ट्री के लिए नये नियम समय की जरूरत के हिसाब से आमजनों की सुविधा के लिए बनाए गए हैं। रजिस्ट्री के नये नियमों से फर्जीवाड़े में रोक लगेगी। बंधक जमीनें नहीं बिक पाएंगी और कोई भी दूसरा आदमी किसी और की जगह पर खड़े होकर जमीनों की रजिस्ट्री नहीं करा सकेगा। राजस्व मंत्री ने कहा कि पंजीयन विभाग में नयी सुविधाओं के लिए तकनीक का उपयोग कर लोगों को स्वयं रजिस्ट्री ऑफिस जाकर बायोमेट्रिक्स के द्वारा आधार सत्यापन कराना होगा। उन्होंने बताया कि नयी सुविधाओं में जमीन के रिकॉर्ड को आधार कार्ड से जोड़ने का भी काम किया जा रहा है।

# सीएम के कड़े तेवर: लापरवाह अधिकारियों पर गिरी गाज

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने समीक्षा बैठक में मुंगेली और जीपीएम जिले में कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए



**रायपुर, 20 मई।** मुख्यमंत्री ने मुंगेली जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता आर.के. मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि मनियारी जलाशय और पथरिया जलाशय जैसी महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाएं वर्षों से अधूरी पड़ी हैं, जो लापरवाही का स्पष्ट प्रमाण हैं। मुख्यमंत्री साय ने गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के जिला शिक्षा अधिकारी जगदीश कुमार शास्त्री को पद से हटाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बोर्ड परीक्षा में जिले का अत्यंत खराब प्रदर्शन जिले में शिक्षा व्यवस्था की गंभीर खामी को दर्शाता है और ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री साय के इस तीखे रुख से स्पष्ट है कि सरकारी कार्यों में शिथिलता और जवाबदेही से बचने का युग समाप्त हो चुका है। मुख्यमंत्री ने आज मुंगेली कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, बिलासपुर और मुंगेली जिले में योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा के दौरान कार्रवाई के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि सुशासन का आशय अच्छा शासन होता है। जिस विश्वास के साथ जनता ने हमें शासन में बिठाया है, उस विश्वास को और मजबूत करना है। सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों के निराकरण में अधिकारियों ने अच्छा काम किया है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे अधिक से अधिक ग्रामीण इलाकों का दौरा करें। इससे मैदानी जानकारी मिलने के साथ-साथ प्रशासनिक कसावट भी आती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गर्मी का मौसम चरम पर है। पेयजल की समस्या किसी को ना हो इसे अधिकारी देखें। लोगों को पेयजल उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए पुख्ता कार्य योजना तैयार कर अमल करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अधिकारी सचेत रहें और कहीं पर भी बीमारी की सूचना मिलती है, तो तुरंत वहां पहुंचकर इलाज की व्यवस्था करें। राज्य में खाद बीज की पर्याप्त उपलब्धता है। खाद बीज की दिक्कत किसानों को नहीं होनी चाहिए। साय ने कहा की अटल डिजिटल सेवा केंद्र प्रधानमंत्री मोदी जी की गारंटी का एक अनिवार्य हिस्सा है।

पूरे प्रदेश में 1460 केंद्र खुल चुके हैं। सभी में पैसे के ट्रांजेक्शन सहित अच्छा काम हो रहा है। ये सभी केंद्र नियमित रूप से काम करें, यह देखने का काम कलेक्टर का है। उन्होंने कहा कि अगले 6 माह में 5000 और अटल सेवा केंद्र खुलेंगे।

अगले साल 24 अप्रैल तक हर ग्राम पंचायत में अटल डिजिटल सेवा केंद्र शुरू हो जाएगा । यह भी ध्यान रखें कि लोगों को छोटे-छोटे काम के लिए लंबी दूरी तय न करनी पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा की भूमि की रजिस्ट्री के संबंध में हमारी सरकार ने 10 नए क्रांतिकारी कदम उठाए हैं। भूमि दान सहित अन्य कामकाज को सरल किया है। इनका लाभ ग्रामीणों और किसानों को मिलना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास के अधूरे कामों को बरसात के पहले अभियान चलाकर पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि लोगों को बरसात में रहने के लिए पक्के मकान मिल सकें। साय ने कहा कि सभी अधिकारियों के कार्यों का मूल्यांकन शिविर में हम कर रहे हैं।

## दिनदहाड़े स्कूटी से 2.50 लाख पार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

- गुप्ता सेल्स सरस्वती शिशु मंदीर रोड के सामने का

**डोंगरगढ़, 20 मई।** ज्ञात हो कि 19 मई 2025 को गुप्ता सेल्स सरस्वती शिशु मंदीर रोड के पास से डोंगरगढ़ के टिकरापारा वार्ड के निवासी ईश्वर साहू की स्कूटी की डिक्की से दिनदहाड़े लगभग 11.30 बजे अज्ञात चोर के द्वारा 2.50 लाख नगदी रकम की चोरी कर फरार हो गया. बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी लड़की के साथ बैंक से रूपये निकालकर गुप्ता सेल्स में अपने नवनिर्मित मकान के लिए दरवाजा देखने आया था और अपनी स्कूटी रोड किनारे नीम पेड़ के पास डिक्की लॉक कर दोनों बाप बेटी दुकान गए बस इतने ही समय में अज्ञात चोर के द्वारा स्कूटी की डिक्की का लॉक तोड़कर नगदी 2.50 लाख की रकम की चोरी कर फरार हो गया. धर्मनगरी में जिस प्रकार से आसामाजिक तत्वो के द्वारा एक के बाद एक घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है उससे यह साफ प्रतीत होने लगा है कि इस प्रकार की घटनाओं का अंजाम बिना संरक्षण के नहीं हो सकता. जिम्मेदार विभागों के द्वारा ऐसी घटनाओं को लेकर सिरे इंकार किया जा है उसके बाद ऐसी गंभीर घटनाएं घट जाने के बाद भी विभाग के द्वारा देनें वाले बयान आश्चर्यचकित करने वाला है. इस मामले को लेकर डोंगरगढ़ एसडीओपी आशीष कुंजाम से चर्चा करने पर बताया गया कि गुप्ता गोदाम के सामने कुछ आसामाजिक तत्वो के द्वारा इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम दिया गया है जिसकी जाँच गंभीरता से की जा रही है तो दूसरी तरफ इसी मामले को लेकर थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा से चर्चा करने पर कोई संतोषप्रद जवाब देने के बजाए सिरे से इस प्रकार के घटनाओं के घटित होने की जानकारी से साफ इंकार कर दिया गया.

## नंद कुमार साहू के खिलाफ की गई जिलाबदर की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़, 20 मई।** पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव मोहित गर्ग द्वारा थाना क्षेत्र के आदतन अपराधियों को जिला बदर की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिस पर डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र के आदतन आरोपी नंदकुमार साहू पिता अशोक साहू उम्र- 35 साल निवासी बुधवारी पारा, वार्ड न0- 15, डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ0ग0 जो लगातार वर्ष 2013 से मारपीट, आगजनी, अवैध शराब बिक्री, आर्म्स एक्ट जैसे मामलों संलिप्त रहा है। जिसके जिला बदर की कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन तैयार कर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के माध्यम से जिला दण्डाधिकारी महोदय के समक्ष प्रकरण पेश किया गया था। जिस पर श्रीमान जिला दण्डाधिकारी महोदय द्वारा दिनांक- 16.05.2025 को अनावेदक के जिला बदर की प्रकरण की सुनवाई करते हुये म0प्र0/छ0ग0 राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा- 3, 5 के तहत कार्यवाही करते जिला राजनांदगांव सहित सरहदी जिलों से हुये 03 माह के लिये हट जाने (जिला बदर) का आदेश पारित किया गया है। पारित आदेश के पालन में अनावेदक नंदकुमार साहू को आदेश की प्रति तामिल कराकर जिला से हट जाने हेतु हिदायत दिया गया है। थाना डोंगरगढ़ द्वारा क्षेत्र के अन्य 09 आदतन अपराधी जैसे- शराब कोचियों, सटोरियों, बदमाशों के जिला बदर हेतु प्रतिवेदन भेजी गई है जो जिला दण्डाधिकारी महोदय के समक्ष विचाराधीन है।

# मोटर साइकिल चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 20 मई।** प्रकरण सदर में प्रार्थी रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 18.05.2025 को प्रार्थी राजकुमार उर्फ राजु वर्मा उम्र 47 साल निवासी ग्राम बोटेपार थाना घुमका जिला राजनांदगांव(छ.ग) ने दिनांक 14.05.2025 को पेशी में राजनांदगांव आया था। पेशी के बाद घर जाते समय देशी विदेशी शराब दुकान चिखली राजनांदगांव में करीबन 15.00 बजे शराब खरीदने शराब दुकान गया था जहां अपनी मोटर सायकल क्रमांक ब्ळ04ब् 4283 खडा कर शराब लेने दुकान गया वहां से आने के बाद जहां इसने मोटर सायकल खडी किया था वहां नही था इसकी मोटर सायकल हिरो फैशन पल्स को कोई अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गया है। कि प्रार्थी के रिपोर्ट पर धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, मामला की सूचना दुरभाष के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियो को दिया गया । क्षेत्र में चोरी की घटना पर अंकुश लगाने के लिये श्रीमान् पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में चौकी चिखली स्टाफ द्वारा टीम गठित कर अज्ञात चोर व चोरी गये चोरी गये मोटर सायकल की पतासाजी दौरान विवेचना के दौरान संदेही निखिल बघेल को हिरासत में लेकर पूछताछ किया अपने कथन में बताया कि मेरे जिजाजी शिवम चुटकेरिया एवं उनके दोस्त राज चुटकेरिया के साथ दारू दुकान चिखली गया था मै दूर अपनी एक्टीवा गाडी में था मेरे जिजाजी एवं उनके दोस्त दारू भटटी के सामने खडी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 सीएस 4283 को मेरे जिजाजी एवं उनके दोस्त ने गाडी को चुराकर मैं अपनी एक्टीवा से और वे दोनो चुराई हुई गाड़ी से हम तिनो सनसिटी राजनांदगांव गये जहां उन्होने एक और मोटर सायकल को चोरी किये है और उसी मोटर सायकल से मेरे जिजाजी और राज चुटरिया द्वारा सनसिटी से चुराई हुई मोटर सायकल को लेकर नागपुर की ओर चले गये।

## मेला ग्राउंड में चाकू दिखाकर लोगों को डराने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार



**डोंगरगढ़, 20 मई।** को डोंगरगढ़ पुलिस को सूचना मिला कि 02 व्यक्ति मेला ग्राउण्ड छीरपानी डोंगरगढ़ के पास धारदार चाकू दिखाकर लोगों को डरा धमका रहा है कि सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस तत्काल मौके पर पंहुचकर आरोपी शिव चन्द्रवंशी पिता रविन्द्र चन्द्रवंशी उम्र- 19 साल निवासी रजानगर नाका के पास डोंगरगढ़ एवं संजय साहू पिता स्व0 विजय साहू उम्र- 22 साल निवासी मजार के पास डोंगरगढ़ थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ0ग0 को लोगों को चाकू दिखाकर डराते धमकाते रंगे हाथ पकड़कर आरोपियों से 02 नग बटनवाला धारदार चाकू जप्त कर आरोपीगण के विरूद्ध धारा- 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

# मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से साधुराम साहू को मिला नया जीवन

- बोन मेरो ट्रांसप्लांट से साधुराम साहू को मिली आर्थिक सहायता
- परिवार ने मुख्यमंत्री साय का जताया आभार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 20 मई।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना गंभीर और जटिल बीमारियों से पीड़ित आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए एक जीवनदायिनी योजना साबित हो रही है। इस योजना के तहत राज्य सरकार महंगे इलाजों के लिए पात्र हितग्राहियों को आर्थिक सहायता प्रदान करती है, जिससे वे बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्राप्त कर सकें। ऐसी ही एक कहानी राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मुड़पार निवासी साधुराम साहू की हैं, जिन्हें मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 4 लाख 40 हजार रूपए की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई। जिससे उनका बोन मेरो ट्रांसप्लांट संभव हो सका। यह सहायता उनके लिए सिर्फ इलाज नहीं, बल्कि उनके लिए पुनर्जन्म साबित हुआ।

साधुराम साहू के पुत्र अमर लाल साहू ने बताया कि उनके पिता को जनवरी 2024 में खेत में काम करते समय उनके कमर में अचानक तेज दर्द शुरू हुआ। प्रारंभिक इलाज के लिए उन्हें जिला अस्पताल राजनांदगांव में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें रीढ़ की हड्डी से जुड़ी गंभीर समस्या बताई और किसी अच्छे हॉस्पिटल में इलाज करने की सलाह दी। उसके बाद उन्हें रायपुर के बालको मेडिकल सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के पश्चात बोन मेरो ट्रांसप्लांट की सलाह दी। साथ ही इलाज के लिए कुल खर्च लगभग 15 से 17 लाख रूपए आंका गया, जो एक किसान परिवार के लिए अत्यंत कठिन चुनौती थी।

# समाधान शिविर में शासकीय योजनाओं से वार्डवासी हुए लाभान्वित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

- 22 मई को वार्ड नं. 33,34,35 व 36 के लिए लखोली स्कूल में समाधान शिविर
- अब प्रातः 9:30 से दोपहर 2 बजे तक लगेगा शिविर



**राजनांदगांव 20 मई।** सुशासन तिहार अंतर्गत वार्डवासियो की समस्याओ का निराकरण करने एवं उन्हें शासन की जन कल्याणकारी योजनाओ का लाभ देने वार्डो में समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। आज लखोली स्कूल मैदान में वार्ड नं. 28,29,30,31 व 32 के लिए समाधान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें उपरोक्त 5 वार्डो से प्राप्त 433 आवेदन का निराकरण बताया गया। जिसमें मांग के 327 तथा शिकायत के 106 आवेदन थे। 433 में 431 आवेदन का निराकरण किया गया है शेष 2 आवेदन प्रक्रियाधीन है। इसी प्रकार अन्य विभाग जैसे लोककर्म, राजस्व, पुलिस, श्रम, स्वास्थ्य, महिला बाल विकास आदि विभागो में प्राप्त आवेदनों का निराकरण के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी। आगामी शिविरो के समय में परिवर्तन कर प्रातः 9:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक शिविर आयोजित किए जायेगे। आज लखोली स्कूल में आयोजित शिविर में निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य राजा माखीजा, डीलेश्वर प्रसाद साहू, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, संबंधित वार्ड के पार्षद अमित कुशवाह, श्रीमती न्यामत हुड्डा, चन्द्रशेखर लश्करे, श्रीमती रीना सिन्हा व श्रीमती गिरजा निर्मलकर के अलावा पूर्व पार्षद विजय राय व डॉ. पोषण साहू उपस्थित होकर हितग्राहियो को राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रमिक कार्ड, ड्राईविंग लायसेंस आदि का वितरण किया, साथ ही किशोरी बालिकाओ को निःशुल्क सेनेटरी नैपकीन का वितरण किया गया तथा गर्भवति महिलाओं की गोद भराई कर नवजात बच्चो का अन्नप्रशान कराया। अतिथियों द्वारा विभिन्न शासकीय विभाग के स्टालो का अवलोकन कर जानकारी लिए। समाधान शिविर को संबोधित करते हुए अध्यक्ष पारस वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव साय की जी सोच कि प्रदेश के व्यक्तियो को योजना का लाभ देने एवं उनकी समस्याओ का समाधान उनके ग्राम एवं वार्ड में ही करने सुशासन तिहार का आयोजन कराए। जिसके तहत वार्डो से प्राप्त आवेदनो का निराकरण कर उसका समाधान बताने अलग अलग वार्डो के लिए शिविर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज 5 वार्डो के लिए आयोजित शिविर में सभी आवेदनो का निराकरण किया गया। 2 आवेदन प्रक्रियाधीन है, इसके अलावा अन्य विभागो ने भी प्राप्त आवेदनो का समाधान बताया तथा शासन की योजना का लाभ भी दिया गया।

वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा

## समाचार संक्षेप

### तिरंगा यात्रा में दिखा देशभक्ति का जज्बा



- छुरिया नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल हुए शामिल

**छुरिया, 20 मई।** भारतीय सेना के अदम्य साहस और पराक्रम को नमन करते हुए ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता पर नगर में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक कार्यक्रम के तहत छुरिया के नये एवं पुराने बस स्टैण्ड चौक पर बड़ी संख्या में युवाओं और आम नागरिकों सहित नगर पंचायत अध्यक्ष ने हाथ में तिरंगा ध्वज लेकर भारत माता की जय, हिन्दुस्तान जिन्दाबाद, वंदे मातरम, जय हिन्द जय जवान के नारे लगाए । इस दौरान नगरवासियों में देश के प्रति देशभक्ति की भावना और राष्ट्र प्रेम की झलक दिखाई दी । नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल ने देश की सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए एकता और अखण्डता पर बल दिया । राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक कार्यक्रम के तहत तिरंगा यात्रा में तहसीलदार विजय कोठारी, नायब तहसीलदार विजय साहू, छुरिया थाना प्रभारी संतोष भूआर्य, पार्षद दबीज खान, सोनू खान, टामेश्वर कुम्भकार, गौरी सिन्हा, ललिता कुम्भकार सलूजा कोमरे, बिन्दु तीरथ साहू, वसीम कुरैशी, कौशल कुम्भकार नगर पंचायत के अधिकारी, कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक तिरंगा यात्रा में शामिल हुए ।

### योजना का लाभ जब तक लोगों को नहीं मिलेगा तक शिविर का कोई औचित्य नहीं



**डोंगरगढ़, 20 मई।** सुशासन तिहार के अंतर्गत 5 मई से 30 मई तक विभिन्न वार्ड में शिविर का आयोजन पालिका के द्वारा किया जा रहा है। सोमवार को तीसरे चरण का पांचवा शिविर इंदिरा नगर वार्ड में आयोजित किया गया। जिसमें वार्ड क्रमांक 4,5 व 6 के हितग्राहियों के द्वारा कई विषयों की जानकारी लेने के साथ लोगों ने अपने कई मुद्दों का समाधान भी कराया। इस दौरान पट्टे जैसे अहम मुद्दे को उपस्थित जनप्रतिनिधियों के सामने वार्ड वासियों के द्वारा रखा गया। उन्होंने शिकायत में कहा कि कई वर्ष इस वार्ड में हमें निवास करते हो रहा है। उसके बावजूद भी शासन की कई योजनाओं से हम वंचित हैं। मुद्दे की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता शशिकांत द्विवेदी के द्वारा कई तथ्यों को रखते हुए संबंधित अधिकारी को समझाते हुए कहा कि जल्द से जल्द इस वार्ड की पट्टे वाली मांग पूरी होनी चाइये। 30 से 35 साल से लोग यहां निवास रथ है। उसके बावजूद उनको पट्टा नहीं मिला है। जिसके कारण आवास जैसी योजना से वार्ड वासियों वंचित है। कहां की पूर्व में ये जमीन भले ही औद्योगिक भूमि होगी। परंतु वर्तमान में अच्छी खासी आबादी इस वार्ड में निवास कर रही है। पूर्व में लगा उद्योग कब का बंद हो चुका। उपस्थित अधिकारियों से कहा कि 15 दिनों के भीतर इस मांग का समाधान करें। इस दौरान उन्होंने यह भी तर्क दिया कि मैं इस वार्ड के कई लोगों का नाम जानता हूं। जिन्हें पूर्व में पट्टा प्रदान किया गया है। उनके लिए यह नियम क्यों नहीं लागू हुए। इस दौरान अधिकारियों ने मुद्दे को शांत करते हुए बताया कि शहर का मास्टर प्लान का खाखा शासन के पास भेज दिया गया है। जैसे ही नए मास्टर प्लान की स्वीकृति शासन के द्वारा मिल जाती है। उसके बाद पट्टे जैसे अहम मुद्दे को निराकरण कर दिया जाएगा। बताया जाता है कि राजस्व विभाग खुद यह आकलन लगा चुका है कि । शहर के विभिन्न वार्डों में पट्टे का मुद्दा काफी ज्यादा गर्म है। शिविर में उपस्थित रमन डोंगरे व मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना के द्वारा वार्डवासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई।

### विधानसभा अध्यक्ष 20 एवं 21 मई को जिले के प्रवास पर



**राजनांदगांव 20 मई।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 20 एवं 21 मई 2025 को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 20 मई को सुबह 11.30 बजे स्पीकर हाऊस शंकर नगर रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12.45 बजे राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम फूलझर पहुंचेंगे तथा दोपहर 12.50 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक ग्राम फूलझर सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 2.30 बजे ग्राम फूलझर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 2.45 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे तथा समय आरक्षित रहेगा व रात्रि विश्राम करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 21 मई को दोपहर 1 बजे दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव पहुंचकर भारतीय स्टेट बैंक शाखा के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष शाम 5 बजे पद्मगोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में आयोजित वन नेशन वन इलेक्शन संगोष्ठी कार्यक्रम तथा शाम 6 बजे ऊर्जा पार्क गौरव पथ में नालंदा परिसर के भूमिपूजन कार्यक्रम एवं अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

### अभिनेत्री पूनम ढिल्लों के हाथों विजनरी इंडियन अवार्ड से पुरस्कृत हुए डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर

**रायपुर, 20 मई।** प्रसार भारती आकाशवाणी केंद्र पार्लियामेंट स्ट्रीट नई दिल्ली में विजनरी इंडियन अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बॉलीवुड के प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री पूनम ढिल्लों के करकमलों से रंगमंच अभिनेता लोक कला साधक डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर को ÷ विजनरी इंडियन अवार्ड ÷ से सम्मानित किया गया। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हस्तियों को सम्मानित किया गया। डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर द्वारा संचालित लोक



रंजनी लोककला मंच रायपुर तथा विभिन्न नाटक में अभिनीत नाटक ÷राजा फोकलवा÷ ÷दसमत कईना÷ वीर नारायण सिंह, का मंचन देश भर के प्रमुख शहरों के मंचों पर समारोह में किया गया जिसमें एन.सी.पी.ए.थियेटर मुंबई, पृथ्वी थिएटर मुंबई, भारत पर्व लाल किला नई दिल्ली, प्रवासी भारती दिवस बेंगलुरु,भारत रंग महोत्सव दिल्ली, इंदिरा कला दिल्ली, जवाहर कला केंद्र जयपुर, अंतर्राष्ट्रीय गिरमिटिया रंग महोत्सव कुशीनगर, राजीव गांधी मंच गोंडा गोवा, रविंद्र मंच कोलकाता, रविंद्र मंच भुवनेश्वर ओडीशा, संगीत नाटक अकादमी का कार्यक्रम शिलांग, लोक मंथन गुवाहाटी, विरासत महोत्सव देहरादून, मैसूर दशहरा, कूल्लू दशहरा, अगरतला संगीत नाटक अकादमी, फिल्म सिटी गुब्बी कर्नाटक, चेन्नई, नागपुर, भारत भवन भोपाल, राष्ट्रीय लोक कला महोत्सव झांसी, कला महोत्सव कांटा भाजी, दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र नागपुर, खजुराहो महोत्सव, सिरपुर महोत्सव, इलाहाबाद कुंभ, उज्जैन कुंभ, भाग्य नगर हैदराबाद, प्रयागराज महाकुंभ, राजिम कुंभ मेला, चक्रधर समारोह रायगढ़, चित्रकूट महोत्सव, छत्तीसगढ़ दिवस पर दिल्ली के राजभवन में प्रस्तुति, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में प्रतिवर्ष प्रस्तुति, के अलावा छत्तीसगढ़ सहित देश भर के अनेकों मंचों पर सफलतापूर्वक संस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दिए हैं।

संपादकीय


# भारत का दवाब आखिर काम आया

भारत पाकिस्तान के बीच आतंकवाद को लेकर चल रहे तनाव के बीच आईएमएफ ने पाकिस्तान को बेलआउट पैकेज जारी करने का फैसला किया था। तब भारत ने बैठक में इस बात का कड़ा विरोध किया था और कहा था कि पाकिस्तान इस पैसे का उपयोग सेना व आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए करेगा और भारत ने बैठक से बहिर्गमन किया था। तब माना यह गया था कि आईएमएफ से यह लोन पाकिस्तान को दिलाने में अमरीका व चीन ने मदद की है। चीन व अमरीका पाकिस्तान का उपयोग पहले की तरह भारत के खिलाफ करना चाहते हैं। चीन व अमरीका दोनों चाहते हैं कि पाकिस्तान वैसा ही करे जैसा वे चाहते हैं। दोनों के दवाब के कारण पाकिस्तान को कभी कभी समझ नहीं आता है कि वह क्या करे और किसका कहना माने। ऐसी स्थिति हाल ही में भारत व पाक के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए बनी सहमति के दौरान आई। इस बात में दो मत नहीं है कि अमरीका चाह रहा था कि दोनों देशों के बीच युध्द न हो तनाव इतना ज्यादा बढ़े कि युध्द की नौबत आए। अमरीका जानता था कि भारत तो कहने से मानने रहा कि आतंकियों के ठिकानों पर हमला मत करो, इसलिए अमरीका ने भारत को पाकिस्तान में स्थित आतंकियों के ठिकानों पर हमला करने से नहीं रोका। भारत ने पाकिस्तान के 9 आतंकियों के ठिकानों पर हमला कर नष्ट कर दिया और 100 से ज्यादा आतंकियों को मार गिराया। इसी के साथ भारत ने कह दिया था उसकी यह कार्रवाई पाकिस्तान के खिलाफ नहीं है, पाकिस्तान में स्थित आतंकियों के खिलाफ है तथा आगे भी इसी तरह की कार्रवाई की जाती रहेगी। पाकिस्तान को अमरीका ने भारत के खिलाफ हमला करने से मना किया गया लेकिन पाकिस्तान के लिए भारत पर सैन्य कार्रवाई करना जरूरी था क्योंकि अगर वह अमरीका के दवाब में कोई कार्रवाई नहीं करता उससे आतंकवादी संगठन नाराज हो जाते कि उसने उन पर हमला करने भारत के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। भारत आतंकियों को हमला कर यह संदेश देना चाहता था कि अगर वह आतंकियों को मारना चाहेगा तो पाकिस्तान आतंकियों को बचा नहीं सकता और उसने पाकिस्तान स्थित आतंकियों के ठिकानों को नष्ट कर यह साबित भी कर दिया कि उसके लिए अब पाकिस्तान के भीतर आतंकियों को मारना कोई बड़ी बात नहीं है। अमरीका ने पाकिस्तान पर अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए भारत के विरोध के बाद भी लोन तो दिलवा दिया लेकिन जब उसने देखा पाकिस्तान ने उसके कहने पर किया युध्द विराम तोड़ दिया तो उसे समझ आया कि पाकिस्तान पर चीन का प्रभाव उससे ज्यादा है तो उसने पाकिस्तान को यह बताने के लिए कि वह लोन दिला सकता है तो लोन में शर्ते भी लगवा सकता है। यही वजह है कि आईएमएफ से लोन की घोषणा के कुछ दिन बाद आईएमएफ ने बेलआउट पैकेज की अगली किस्त जारी करने के लिए 11 शर्तें लगा दी हैं। यह भी माना जा रहा है कि आईएमएफ ने यह शर्तें भारत के विरोध बाद ही लगाई हैं । माना जा रहा है कि आईएमएफ ने भारत के साथ पाकिस्तान के तनाव के चलते रहने को आर्थिक सुधारों के लिए खतरा मानता है। इसलिए उसने साफ कर दिया है कि वित्तीय सहायता राशि का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आईएमएफ के इस फैसले को भारत की कूटनीतिक जीत माना जा रहा है। भारत ऐसा कह सकता है कि क्योंकि भारत ने पाकिस्तान को किसी तरह की आर्थिक सहायता का विरोध इसीलिये किया था कि वह जानता था कि पाकिस्तान इसका उपयोग आंतकवाद को बढ़ाने के लिए करेगा। बैठक में विरोध के बाद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भी दो दिन पहले भुज में कहा था कि आईएमएफ से पाकिस्तान को की जाने वाली आर्थिक मदद रोकी जानी चाहिए क्योंकि वर्तमान में पाकिस्तान को किसी भी तरह की फंडिंग आतंकियों को की जाने वाली फंडिंग होगी। इन नए 11 शर्तों को मिलाकर पाकिस्तान पर आईएमएफ के कुल 50 शर्तें हो गई हैं। लोन की अगली किस्त तब ही मिलेगी जब पाकिस्तान इन पचास शर्तों को पूरा करेगा। इन पचास शर्तों का उपयोग अमरीका पाकिस्तान पर दवाब बनाने के लिए करेगा जैसे ही वह चीन के प्रभाव में आएगा तो अमरीका उसकी मुश्किलें बढ़ाकर चाहेगा कि वह चीन की जगह अमरीका का कहना माने यानी अमरीका जैसा चाहता है वैसा ही पाकिस्तान करे। वर्तमान में पाकिस्तान से चीन व अमरीका दोनों नाराज हैं, अमरीका तो इस बात से नाराज है कि पाकिस्तान उसके कहने के बाद युध्दविराम तो किया लेकिन चीन के दबाव में उसे कुछ ही घंटें में तोड़ दिया। इससे अमरीकी राष्ट्रपति जो चाहते थे वह नहीं हो सका। विश्व में संदेश गया कि अमरीका का पाकिस्तान पर प्रभाव कम है, चीन का ज्यादा है, इसलिए पाकिस्तान ने चीन का कहना माना और अमरीका को भारत व पाकिस्तान के बीच हुए युध्दविराम का श्रेय नहीं मिला। भारत तो यह श्रेय दे ही नहीं सकता था क्योंकि उसकी नीति है यह कि भारत व पाकिस्तान के बीच जो भी मामला है, वह दोनों देश निपटाएंग, दोनों देशों के किसी मामले में किसी तीसरे देश की जरूरत न पहले थी और न आज है। पाकिस्तान के रवैए से अमरीका के राष्ट्रपति ट्रंप को निराश है और उन्होंने हाल ही में एक बयान में कहा है कि भारत व पाकिस्तान से बातचीत करना,उन्हें पूर्ण युध्द के कगार से वापस लाना उनकी बड़ी सफलता है लेकिन उसका उचित श्रेय उनको कभी नहीं मिलेगा। ट्रंप दुनियां को यह बताना चाहते हैं कि भारत व पाकिस्तान के बीच तनाव इतना बढ़ गया था दोनों परमाणु युध्द के करीब आ चुके थे, उनके प्रयास से ही दोनों देशों के बीच परमाणु युध्द नहीं हुआ। वह तो पहले भी दावा कर चुके हैं कि चाहे रूस व यूक्रेन का युध्द हो या इजराइल-हमास का युध्द हो उसे वही रुकवा सकते हैं लेकिन राष्ट्रपति बनने के बाद कई माह हो गए हैं दोनों युध्द जारी हैं। ट्रंप जो खुद को विश्व में शांति के मसीहा बनना चाह रहे थे वह सफल नहीं हुए हैं कोई उनको इस बात श्रेय नहीं दे रहा है तो वह खुद श्रेय लेने का प्रयास कर रहे हैं और आलोचना के शिकार हो रहे हैं। वह सोचते हैं कि किसी भी देश पर दवाब डालकर अपनी बात मनवा सकते है। यूक्रेन व पाकिस्तान जैसे छोटे देश के मामलों में उनको एहसास हो चुका है कि दवाब से अपनी बात सभी देशों से नहीं मनवा सकते। लीडर हो या डीलर हो उसकी बात मानने योग्य तो ही मानी जाएगी।

राजनीति

# कांग्रेस के विरोध के बाद भी मोदी के खास

**संजय सक्सेना,वरिष्ठ पत्रकार**



ऑपरेसन सिंदूर के बाद भारत की केंद्र सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ अपने सख्त रुख को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मजबूती से रखने के लिए एक बड़ा कूटनीतिक कदम उठाया है। इस रणनीति के तहत भारत सरकार ने एक के बाद एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल गठित कर दुनिया के उन देशों की यात्रा की योजना बनाई है जो या तो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य हैं या फिर भारत के रणनीतिक सहयोगी माने जाते हैं। इन प्रतिनिधिमंडलों का उद्देश्य न केवल भारत के पक्ष को वैश्विक समुदाय के सामने स्पष्ट करना है, बल्कि यह दिखाना भी है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत की राजनीतिक व्यवस्था पूरी तरह एकजुट है। लेकिन इस राष्ट्रहित की कवायद के बीच एक ऐसा विवाद खड़ा हो गया है जिसने न सिर्फ कांग्रेस पार्टी के भीतर बहस को जन्म दे दिया है बल्कि केंद्र और विपक्ष के रिश्तों में भी खटास बढ़ा दी है। विवाद की जड़ में कांग्रेस सांसद शशि थरूर का नाम है जिन्हें केंद्र सरकार ने बिना कांग्रेस नेतृत्व की सिफारिश के एक प्रतिनिधिमंडल में शामिल कर लिया। जबकि कांग्रेस का दावा है कि उसने अपनी तरफ से चार वरिष्ठ सांसदों के नाम सरकार को भेजे थे, जिनमें से किसी को भी नहीं चुना गया। कांग्रेस का यह भी आरोप है कि सरकार ने अपनी मनमर्जी से शशि थरूर को चुना और उन्हें प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सौंप दिया। वहीं, केंद्र सरकार के संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस से कोई औपचारिक नाम नहीं मांगे गए थे, बल्कि जो जानकारी दी गई थी, वह केवल सूचनात्मक थी, कोई आग्रह नहीं। कांग्रेस इस सफाई से संतुष्ट नहीं है और उसका मानना है कि सरकार ने जानबूझकर कांग्रेस को दरकिनार किया और शशि थरूर को शामिल कर सियासी संदेश देने की कोशिश की। यह पहला मौका नहीं है जब शशि थरूर की कांग्रेस नेतृत्व से टकराव की स्थिति सामने आई है। इससे पहले भी वे विदेश राज्य मंत्री रहते हुए 'कैटल क्लास' जैसे ट्वीट की वजह से विवादों में आए और उन्हें मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव में खड़े होने के बाद से तो पार्टी के भीतर उन्हें शक की नजर से देखा जाने लगा। लेकिन इन सबके बावजूद शशि थरूर की एक अलग पहचान है एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुभवी राजनयिक की, जो संयुक्त राष्ट्र में 30 साल से ज्यादा समय तक अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनकी वाक्पटुता, कूटनीतिक समझ और वैश्विक मंचों पर प्रभावशाली उपस्थिति ने उन्हें न केवल भारत बल्कि विदेशों में भी विशिष्ट पहचान दिलाई है। शशि थरूर ने खुद को प्रतिनिधिमंडल में शामिल किए जाने पर खुशी और गर्व का इजहार किया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा कि वे भारत सरकार के इस आमंत्रण से सम्मानित महसूस कर रहे हैं और जब भी राष्ट्रीय हित की बात होगी, वे पीछे नहीं रहेंगे। उन्होंने किसी तरह की पार्टी अनुमति की आवश्यकता नहीं समझी, जो कांग्रेस नेताओं को खटक गया। पार्टी नेतृत्व का यह मानना है कि थरूर को पहले नेतृत्व से राय लेनी चाहिए थी, लेकिन शायद थरूर को खुद ही इस बात की आशंका थी कि यदि वे अनुमति मांगते तो उन्हें मना कर दिया जाता। ऐसे में उन्होंने खुद ही निर्णय लेना उचित समझा, खासकर तब जब उन्हें केंद्र सरकार की तरफ से प्रतिनिधित्व का प्रस्ताव मिला। शशि थरूर की इस भूमिका से न केवल बीजेपी को लाभ मिल रहा है बल्कि खुद थरूर की राजनीतिक हैसियत भी बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब संसद में विदेश नीति पर बोलते हुए कांग्रेस पर हमला करते हैं, तब वे विशेष रूप से यह कहते हैं कि शशि थरूर इस दायरे से बाहर हैं। ऐसे में स्वाभाविक है कि कांग्रेस को यह चुभेगा। वहीं, बीजेपी के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने भी थरूर की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी विदेश नीति की समझ और संयुक्त राष्ट्र में उनके अनुभव से कोई इनकार नहीं कर सकता। फिर कांग्रेस ने उन्हें क्यों नहीं चुना? क्या यह राहुल गांधी की असुरक्षा की भावना है? यह सवाल बीजेपी के माध्यम से आम जनमानस के बीच भी फेंका गया है, जो कांग्रेस के लिए चिंता का विषय है। कांग्रेस की तरफ से जिन चार सांसदों के नाम सुझाए गए थे उनमें आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, डॉ. सैयद नसीर हुसैन और राजा ब्रार शामिल थे। आनंद शर्मा पूर्व विदेश राज्य मंत्री रह चुके हैं, गौरव गोगोई लोकसभा में कांग्रेस के डिप्टी लीडर हैं और राहुल गांधी के करीबी माने जाते हैं। वहीं, राजा ब्रार और नसीर हुसैन को लेकर भी राजनीतिक विवाद जुड़ा रहा है। राजा ब्रार पर खालिस्तानी समर्थक गायकों के समर्थन का आरोप लगा है और नसीर हुसैन की एक रैली में 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगने की घटना भी विवाद का कारण बनी थी। ऐसे में शशि थरूर का नाम इनमें से अधिक उपयुक्त और अंतरराष्ट्रीय छवि वाला नजर आता है। दरअसल, कांग्रेस को इस बात की तकलीफ है कि एक ऐसा नेता जो पार्टी के भीतर लगातार उपेक्षा का शिकार रहा है, आज राष्ट्रीय मंच पर केंद्र सरकार द्वारा प्रतिष्ठित किया जा रहा है। यह बात कांग्रेस के नेतृत्व को असहज कर रही है। हालांकि पार्टी के कुछ नेता यह मानते हैं कि थरूर की राय और सोच भले ही अलग हो, लेकिन पार्टी को उन्हें अपने साथ बनाए रखना चाहिए क्योंकि उनका अंतरराष्ट्रीय अनुभव और बौद्धिक क्षमता कांग्रेस के लिए ताकत बन सकती है। कांग्रेस की कार्यसमिति की बैठक में हालांकि कुछ नेताओं ने यह भी कहा कि थरूर ने पार्टी की लक्ष्मण रेखा पार कर ली है और अब उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए, लेकिन फिलहाल कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। एक ओर कांग्रेस थरूर के खिलाफ कार्रवाई करने की स्थिति में नहीं है, तो दूसरी ओर वह उन्हें खुला समर्थन भी नहीं दे पा रही है। यह दुविधा कांग्रेस नेतृत्व के भीतर चल रही अंदरूनी खींचतान और सत्ता संरचना की अस्थिरता को दर्शाती है। शशि थरूर एक ऐसे नेता हैं जो पार्टी लाइन से इतर राय रखने की हिम्मत करते हैं और अपनी बातों को खुले मंच पर रखते हैं। यही बात उन्हें विशिष्ट बनाती है और शायद यही बात कांग्रेस नेतृत्व को चुभती भी है। इस पूरे प्रकरण का एक और पहलू यह है कि थरूर को केरल में होने वाले अगले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर भी केंद्र सरकार ने आगे किया है। केरल में कांग्रेस के लिए हर सीट महत्वपूर्ण है, और वायनाड से राहुल गांधी के सांसद होने के कारण इस राज्य की राजनीतिक गतिविधियों पर पार्टी विशेष नजर रखती है। शशि थरूर तिरुवनंतपुरम से सांसद हैं और उनकी लोकप्रियता के चलते बीजेपी को लगता है कि उनके माध्यम से केरल में एक वैकल्पिक नैरेटिव खड़ा किया जा सकता है। यदि थरूर को कांग्रेस में उचित सम्मान और भूमिका नहीं दी गई तो यह संभावना बन सकती है कि वे किसी भी समय पार्टी छोड़ दें या कम से कम एक स्वतंत्र रुख अख्तियार कर लें, जो कांग्रेस के लिए राजनीतिक रूप से नुकसानदायक साबित होगा। शशि थरूर के पास इस वक्त अपने राजनीतिक जीवन को नई दिशा देने का पूरा अवसर है। वो न तो कांग्रेस के लिए पूरी तरह विश्वसनीय रहे हैं, न ही बीजेपी के लिए आज्ञाकारी। लेकिन यही स्थिति उन्हें खास बनाती है। कांग्रेस को यह समझना होगा कि थरूर जैसे नेता पार्टी की विविधता और बौद्धिक गहराई का प्रतीक हैं। यदि उन्हें दरकिनार किया जाता है तो इससे न केवल पार्टी की छवि को नुकसान होगा, बल्कि ऐसे नेताओं के बीच भी निराशा बढ़ेगी जो विचार और विवेक के आधार पर राजनीति करना चाहते हैं। अब देखना यह है कि कांग्रेस इस चुनौती से कैसे निपटती है। क्या वह शशि थरूर को उनके हाल पर छोड़ देगी, या फिर उन्हें पार्टी के भीतर सम्मानजनक भूमिका देकर संतुलन साधेगी? केंद्र सरकार की रणनीति तो साफ है विपक्ष के प्रभावशाली नेताओं को अलग-थलग करना, उन्हें राष्ट्रीय मंच पर प्रतिष्ठा देना और इससे विपक्ष के भीतर मतभेद को और गहरा करना। कांग्रेस यदि समय रहते नहीं चेती, तो यह मामला सिर्फ शशि थरूर तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि पार्टी के भीतर असंतोष और टकराव को और गहरा कर देगा। राजनीति में प्रतीकात्मक घटनाओं का बड़ा महत्व होता है, और शशि थरूर की यह नियुक्ति भी आने वाले समय में भारतीय राजनीति के समीकरणों को प्रभावित कर सकती है।



## आज का राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी भरा रहने वाला है। आपको अपने खर्चों का लेखा-जोखा रखने की आवश्यकता है। आप अपनी इनकम को बढ़ाने के सोर्सो पर पूरा ध्यान देंगे, लेकिन आप गलत तरीके से धन कमाने से बचें। आपकी कोई पुरानी गलती परिवार के सदस्यों के सामने आ सकती है। आपको अपने पारिवारिक मामलों को कल पर टालने से बचना होगा। आप परिवार के सदस्यों को लेकर किसी पिकनिक आदि पर जाने की योजना बना सकते हैं।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। आप अपने व्यवसाय की योजनाओं में सही तरीके से धन लगाएं, तभी वह उन्हें बेहतर लाभ देगी। आपको कोई बात बहुत ही समझदारी दिखाते हुए बोलने की आवश्यकता है। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। यदि आपने किसी कानूनी मामले को कल पर टालना, तो बाद में वह आपके लिए समस्या बन सकता है। जीवनसाथी आज कोई पुरानी बात न उखाड़े, नहीं तो लड़ाई झगड़े बढ़ेंगे।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपको अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम रखना होगा। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी को लेकर कहीं घूमने-फिरने की योजना बना सकते हैं। आपको अपनी संतान के लिए कोई उपहार लेकर आ सकते हैं। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। विद्यार्थी पढ़ाई-लिखाई में लापरवाही बिल्कुल ना बरतें, नहीं तो उन्हें बाद में परीक्षा को देने में समस्या आ सकती है। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। आपका कोई काम लंबे समय से रुका हुआ था, तो उसके पूरे होने में समस्या आएगी। आप अपनी सेहत का भी पूरा ध्यान रखें। भगवान के भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आपने यदि किसी व्यवसाय को पार्टनरशिप में किया था, तो उससे भी आपको नुकसान होने की संभावना है। आध्यात्म के विषयों में आपकी काफी रुचि रहेगी। नौकरी में कार्यरत लोगों को अपने बॉस से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**सिंह** आज के दिन आपके लिए रचनात्मक कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आप अपने जीवनशैली को सुधारने की कोशिश में लगे रहेंगे। आपके कुछ नए मित्र भी बनेंगे, लेकिन आपको दिखावे के चक्कर में पड़ने से बचना होगा। आपको अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम रखने की आवश्यकता है। आपको किसी काम को लेकर यदि समस्या आ रही थी, तो उसे पूरा करने की कोशिश में आप लगे रहेंगे। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों से थोड़ा सावधान रहने की आवश्यकता है, क्योंकि वह मित्र के रूप में आपके शत्रु हो सकते हैं।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी होगी। आपको किसी जरूरी काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से यदि आपकी खटपट चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आप अपने खान-पान में मनपसंद भोजन का आनंद लेंगे और आपका कुछ नए लोगों से मेल-जोल बढ़ेगा। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा।

**तुला** इस महीने आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आपको किसी दूसरे के मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से आप अपने घर किसी पूजा-पाठ का आयोजन कर सकते हैं। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी को परिवार का सदस्यों से मिलवा सकते हैं। आप किसी से कोई वादा बहुत ही सोच समझकर करें। आपको कार्यक्षेत्र में अपने कामो को लेकर अच्छा प्रदर्शन करेंगे, जिससे आपको खुशी होगी।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए संभलकर चलने के लिए रहेगा, क्योंकि आपको बिजनेस में धोखा मिलने से कोई नुकसान हो सकता है। यदि आपने किसी कानूनी मामले को लंबे समय से लटका रखा था, तो उसमें भी फैसला आज किसी दूसरे के पक्ष में हो सकता है। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों से भी बेवजह वाद विवाद में पड़ने से बचना होगा, नहीं तो वह बढ़ेगा। आपको अपनी सेहत के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है, क्योंकि आपकी कोई पुरानी समस्या परेशान कर सकती है।

**धनु** आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। आपको अनुभवी व्यक्तियों का पूरा साथ मिलेगा। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आप किसी से कोई बात बोले, तो बहुत ही सोच विचारकर बोले। आपको किसी पुराने मित्र से मिलकर गिले शिकवे नहीं उखाड़ने हैं। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग पर प्रशस्थ होंगे।

**मकर** आज नौकरी में कार्यरत लोगों को कोई जल्दबाजी करने से बचना होगा। आप दिखावे के चक्कर में धन व्यय कर सकते हैं। आपको किसी नई संपत्ति की खरीदारी करना बेहतर रहेगा। आप अपने घर किसी नए वाहन या इलेक्ट्रॉनिक आइटम को लेकर आ सकते हैं। आप अपने खर्चों का लेखा-जोखा रखें, नहीं तो आपकी समस्याएं और बढ़ेगी। संतान की संगति की ओर आपको इस महीने विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों पर प्रमोशन मिलने से उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। परिवार के सदस्यों को लेकर आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। विवाह में आ रही समस्या के दूर होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको परिवार के किसी सदस्य की कोई बात बुरी लग सकती है। बिजनेस कर रहे लोग कुछ नया करने की कोशिश में अच्छी सफलता हासिल करेंगे।

**मीन** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। जल्दबाजी में आपको कोई निर्णय लेने से बचना होगा, नहीं तो आपको उसके लिए बाद में पछतावा होगा। आपकी कोई काम यदि लंबे समय से लटका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। आपको अपने आर्थिक मामलों में थोड़ा सोच समझकर इन्वेस्टमेंट करना होगा। आपकी किसी मन की इच्छा की पूर्ति होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

विश्लेषण्

# भारत का पक्ष रखने की सराहनीय पहल एवं बेतुका विवाद

**ललित गर्ग**



पहलगाम की क्रूर एवं बर्बर आतंकी घटना एवं उसके बाद भारत के सिंदूर ऑपरेशन में पाकिस्तान को करारी मात देने की घटना से निश्चित ही भारत की ताकत को दुनिया ने देखा। लेकिन इसके बाद पाक दुनिया से सहानुभूति बटोरने के लिये जहां विश्व समुदाय में अनेक भ्रम, भ्रांतिया एवं भारत की छवि को छिछालेदार करने में जुटा है, वहीं भारत का डर दिखा-दिखा कर ही पाक अनेक देशों से आर्थिक मदद मांग रहा है। इन्हीं स्थितियों को देखते हुए दुनिया के सामने भारत का पक्ष रखने के लिए केंद्र सरकार ने जिस तरह से सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया है, यह फैसला जितना सराहनीय है, उतना ही दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण है इसका राजनीतिक विवादों में घिर जाना। यह राजनीति से ऊपर, मतभेदों से परे राष्ट्रीय एकता का एक शक्तिशाली प्रतिबिंब बनना चाहिए। देश की सुरक्षा, सैन्य उपक्रम, राष्ट्रीय एकता-अखण्डता एवं विदेश नीति से जुड़े विषय पर राजनीति होना, देश के हित में नहीं है। पहलगाम हमले के बाद यह अफसोस की बात है कि पाकिस्तान का बचाव करने या उसके साथ मुखरता से खड़े होने वाले देशों या विश्व संगठनों के साथ-साथ भारतीय राजनीतिक दलों में विवाद का बढ़ना चिन्ताजनक है।। भारत के राजनीतिक दल प्रारंभ में एकजुट दिखें लेकिन राजनीतिक स्वार्थों के चलते अब उनमें कहीं-कहीं वैचारिक मतभेद उभर रहे हैं। पाकिस्तान दोषी होने के बावजूद पीड़ित होने का स्वांग रचकर सहानुभूति जुटाता रहा है। दुनिया के अनेक देश उसके झांसे में आ भी जाते हैं। ऐसे में, दुनिया के महत्वपूर्ण देशों में भारत का पक्ष रखने का मोदी सरकार का यह प्रयास बहुत जरूरी एवं दूरगामी सोच से जुड़स है। इस प्रयास को एक बड़े अभियान के रूप में लेना चाहिए। आतंकवाद के खिलाफ भारत की शून्य सहिष्णुता और ऑपरेशन सिंदूर का संदेश दुनिया तक पहुंचना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सभी दलों ने सरकार और सेना के प्रति समर्थन जताया था। सरकार ने भी उसी भावना का सम्मान करते हुए सभी दलों के सांसदों को प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया है। कांग्रेस ने थरूर का नाम नहीं भेजा था, सरकार ने उन्हें अपनी तरफ से शामिल कर लिया। जिनके नाम कांग्रेस ने दिए थे, उनमें से सिर्फ आनंद शर्मा चुने गए।

शशि थरुर विदेश नीति के जानकार है। थरूर पहले संयुक्त राष्ट्रसंघ में काम कर चुके हैं, विदेश राज्यमंत्री रह चुके हैं। उनके अनुभव का फायदा निश्चित रूप से प्रतिनिधिमण्डल को मिलेगा, दुनिया में भारत का पक्ष सही परिप्रेक्ष्य में रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। हालांकि कांग्रेस को लगता है कि उसके सांसद को चुनने से पहले उससे पूछा जाना चाहिए था, इस अपेक्षा को गलत भी नहीं कहा जा सकता। मगर वर्तमान संवेदनशील हालातों में इसे विवाद का मुद्दा बनाने से बचा जा सकता था। लेकिन कांग्रेस के सदस्यों, खासकर सांसद शशि थरूर को लेकर हो रहा विवाद बिल्कुल अनचाहा एवं अनुचित है। इससे एक अच्छा एवं प्रासंगिक मकसद नकारात्मक खबरों में घिर गया है।



भले ही शशि थरूर और कांग्रेस के रिश्ते पिछले कुछ समय से ठीक नहीं रहे हैं। लेकिन यह एक सांसद और उसकी पार्टी के बीच का मसला है। यहां जो मुद्दा सामने है, वह देश से जुड़ा है। इसमें सभी को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सोचना चाहिए।

युद्ध एवं आतंक जैसे हालातों में भारत ने अपना पक्ष रखने के लिए पहले भी समय-समय पर विपक्ष के शीर्ष नेताओं को आगे किया है और उसी परिपाटी को मोदी सरकार ने आगे बढ़ाकर देश की राजनीति व राजनय को मजबूती दी है। सात सदस्यीय बैजयंत जय पांडा, रविशंकर प्रसाद, शशि थरूर, संजय झा, श्रीकांत शिंदे, कनिमोझी करुणानिधि और सुप्रिया सुले के नेतृत्व में हमारे देश के नेता 32 देशों का दौरा करेंगे। यह विपक्ष के नेताओं के लिए भी स्वर्णिम अवसर है कि वह अपनी काबिलियत एवं देशहित को देश के सामने साबित करें। क्योंकि राष्ट्र एवं राष्ट्रीय एकता सबसे ऊपर है। बांटने वाली राजनीति से अलग जब हम देशहित के पक्ष में खड़े होंगे, तभी आतंकवाद से लड़ने में सहूलियत एवं सफलता मिलेगी। क्या दुनिया ने भारत के सीमित सैन्य अभियान के महत्व, संयम और समझदारी को ठीक से समझा है? क्या भारत आतंकवाद के खिलाफ संपूर्ण युद्ध नहीं छेड़ सकता था? अगर भारत ने युद्ध को नहीं बढ़ाया, तो इसका अर्थ कतई यह नहीं कि भारत का पक्ष कमजोर है। भारत चाहता तो पाक को हर मोर्चे पर नेस्तनाबूद कर सकता है, लेकिन भारत का लक्ष्य आतंकवाद को समाप्त करना है। भारत ने पाकिस्तान और पीओके में बसे 9 आतंकी ठिकानों को रात के अंधेरे में तबाह कर दिया। इसके बाद भारत ने ठान लिया कि पूरी दुनिया के सामने आतंकवाद परस्त पाकिस्तान का चेहरा बेनकाब करना है, जिसकी जिम्मेदारी अनुभवी एवं विशेषज्ञ सात सांसदों को सौंप कर सरकार ने सूझबूझ एवं परिपक्व नेतृत्व का परिचय दिया है। सांसदों के सात प्रतिनिधिमंडल दुनियाभर के देशों में जाकर आतंकवाद के मुद्दे पर भारत का पक्ष रखेंगे। हर एक प्रतिनिधिमंडल में 6-7 सांसद और कई राजनयिक शामिल होंगे। भारत की शांति, अहिंसा, विकास एवं विश्व बंधुत्व का संदेश सात प्रतिनिधिमंडलों के जरिये दुनिया तक पहुंचना इसलिए भी जरूरी है कि भारत को तेज विकास करना है और अब वह पहलगाम जैसे किसी आतंकी हमले को बर्दाश्त नहीं कर सकता। गौर करने की बात है कि सात प्रतिनिधिमंडलों में 59 सदस्य शामिल किए गए हैं, जिनमें सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के 31 नेता और अन्य दलों के 20 नेता शामिल हैं। इस तरह सर्वदलीय सांसदों की टीमों को अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक मिशन पर भेजने से भारत का पक्ष मजबूत होगा, दुनिया में आतंक के विरुद्ध सकारात्मक वातावरण बनेगा। ये दौरे न सिर्फ आतंकवाद पर भारत की नीतियों को साफ करेंगे, बल्कि पाक की हरकतों को भी दुनिया के सामने बेनकाब करेंगे।

सात प्रतिनिधिमंडल में जिन नेताओं को नेतृत्व दिया गया है, उसमें भी अन्य दलों को प्राथमिकता देकर एक संतुलन एवं सूझबूझ का परिचय दिया गया है।

आइडिया ऑफ इंडिया के साथ सुगठित इस टीम इंडिया के कंधे पर बड़ी एवं महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। दुनिया के निर्णायक नेताओं से मिलकर यह बताना जरूरी है कि आइडिया ऑफ पाकिस्तान और आइडिया ऑफ इंडिया के बीच कितनी चौड़ी खाई है, यह खाई संबंधित देशों ही नहीं, दुनिया को प्रभावित करने वाली है। दूसरे शब्दों में कहें, तो पाकिस्तान आतंकवादी मानसिकता से ग्रस्त है एवं आतंक को पोषित एवं पल्लवित करने वाला देश है। उसके आतंकवाद ने भारत ही नहीं, दुनिया के अनेक देशों को भारी नुकसान पहुंचाया है। एक देश, जो आतंक की बुनियाद पर खड़ा है, न उसे शर्म है, न पछतावा। वहां ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए आतंकियों व उनके परिजन को जैसा राजकीय सम्मान दिया गया है, जैसे पाक फौज आतंकी सरगनाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी देखी गई है, उस तरफ से मुंह मोड़कर अगर दुनिया खड़ी होगी, तो यकीन मानिए, फिर इंसानियत का खून होगा और आतंकवाद को बल मिलेगा।

ऑपरेशन सिन्दूर भारत की बदलती रणनीति का हिस्सा बना है। भारत अब पहले की तरह केवल कूटनीतिक जवाब तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वह सैन्य कार्रवाई के जरिए आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश भी देना जानता है। पाक सेना आतंकी संगठनों का इस्तेमाल करती है, लेकिन उसकी यह नीति न केवल भारत के लिए खतरा है, बल्कि पाक के आंतरिक स्थायित्व को भी कमजोर करती है। जब तक पाक सेना अपनी नीतियों में बदलाव नहीं करती तब तक इस तरह के आतंकी तनाव बार-बार सामने आएंगे। पाक भविष्य में फिर से भारत के खिलाफ आतंकी हमले कर सकता है क्योंकि यह उसकी रणनीति का हिस्सा है। पाक सेना की आतंकवाद समर्थक नीतियां और भारत की आक्रामक जवाबी रणनीति इस क्षेत्र में स्थायी शांति की राह में बड़ी बाधाएं हैं। स्पष्ट होता है कि यह संघर्ष केवल दो देशों के बीच का विवाद नहीं है बल्कि इसमें पूरी दुनिया से जुड़े गहरे ऐतिहासिक, वैचारिक और रणनीतिक आयाम हैं। इसलिये दुनिया के बड़े राष्ट्र पाक की आतंकी सोच से परिचित हो, इसी सोच से दुनिया को परिचित कराना सात सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल का मिशन है।

# नगरीय क्षेत्र समाधान शिविर में 5157 आवेदनों का निराकरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर, 20 मई। सुशासन तिहार 2025 के तहत सोमवार को बस्तर जिले में लोहण्डीगुड़ा-दरभा विकासखंड सहित जगदलपुर नगरीय क्षेत्र में शहीद भगत सिंह स्कूल में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। विकासखण्ड लोहण्डीगुड़ा के तहत ग्राम पंचायत छिंदबहार में आयोजित समाधान शिविर में सम्मिलित ग्राम -दावपाल, कोठियागुड़ा, छोटे परोदा, बड़े परोदा, चालकीगुड़ा, गढ़िया, बाधनपाल, तुर्रेमारका, छिन्दबहार, करकापाल, एरण्डवाल, नेगानार, इरिकपाल, मांदर, तारागांव शामिल है। इस शिविर में 5162 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 5157 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 5 लंबित हैं।

सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मिला था। विकासखण्ड-दरभा के डिलमिली में आयोजित समाधान शिविर में सम्मिलित ग्राम चितापुर, छोटे चितापुर, डिलमिली, छेपरागुड़ा डिलमिली, कांदाकाटा, अलवा,



ढोढरेपाल, छोटे गुडरा, बडेकडमा, छोटेकडमा को शामिल किया गया है। इस शिविर में 2387 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 2369 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 18 लंबित हैं। जगदलपुर शहर के भगत सिंह स्कूल में आयोजित समाधान शिविर में वीर सावरकर वार्ड, भगत सिंह वार्ड, सिविल लाइन वार्ड, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, चंद्रशेखर आजाद वार्ड और डॉ एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड को शामिल किया गया था। इस समाधान शिविर में सुशासन तिहार में प्राप्त 452 आवेदनों में 451 का निराकरण की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महापौर श्री संजय पांडेय, आयुक्त नगर निगम श्री प्रवीण वर्मा, नगर निगम के पार्षदगण सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। विकासखण्ड-दरभा के डिलमिली में आयोजित समाधान शिविर में विधायक श्री विनायक गोयल भी उपस्थित रहे। साथ ही दरभा जनपद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित अन्य अन्य जनप्रतिनिधिगण, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सीईओ जनपद, तहसीलदार एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कुल्हाड़ी से प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



दंतेवाड़ा, 20 मई। सोमवार दिनांक 19-05-2025 को प्रार्थिया थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि दिनांक 29.03.2025 को सुबह दोनो देवर भाभी ईमली तोड़े और आपस में बटवारा किये तभी प्रार्थिया अपने देवर सुंदर कर्मा को कम ईमली दिये हो कहने से प्रार्थिया के साथ आरोपी सुंदर कर्मा बहस किया था दूसरे दिन दिनांक 30.03.2025 के शाम करीबन 07.00 बजे हाथ में कुल्हाड़ी लेकर प्रार्थिया के घर गया जहां प्रार्थिया घर पर उपस्थित मिली जिसे आरोपी सुंदर कर्मा द्वारा कल क्या बोल रही थी ईमली कम दिये हो कहते हुये प्रार्थिया को जान से मारने की नीयत से कुल्हाड़ी से उसके सीने, बांये हाथ और पीठ के पीछे घातक वार करने से प्रार्थिया जमीन पर गिर गई तब आरोपी वहां से फरार हो गया, प्रार्थिया को आसपास पड़ोस के लोग अपोलो अस्पताल बचेली लेकर गये जहां गंभीर स्थिति को देखते हुये तुरंत रिफर करने से डिमरापाल जगदलपुर अस्पताल में ईलाजरत् थी जो डिस्चार्ज होने के बाद थाना रिपोर्ट करने आने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की जानकारी तत्काल श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय दंतेवाड़ा को दी गई श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री गौरव राय जिला दंतेवाड़ा के दिशा-निर्देशानुसार, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (नक्सल ऑप्स) श्री स्मृतिक राजनाला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती पूजा कुमार, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री रामकुमार बर्मन दंतेवाड़ा एवं श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री कपिल चंद्रा, किरन्दुल के मार्गदर्शन में आरोपी की पतासाजी कर तत्काल गिरफतार करने दिशा निर्देश प्राप्त होने पर लगाये मुखबीर एवं आरोपी की पतासाजी किया गया जो दुगेली धुरवापारा में होने की सूचना पर दुगेली धुरवापारा पहुंचकर आरोपी सुंदर कर्मा को घेराबंदी कर हिरासत में लेकर थाना लाकर पूछताछ पर मेमोरेण्डम कथानानुसार आरोपी द्वारा प्रार्थीया को जिस कुल्हाड़ी से वार किया था उस कुल्हाड़ी को पेश करने पर जप्त किया गया है। आरोपी सुंदर कर्मा ऊर्फ सुधरू कर्मा पिता स्व. लखमा कर्मा उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम दुगेली धुरवापारा, थाना बचेली, जिला दंतेवाड़ा छ0ग0 के विरूद्ध धारा 109, 332(ख) बीएनएस के तहत् आज दिनांक 19-05-2025 को गिरफतार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल दाखिल किया गया।

## एक नजर

### छात्रवृत्ति के लिए बैंक खाता को आधार से लिंक करवाना अनिवार्य

जगदलपुर, 20 मई। राज्य शासन के निर्देशानुसार कक्षा तीसरी से 10 वीं तक के समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदानप्राप्त संस्थाओं के प्राथमिक से हाईस्कूल तक की शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को राज्य छात्रवृत्ति हेतु आधार आधारित भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया गया है, जिसके अंतर्गत राज्य छात्रवृत्ति हेतु पात्र सभी लाभार्थियों को अपने बैंक खातों को आधार से लिंक करवाना अनिवार्य होगा। विस्तृत जानकारी के लिए छात्र-स्कॉलरशिप पोर्टल https://schoolscholar-ship.cg.nic.in/ पर लॉगिन कर सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी जगदलपुर श्री बीआर बघेल ने बताया कि उक्त दिशा में समुचित कार्यवाही करने के लिए सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों, प्राचार्यों और प्रधान अध्यापकों को निर्देश दिए गए हैं।

### नागरिक सुरक्षा के लिए स्वयंसेवकों की भर्ती

जगदलपुर, 20 मई। देश भक्ति का सुअवसर जगदलपुर शहर को सिविल डिफेंस जिले में शामिल किया गया है। युद्ध के दौरान, पूर्व बाद एवं आपदा बचाव कार्य हेतु नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की नामांकन (भर्ती) प्रक्रिया जारी है। इच्छुक अभ्यर्थी नगर सेना कार्यालय हाटकचोरा से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते है या फिर MY Bharat dh fyad https://mybharat.gov के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। नागरिक सुरक्षा सेवा पूर्ण रूप से निशुल्क सेवा है, किसी प्रकार का कोई शुल्क दिया, लिया नहीं जावेगा। इच्छुक अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र भरने के पश्चात् एक दिवस (लगभग 04 घण्टे) का प्रशिक्षण दिया जाकर प्रमाण पत्र दिया जावेगा। सिविल डिफेंस स्वयंसेवी नामांकन करने हेतु अभ्यर्थियों के लिए निम्न अर्हताए होना अनिवार्य है। जिले का मूल निवासी, दो रंगीन फोटो, 18 वर्ष से कम 50 वर्ष से अधिक न हो, शिक्षा 10वीं उत्तीर्ण और शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ्य हो।

### लाइवलीहुड कॉलेज आड़ावाल में 22 मई को रोजगार मेले का आयोजन

जगदलपुर 20 मई। जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज आड़ावाल में 22 मई 2025 दिन गुरुवार को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निजी क्षेत्र के हैदराबाद स्थित नियोजक द्वारा ट्रेनीज, मशीन ऑपरेटर, हेल्पर, फिटर्स के पदों पर 2050 हेल्थ केयर रायपुर द्वारा बेड केयर गिवर (पुरुष-महिला), मदर और बेबी केयर (महिला), नर्सिंग (महिला) के पदों पर तथा श्री हरि ट्रैक्टर द्वारा फील्ड सेल्स एग्जीक्यूटिव के पदों पर भर्ती की जावेगी अतः सभी इच्छुक उमीदवार सभी शैक्षणिक और अनुभव सम्बन्धी दस्तावेजों के साथ सुबह 10.30 बजे लाइवलीहुड कॉलेज आड़ावाल में उपस्थित हो सकते हैं।

### सुकमा-दंतेवाड़ा में कई जगह एसीबी और इओडब्ल्यू का छापा

सुकमा, 20 मई। करोड़ के शराब घोटाला मामले में एसीबी और इओडब्ल्यू की टीम ने बड़ा एक्शन लिया है. शनिवार सुबह-सुबह एसीबी और इओडब्ल्यू की टीम ने पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के करीबियों के घर पर छापा मारा. यह रेड सुकमा और दंतेवाड़ा जिले में पड़ी है. शराब घोटाला मामले में एसीबी-इओडब्ल्यू की टीम अहम दस्तावेज खंगालने में जुटी हुई है. शनिवार सुबह-सुबह एसीबी-इओडब्ल्यू की टीम ने सुकमा और दंतेवाड़ा जिले में छापा मारा है. जानकारी के मुताबिक सुकमा में तोंगपाल और कई जगहों पर पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के करीबियों के ठिकानों पर छापा मारा गया है.

## नगरीय निकायों के अधिकारियों की कलेक्टर कुणाल ने ली बैठक

# सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रतिदिन फोटो वीडियो अपलोड करना होगा

■ शहरी क्षेत्रों में अति वर्षा से होने वाले जलभराव से बचाव की तैयारियों अभी से सुनिश्चित करने को कहा कलेक्टर ने

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



दंतेवाड़ा, 20 मई। संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में आज कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत द्वारा दंतेवाड़ा, बारसूर, बचेली, किरंदुल, नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों अभियंताओं की बैठक ली गई। बैठक में सर्वप्रथम कलेक्टर ने शहरी क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था के तहत वाटर सप्लाई, टेकों की उपलब्धता, ड्राय जोन वार्ड, गर्मी के चलते अतिरिक्त पेयजल पंप, पाईप की पूर्व व्यवस्था के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि किसी भी नगरीय निकाय में पेयजल जैसी बुनियादी व्यवस्था पर सर्वाधिक ध्यान दिया जाए ताकि नागरिकों को पानी की किल्लत सामना न करना पड़े। इसके साथ ही उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में डोर-टू-डोर कचरा एकत्रण, सड़कों और नालियों की सफाई के संबंध में नियुक्त कर्मचारियों की संख्या, एकत्रित कचरे के लिए शहर से दूर अपशिष्ट स्थल प्रबंधन की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता सभी नगर पालिका अधिकारियों की जवाबदेही है। इसके लिए सभी अधिकारी नियमित रूप से गलियों और नालियों की साफ सफाई से संबंधित फोटोग्राफी जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएं इसके साथ उन्होंने कहा कि व्यापारिक प्रतिष्ठानों को डस्टबिन रखने के लिए प्रोत्साहित करें इसके लिए नगरीय निकाय चैम्बर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों की बैठक लेकर इस निर्णय से अवगत कराए कि मैन रोड जैसे स्थानों में सभी दुकान और प्रतिष्ठान कचरे का प्रबंधन करें। इसके पश्चात भी कचरा प्रबंधन न किए जाने पर जुर्माने का प्रावधान नगर पालिका द्वारा किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वच्छता सर्वे रेटिंग में 5 स्टार रेटिंग लाने में कार्ययोजना तैयार करें। बैठक में कलेक्टर ने नगर पालिका क्षेत्र में आने वाले वाटिकाओं और खेल मैदानों की उचित साफ सफाई एवं विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। आगामी वर्षा ऋतु के दौरान वृक्षारोपण के लिए उन्होंने आवश्यक अनुरूप जगह चिन्हांकित करने का निर्देश देते हुए कहा कि पूरे मानसून सीजन में चिन्हित पार्को खेल मैदानों स्कूल और आंगनबाड़ियों के अहातों, गलियो, तालाबों के किनारे युद्ध स्तर पर वृक्षारोपण कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही मैन रोड में भी दुकानों के मध्य उपयुक्त स्थलों पर भी वृक्षारोपण किया जाए। इसके साथ ही बैठक में मॉडल शौचालय को निर्धारित मानदंडों के अनुसार निर्मित करने, टैक्स कलेक्शन को बढ़ाने, नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत स्वनिधि, एवं बैंक लिंकेज संबंधी कार्य, सहित नगरीय निकाय क्षेत्रों के तहत अधोसंरचनात्मक मद अन्तर्गत राज्य एवं केन्द्र प्रवर्तित योजना, 15वें वित्त आयोग एवं डीएमएफ मद अन्तर्गत निर्माणाधीन कार्य, प्रधान मंत्री शहरी आवास योजना,जैसे विभिन्न निर्माण कार्य के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे सहित दंतेवाड़ा, गीदम, बड़े बचेली, बारसूर , किरंदुल के नगरीय निकाय के अधिकारी उपस्थित थे।



**जगदलपुर 20 मई। उप मुख्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री विजय शर्मा और वनमंत्री केदार कश्यप ने रविवार को करंदोला ( भानपुरी ) स्थित स्वास्थ्य केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। अस्पताल में भर्ती मरीजों से भी स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में चर्चा भी की। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बसाक से अस्पताल की अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में संज्ञान भी लिये। इस दौरान नगर निगम महापौरी संजय पांडेय, बस्तर जनपद के अध्यक्ष, नगर निगम के पार्षद, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।**

## स्कूली बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए हमने किया कामः चौधरी

सुकमा, 20 मई। वित्तमंत्री श्री ओपी चौधरी अपने एकदिवसीय प्रवास में जगरगुंडा पहुंचे थे। बैंक के उद्घाटन के पश्चात वे जिला प्रशासन के द्वारा आयोजित समाधान शिविर में पहुंचे। शिविर में उन्होंने ग्रामीणों से मुलाक़ात कर उनका हाल चाल पूछा। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने वित्तमंत्री श्री चौधरी को शिविर में प्राप्त आवेदन पत्रों की जानकारी देते हुए निराकरण की स्थिति से अवगत कराया। समाधान शिविर को संबोधित करते हुए वित्तमंत्री श्री ओपी चौधरी ने कहा कि हमारी सरकार आने से हम तेंदूपत्ता 5500 रुपये में ख़रीद रहे हैं। पीएम आवास में 1 लाख 20 हज़ार रुपये की राशि ग्रामीणों को घर बनाने के लिए दी जा रही है। आज से करीब 12-13 साल पहले जब मैं संयुक्त रूप से दंतेवाड़ा जिले का कलेक्टर था तब सुकमा भी दंतेवाड़ा जिले में आता था तब बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए मैंने एजुकेशन सिटी, छू लो आसमा, उड़ते परिंदे, लाइवलीहुड कॉलेज की शुरुवात की थी। आज इसके बहुत ही अच्छे और सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं।

# दूरस्थ अंचल में बैंकिंग सुविधाओं का हो रहा प्रसार

■ 12 गांवों के लगभग 14 हजार लोगों को मिलेगा बैंक का लाभ

सुकमा, 20 मई। लंबे समय से नक्सल समस्या से प्रभावित रहे छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के जगरगुंडा क्षेत्र के लोगों को भी अब बैंकिंग सुविधा का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज मुख्यमंत्री निवास से सुकमा के जगरगुंडा में इंडियन ओवरसीज बैंक की शाखा का वर्चुअल शुभारंभ किया। बैंक की इस शाखा से आसपास के 12 गांव के लगभग 16 हजार ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधा का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने शुभारंभ कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन इस क्षेत्र के लोगों के लिए ऐतिहासिक है। लंबे समय से यह क्षेत्र नक्सलवाद से प्रभावित रहा है। पिछले डेढ़ वर्षों में हमारी डबल इंजन की सरकार में हम बस्तर क्षेत्र में शांति स्थापित करने में कामयाब हुए हैं। यही कारण है कि आज यहां बैंक की नई शाखा खुली है। लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार की सुरक्षा, विकास और विश्वास की रणनीति, सुरक्षा बलों के लगातार अभियान और केंद्र और राज्य सरकार के दृढ़ संकल्प से बस्तर अंचल के गांव तेजी से नक्सल समस्या से उबर कर विकास की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी में सभी ग्राम पंचायत में बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने की गारंटी दी गई है, जिस पर अमल करते हुए 24 अप्रैल राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर प्रत्येक विकासखंड की 10 - 10 ग्राम पंचायतों में 1460 अटल पंचायत डिजिटल सेवा केंद्र प्रारंभ किए गए हैं। जहां ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधाओं का लाभ मिलना प्रारंभ हो गया है। एक वर्ष में सभी ग्राम पंचायतों में इस सुविधा का विस्तार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को सुशासन तिहार की भी विस्तार से जानकारी दी। श्री साय ने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान उन्होंने स्वयं डिजिटल सेवा केंद्रों पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया है। ग्रामीण यहां बैंकिंग सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि जब वे दंतेवाड़ा में कलेक्टर थे, तब यह इलाका घोर नक्सल प्रभावित था। अंदरूनी इलाके में जाने के पहले सोचना पड़ता था।

## बस्तर जिले से 12697 परीक्षार्थी होंगे प्री-बीएड एवं प्री-डीएलएड परीक्षा में शामिल

■ जगदलपुर के साथ समीपस्थ 46 परीक्षा केन्द्रों पर दो पाली में होगी परीक्षा

जगदलपुर, 20 मई। कलेक्टर बस्तर श्री हरिस एस के निर्देशानुसार जिले में व्यापमं की 22 मई को होने वाली प्री-बीएड एवं प्री-डीएलएड परीक्षा हेतु सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सभी केन्द्राध्यक्षों को व्यापमं द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश के तहत विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 22 मई 2025 दिन गुरुवार को प्री-बीएड प्रवेश परीक्षा प्रातः 10 बजे से 12ः15 बजे तक एवं प्री-डीएलएड प्रवेश परीक्षा दोपहर 02 बजे से शाम 04ः15 बजे तक आयोजित किया जाएगा। स्कूली शिक्षा का दायित्व निभाने के लिए इस बार बस्तर जिले से करीब 12700 परीक्षार्थी प्री-बीएड (बेचलर ऑफ एजुकेशन) एवं प्री-डीएलएड (डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन) परीक्षा में शामिल होंगे। जिसमें प्री-बीएड हेतु 7448 परीक्षार्थी व प्री-डीएलएड हेतु 5249 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। दोनों पाली में कुल 12700 के करीब परीक्षार्थी उक्त परीक्षा में शामिल होंगे। उक्त परीक्षा के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर श्री मायानन्द चन्द्रा ने बताया कि परीक्षार्थी समय का विशेष ध्यान रखेंगे। बारिश एवं आंधी-तूफान की संभावना को देखते हुए सुबह के पाली में 9ः30 बजे ही पहुंच जाएं एवं शाम की पाली में 1ः30 बजे परीक्षा केन्द्र में पहुंच जाएं, साथ में अपना आईडी कार्ड जैसे आधार कार्ड, पेन कार्ड, पासपोर्ट, ड्रायविंग लायसेंस आदि में से कोई भी मूल कार्ड परीक्षा केन्द्र में जरूर लेकर आएं, वहीं अपना व्यापमं द्वारा जारी प्रवेश पत्र भी अनिवार्य रूप से साथ में रखें जो कि साफ-सुथरा हो। परिचय पत्र के बिना परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थी अनावश्यक सामान परीक्षा केन्द्र में बिलकुल नहीं लाएं। परीक्षा को सूचारू रूप से संचालित करने के लिए कलेक्टर श्री हरिस एस के निर्देशानुसार हेल्प नम्बर जारी किया जा रहा है, इस दिशा में कलेक्टोरेट में नोडल अधिकारी के कक्ष को हेल्प लाईन सेंटर बनाया गया है। उक्त परीक्षा सम्बन्धी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी श्री मायानन्द चंद्रा मोबाईल नम्बर 83192-22059, परीक्षा प्रभारी सहायक प्राध्यापक शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा जगदलपुर डॉ. अजय सिंह ठाकुर मोबाईल नम्बर 70009-74126 एवं कार्यालय सहायक परीक्षा शाखा श्री सम्पत राम बघेल मोबाईल नम्बर 62686-60403 से सम्पर्क किया जा सकता है।

## 23 मई को होगा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

दंतेवाड़ा, 20 मई। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र से प्राप्त जानकारी अनुसार एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान दंतेवाड़ा रेलवे स्टेशन के पास 23 मई 2025 को प्रातः 11 बजे से शाम 03 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेंट कैम्प हेतु ट्रेनर, एमसी ऑपरेटर, हेल्पर, फ्लेटरर्स की रिक्तियां प्राप्त हुई है, इच्छुक आवेदक, आवेदिका प्रातः 11 से 03 बजे तक निर्धारित स्थल पर अपनी समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल प्रतियां, एक सेट छायाप्रतियां, एक पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ सहित, उपस्थित होकर अवसर का लाभ ले सकते है। यह आयोजन पूर्णतः निःशुल्क है।

## 22 मई को नगर पंचायत बारसूर में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

दंतेवाड़ा, 20 मई। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र से प्राप्त जानकारी अनुसार नगर पंचायत बारसूर में 22 मई 2025 को प्रातः 11 बजे से शाम 03 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेंट कैम्प हेतु डेनेक्स बारसूर हेतु ऑपरेटर के 80 पद, गैर ऑपरेटर के 70 पदों की रिक्तियां प्राप्त हुई है, इस संबंध में इच्छुक आवेदक, आवेदिका प्रातः 11 से 03 बजे तक निर्धारित स्थल पर अपनी समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल प्रतियां, एक सेट छायाप्रतियां, एक पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ सहित, उपस्थित होकर अवसर का लाभ ले सकते है। यह आयोजन पूर्णतः निःशुल्क है।

## दिव्यांगजनों के लिए सुलभ एवं समावेशी चुनाव की दिशा में पहल

दंतेवाड़ा, 20 मई। दिव्यांग मतदाताओं की सुलभ, समावेशी एवं सम्मानजनक भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आज जिला कार्यालय के भू-स्थित सभाकक्ष में जिला एवं विधानसभा स्तरीय समितियों के गठन संबंधी बैठक आयोजित की गई। यह बैठक कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मूलचंद चोपड़ा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में दिव्यांगजनों की मतदान प्रक्रिया में भागीदारी को अधिक सुलभ एवं समावेशी बनाने हेतु अनेक अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। इनमें प्रमुख रूप से मतदान केन्द्रवार दिव्यांग मतदाताओं की पहचान कर उनका विस्तृत डाटा संधारण, जो दिव्यांगजन अभी तक मतदाता सूची में पंजीकृत नहीं हैं, उनका नाम जोड़ने की प्रक्रिया, तथा मतदान में आने वाली समस्याओं के समाधान हेतु विशेष जागरूकता अभियान चलाने जैसे बिंदु शामिल रहे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आयोग मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिव्यांग मतदाताओं के लिए समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

# समाधान शिविर में शामिल हुए डिप्टी सीएम शर्मा और वनमंत्री कश्यप

■ सरकार आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए,किया है शिविर का आयोजन

■ प्रभारी मंत्री ने की करन्दोला में महतारी सदन के लिए 29 लाख की घोषणा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर, 20 मई। दो दिवसीय बस्तर प्रवास के दौरान रविवार की शाम को उप मुख्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री श्री विजय शर्मा साथ में वनमंत्री श्री केदार कश्यप करन्दोला में सुशासन तिहार के तहत आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। समाधान शिविर को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का विभागीय अधिकारी उत्साह के साथ कर निराकरण कर समाधान शिविर में जानकारी दे रहे है, यह आम नागरिकों को तत्काल सुविधा देने की पहल है। इस दौरान उन्होंने करन्दोला में महतारी सदन के लिए 29 लाख की घोषणा भी की। वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि सरकार ने सभी नागरिकों के हितों को ध्यान रखकर जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। सरकार गांव, ग्रामीणों की समस्या को समझती है, गांवों की आवश्यकता को पूरा ध्यान रखती है,



इसलिए सुशासन तिहार का कार्यक्रम संचालित की है। आपके द्वारा दी गई आवेदनों पर विभागों के द्वारा तत्काल कार्यवाही की जा रही है। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप ने भी संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन तिहार, समाधान शिविर में आवेदन पर विभागीय अधिकारी तत्काल निराकरण कर रहे है इसका जरूर लाभ लें। कार्यक्रम में मेघावी छात्रों को सम्मानित किया गया साथ ही विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र, आवास की स्वीकृति आदेश पत्र, दिव्यांगजनों को ट्राई सायकल, किसानों को बीज वितरण भी किए। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री और वन मंत्री ने विभागीय स्टालों का निरीक्षण किया और प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति का जायजा लिया। कार्यक्रम में जगदलपुर नगर निगम महापौर श्री संजय पाण्डेय, जनपद पंचायत बस्तर के अध्यक्ष संतोष बघेल, जिला और जनपद पंचायत के सदस्य, कलेक्टर श्री हरिस एस, पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिंहा, जिला पंचायत सीईओ श्री प्रतीक जैन सहित ब्लॉक के अधिकारी उपस्थित रहे।

ज्ञात हो कि रविवार को जिले के दो विकासखंड में समाधान शिविर का आयोजन किया गया था। विकासखण्ड बस्तर के करन्दोला (लेम्प्स के पास) में आयोजित समाधान शिविर में सम्मिलित ग्रामों में विश्रामपुरी, भानपुरी, मुरकुची, कुम्हली, मुंडागुड़ा, नन्दपुरा, अमलीगुड़ा, बनियागांव, करन्दोला, बोड़नपाल, बेसोली, बाकेल, कुगांरपाल, गुमगा शामिल थे। इस शिविर में 4915 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 4909 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 06 लंबित हैं। सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मिला था। इसके अलावा विकासखण्ड-बकावण्ड के मूली में आयोजित शिविर में बोरीगांव, करंजी, कुम्हरावण्ड, बारदा, मूली, चापापदर, चिखलकरमरी, खमेसरी, किंजोली, पंडानार, नेगानार, मोहलई, रामपाल ग्राम पंचायत को शामिल किया गया था।

## एक नजर

### नगर सैनिकों भर्ती के लिए 30 मई तक आवेदन, लिखित परीक्षा 22 जून को

**गरियाबंद, 20 मई।** होमगार्ड विभाग में 1715 महिला नगर सैनिकों (छात्रावास ड्यूटी) तथा 500 नगर सैनिकों (जनरल ड्यूटी) के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु वर्ष 2024 में शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षा 04 संभागीय केंद्रों-रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर एवं अंबिकापुर में आयोजित की गई थी। जिसमें पात्र कुल 20 हजार 137 अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के लिये चयनित किया गया है। चयनित सभी अभ्यर्थियों की सूची विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है। चयनित सभी अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु छ.ग. व्यापम वेबसाईट के लिंक में जाकर रजिस्ट्रेशन एवं ऑनलाइन पंजीयन करना अनिवार्य होगा। जिसकी अंतिम तिथि 30 मई 2025 है। लिखित परीक्षा 22 जून 2025 को व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम)द्वारा राज्य के चार जिले रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर एवं अंबिकापुर में आयोजित की जायेगी। जिला सेनानी नगर सेना एवं जिला अग्निशमन अधिकारी गरियाबंद ने बताया कि विभाग द्वारा आबंटित एप्लीकेशन आईडी एवं जन्म तिथि डालकर अभ्यर्थी छ.ग.व्यापम की वेबसाईट पर लिखित परीक्षा हेतु आवेदन करेंगे। व्यापम द्वारा पंजीयन नंबर पर ही लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र जारी किया जायेगा। जिन पात्र अभ्यर्थी द्वारा छ.ग. व्यापम के वेबसाईट में जाकर पंजीयन एवं आवेदन सबमिट नहीं किया जायेगा वे अभ्यर्थी लिखित परीक्षा से वंचित होंगे। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वयं की होगी तथा इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं होंगे। अभ्यर्थी द्वारा होमगार्ड विभाग के वेबसाईट पर पूर्व में जमा किये गये ऑनलाईन आवेदन पत्र में किसी भी तरह का सुधार या संशोधन किये जाने की अनुमति नहीं होगी। व्यापम की वेबसाईट पर आवेदन पत्र को सफलतापूर्वक सबमिट करना अनिवार्य है।

### एस्पिरेशनल ब्लॉक फेलो के दो पदों पर भर्ती के लिए 29 मई तक आवेदन आमंत्रित

**गरियाबंद, 20 मई।** नीति आयोग, भारत सरकार के निर्देशानुसार आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम अंतर्गत गरियाबंद जिले के आकांक्षी ब्लॉक गरियाबंद एवं मैनपुर के लिए कुल 02 एस्पिरेशनल ब्लॉक फेलो पद पर भर्ती की जायेगी। यह पद आउटसोर्सिंग प्रक्रिया के तहत भर्ती की जायेगी। आउटसोर्सिंग एजेंसी, कम्पनी, फर्म, एनजीओ के चयन के लिए नियमानुसार निर्धारित प्रारूप में निविदा आमंत्रित की गई है। इच्छुक आवेदक द्वारा अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में सीलबंद लिफाफे में 29 मई 2025 तक कार्यालय जिला पंचायत, गरियाबंद में पंजीकृत डाक पोस्ट के माध्यम से जमा किया जा सकता है। प्राप्त आवेदनों को 30 मई 2025 को अपरान्ह 04.00 बजे कार्यालय जिला पंचायत गरियाबंद के सभागार कक्ष में निर्णय हेतु गठित समिति के समक्ष खोला जायेगा। निविदा की विस्तृत विवरण, शर्त व तकनीकी एवं वित्तीय निविदा का प्रपत्र जिले के आधिकारिक वेबसाईट पर अपलोड की गई है, जिसका अवलोकन किया जा सकता है। किसी भी शंका का समाधान हेतु कार्यालय अवधि के दौरान कार्यालय जिला पंचायत, गरियाबंद से सम्पर्क किया जा सकता है।

### 31 मई को बेलटुकरी में होने वाला समाधान शिविर अब कौंदकेरा में

**राजिम 20 मई ।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में सुशासन तिहार 2025 का किया जा रहा है। जिसके तहत तृतीय एवं अंतिम चरण में 05 से 31 मई तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 31 मई 2025 को ग्राम पंचायत बेलटुकरी में समाधान शिविर आयोजित किया गया था, जिसे संशोधित करते हुए 31 मई 2025 को ही शासकीय हाईस्कूल कौंदकेरा प्रांगण में समाधान शिविर का आयोजन किया जायेगा।

### पीएम शासकीय नटवर इंग्लिश स्कूल में समर कैंप आयोजित



**रायगढ़, 20 मई।** पीएम श्री शासकीय नटवर इंग्लिश स्कूल, रायगढ़ में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान चल रहे समर कैंप के अंतर्गत आज का दिन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक, रचनात्मक और आनंद दायक अनुभवों से भरा रहा। कैंप में आयोजित विविध गतिविधियों ने बच्चों को मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक स्तर पर सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।दिन की शुरुआत प्रातः योग सत्र से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन, प्राणायाम और स्ट्रेचिंग क्रियाओं का अभ्यास किया। इसके पश्चात आयोजित ध्यान सत्र ने छात्रों को आत्मचिंतन, एकाग्रता और मानसिक शांति का महत्व समझाया। इसके बाद विद्यार्थियों को टीम निर्माण से जुड़ी रोचक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिला। इन खेलों और सामूहिक अभ्यासों ने विद्यार्थियों को नेतृत्व, सहयोग, विश्वास और प्रभावी संवाद जैसे जीवन-कौशल सिखाए। बच्चों ने टीम में कार्य करते हुए अपने विचार साझा किए और समस्याओं के समाधान के लिए मिलकर प्रयास किया।विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रूबी सज्जू वर्गीस ने कहा, हमारा उद्देश्य है कि विद्यार्थी केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन के विविध आयामों को भी समझें। इस प्रकार के समर कैंप बच्चों को एक समग्र शिक्षा का अनुभव देते हैं, जहाँ वे आनंद के साथ-साथ जीवन जीने की कला भी सीखते हैं। आज के समर कैंप ने यह सिद्ध कर दिया कि विद्यालय केवल पुस्तकीय शिक्षा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि व्यक्तित्व विकास का एक सशक्त माध्यम हैं। विद्यार्थियों की भागीदारी, रचनात्मकता और उनके चेहरों की मुस्कान इस आयोजन की सफलता की गवाही दे रही थी। खेल प्रतियोगिताओं में दिखा जोश और अनुशासन शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं।

# अभियान चलाकर राजस्व प्रकरणों का समय सीमा में तेजी से करें निराकरण:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद, 20 मई।** कलेक्टर बी.एस. उइके ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग के अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अनुविभाग एवं तहसीलवार लंबित राजस्व प्रकरणों की जानकारी लेकर विशेष अभियान चलाकर प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने राजस्व अधिकारियों से अविवादित नामांतरण, डायवर्सन, सीमांकन, भू-अर्जन, त्रुटि सुधार, वृक्ष कटाई, आर.बी.सी. 6-4, आय, जाति प्रमाण पत्र सहित विभिन्न राजस्व प्रकरणों के निराकरण के स्थिति की जानकारी ली। साथ ही स्वामित्व योजना एवं एग्री स्टेक अंतर्गत किसानों के पंजीयन की भी जानकारी ली। साथ ही लंबे समय से दर्ज प्रकरणों के निराकरण के लिए आवश्यक मार्गदर्शन एवं सलाह भी दिये। कलेक्टर श्री उइके ने कहा कि एसडीएम एवं तहसीलदार-नायब तहसीलदार न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को अभियान चलाकर तेजी से निराकृत किया जाए। साथ ही सीमांकन के प्रकरणों के निराकरण के लिए आर.आई. एवं पटवारियों की टीम बनाकर गंभीरतापूर्वक कार्य करें। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों एवं मैदानी अमलों को गंभीरतापूर्वक कार्य करते हुए लंबित प्रकरणों को निराकृत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि लोगों की सहुलियत को ध्यान में रखते हुए प्रकरणों को अनावश्यक अधिक समय तक लंबित न रखा जाए। समय-सीमा के भीतर ही सभी प्रकरणों को निराकृत कर लिया जाए। कलेक्टर ने कहा कि प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। संबंधितों के खिलाफ शिकायत प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही भी की जायेगी। इस दौरान बैठक में अपर कलेक्टर श्री अरविन्द पाण्डेय, श्री प्रकाश राजपूत सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं अन्य राजस्व अधिकारी मौजूद रहे।इस दौरान कलेक्टर ने बैठक में मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से प्राप्त आवेदनों, आर.बी.सी. 6-4 के तहत प्रकरणों की स्थिति एवं लंबित मुआवजा, अतिक्रमण, बेदखली पर कार्यवाही की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने जिले में आय, जाति, निवास, जन्म प्रमाण पत्रों का सेचुरेशन अभियान, मसाहती, असर्वेक्षित ग्रामों का सर्वेक्षण, डिजिटल हस्ताक्षर पटवारी की डिजिटल हस्ताक्षर से अभिलेखों के सत्यापन की स्थिति, आधार प्रविष्टि की स्थिति, भू नक्शा अद्यतीकरण, राजस्व अभिलेखों में त्रुटि सुधार, भू-बंटन रिकार्ड दूरूस्ती, वन अधिकार पट्टा हेतु आवेदन, हाईकोर्ट में लंबित प्रकरणों, शासकीय विभागों को भूमि आवंटन के लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। अवैध निर्माण के नियमितीकरण हेतु पूर्व में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति, अवैध कॉलोनी निर्माण पर कार्यवाही एवं प्रकरण दर्ज की जानकारी सहित अन्य राजस्व प्रकरणों की अनुविभागवार गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने आम नागरिकों की समस्या को ध्यान में रखते हुए लंबित राजस्व प्रकरणों को समय-सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रकरण निराकरण पश्चात उसका अभिलेख दुरुस्तीकरण भी तय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि छुटे हुए बच्चों के जाति, निवास प्रमाण पत्र बनाने, आरबीसी 6-4 एवं फसल क्षति के प्रकरणों पर कार्ययोजना बनाकर मुआवजा प्रकरणों का गंभीरतापूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिये।

# महादेव जलाशय के सौंदर्यीकरण का भाजपा जिलाध्यक्ष और नपाध्यक्ष ने किया अवलोकन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 20 मई।** नगर का ऐतिहासिक महादेव तालाब के सौंदर्यकरण के कार्य में ठेकेदार कर रहा है भारीअनियमिताये पिछले कई वर्षों से चल रहा कार्य अभी भीअधूरा है और गुणवत्ताहीन कार्य करने से भाजपा जिलाध्यक्ष सहित नगरपालिका अध्यक्ष और सभी पार्षदों मैं भारी नाराजगी देखी जा रही है गुणवत्ता हीन कार्य को लेकर नगरपालिका के मुख्य कार्य पालन अधिकारी ने क ई बार संबंधित ठेकेदार को नोटिस भेजा है बावजूद ठेकेदार ना तो कार्य स्थल आ रहा है और ना ही कोई संतोष जनक जवाब दे रहा है इससे जनप्रतिनिधियों में काफी नाराजगी देखी जा रही है सोमवार को इसी मामले को लेकर भाजपा की एक टीम जिलाध्यक्ष और नगरपालिका अध्यक्ष कै साथ महादेव तालाब मे चल रहे निर्माण कार्य का.अवलोकन किया वहां भी चल रहे कार्य मे काफी अनियमिताये पाई गई । इस पूरे मामले को लेकर भाजपा की टीम ने जिला कलेक्टर सहित संबंधित मंत्री से शिकायत की ही तथा निर्माण कार्य रोकने तथा सबधित ठेकेदार के विरुद्ध कार्य वाही करने का.मांग की है यहाँ बतादें तालाब सौंदर्य करण का कार्य लगभग छै करोड़ के आसपास का बताया गया है कार्य में कोई प्रगति नहीं है और गुणवत्ता हीन कार्य किया जा रहा है टीम ने तत्काल कार्य निरस्त करने की मांग रखी है

### शत प्रतिशत गर्भवती महिलाओं को करें चिन्हांकित-कलेक्टर

**रायगढ़,20 मई।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज समय-सीमा की बैठक में महिला बाल विकास और मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को अगले 2 सप्ताह में जिले में शत प्रतिशत गर्भवती महिलाओं के चिन्हांकन का काम मिशन मोड में करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से गर्भवती महिलाओं की जानकारी विभागों के पास होनी चाहिए। जिससे उन्हें स्वास्थ जांच और गर्भावस्था के विभिन्न चरणों के अनुसार खानपान के लिए जानकारी के साथ ही उनके स्वास्थ्य की मॉनिटरिंग की जा सकेगी।

इससे संस्थागत प्रसव के साथ ही होने वाले बच्चे को कुपोषण से मुक्त रखने में सहायता मिलेगी। उन्होंने दोनों विभागों के अमले को यह काम पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।

## भाजपा की मंडल कार्यकारिणी घोषित









**बीजापुर, 20 मई।** भारतीय जनता पार्टी जिला ईकाई बीजापुर द्वारा आज मंडल कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। जिला अध्यक्ष घासीराम नाग ने पदाधिकारियों के नामों की सूची जारी की है। जिसमें प्रत्येक मंडल में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष और मंत्री पदों पर नियुक्ति की गई है।इसमें बीजापुर, भैरमगढ़,भोपालपट्नम,उसूर, कुटरू शामिल है। इसमें अध्यक्ष इस तरह है, बीजापुर से अशोक राव, भैरमगढ़ से चिन्नाराम तेलम, भोपालपट्नम से राकेश केतारम, उसूर से तिरथ जुमार, कुटरू से लालू पोड़ियम शामिल है, तो वही उपाध्यक्ष के पद पर बीजापुर मंडल से सुरेश परतागिरी, संदीप तेलम, टमल साहनी, बसंती लिंगम, मुन्नालाल जुमड़े, लच्छू हेमला, महामंत्री लक्ष्मी नाम पाण्डे, कोषाध्यक्ष मुकेश राठी, मंत्री श्रीनिवास कटला, कृष्णा राना, सुंदर पुजारी, जयसिंह साहनी, सहदेव पावरे, भैरमगढ़ से उपाध्यक्ष मन्नूराम लेकाम, घासीराम समरथ, गोमती गागड़ा, पाकलू कोरसा, सोमारू हपका, मुन्नाराम ओयाम, महामंत्री जगतराम बघेल, नितेश पाण्डे, कोषाध्यक्ष रमेश समरथ, मंत्री मनीषा कुंजाम, श्याम लाल कड़ती, वंगा कुरसम, मंगलू आत्रा,भोपालपट्नम से उपाध्यक्ष विनोद कुमरम, चिकूड गणपत, भवानी कोण्डरा, रितू मडे, महामंत्री अरूण भगत, गिरिजा शंकर तामड़ी, कोषाध्यक्ष सचिन आत्रम, मंत्री केपी राजू, साई कृष्ण चेट्टी, जुमार नारायण, रंजिता तामड़ी, प्रमोद पायम, उसूर से उपाध्यक्ष मल्लेश दुब्बा, विजय चापा, लक्ष्मण गटपल्ली, संजेश कड़ती, रामचंद्रम बुरका, गीरिसा मंडल, महामंत्री हरे कृष्णा मुण्ड, बीरबल माड़वी, कोषाध्यक्ष मनीष कुमार लिंगम, ओम प्रकाश बस्के, मंत्री भास्कर जव्वा, एर्राना अनमुल, अशोक सीपी, कुटरू से उपाध्यक्ष रैनू पुंगाटी, रमेश पोंदी, सुधरू मिच्चा, गोलू मंडावी, महामंत्री बण्डेराम वाचम, दिनेश माड़वी, कोषाध्यक्ष बोदीराम वाचम, मंत्री लखमूराम कोरसा, गणेश सण्डरा, प्रदीप मज्जी शामिल है।

# युक्तियुक्तकरण स्कूलों की गुणवत्ता सुधारने के लिए

**रायगढ़, 20 मई।** छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश की स्कूली शिक्षा व्यवस्था को अधिक सशक्त, संतुलित और गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण किए जाने की पहल की है। यह निर्णय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप लिया गया है, ताकि शिक्षक संसाधनों का अधिकतम और समान उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। प्रदेश में वर्तमान में 30 हजार 700 शासकीय प्राथमिक शालाएं संचालित हो रही हैं, जिनमें छात्र-शिक्षक अनुपात 21.84 है। वहीं 13 हजार 149 पूर्व माध्यमिक शालाओं में यह अनुपात 26.2 है, जो राष्ट्रीय औसत की तुलना में बेहतर स्थिति को दर्शाता है। इसके बावजूद कई विद्यालयों में शिक्षक संसाधनों की कमी देखने को मिल रही है। वर्तमान में प्रदेश की 212 प्राथमिक शालाएं पूर्णतः शिक्षक विहीन हैं, जबकि 6,872 प्राथमिक शालाएं एकल शिक्षकीय हैं। इसी प्रकार 48 पूर्व माध्यमिक शालाएं शिक्षक विहीन हैं तथा 255 शालाएं एकल शिक्षकीय श्रेणी में आती हैं।

शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अनुसार, प्राथमिक शालाओं में 60 छात्रों तक 2 सहायक शिक्षक तथा प्रत्येक 30 अतिरिक्त छात्रों पर एक अतिरिक्त सहायक शिक्षक रखने का प्रावधान है। पूर्व माध्यमिक शालाओं में 105 छात्रों तक 3 शिक्षक और 1 प्रधान पाठक तथा प्रत्येक 35 छात्रों पर एक अतिरिक्त शिक्षक नियुक्त किया जाना है। छत्तीसगढ़ में कई प्राथमिक विद्यालयों में प्रधान पाठक के पद अधिनियम के लागू होने से पहले से स्वीकृत हैं, इसलिए शिक्षक गणना में इन पदों को भी सम्मिलित किया गया है। वर्ष 2008 के बाद प्रारंभ हुए विद्यालयों में प्रधान पाठक का पद स्वीकृत नहीं है प्रदेश में इस समय प्राथमिक शालाओं में कुल 77 हजार 845 सहायक शिक्षक कार्यरत हैं, जबकि पूर्व माध्यमिक शालाओं में 55 हजार 692 शिक्षक कार्यरत हैं। यदि शिक्षक विहीन प्राथमिक शालाओं में 2-2 तथा एकल शिक्षकीय शालाओं में 1-1 अतिरिक्त शिक्षक की नियुक्ति की जाए तो कुल 7 हजार 296 सहायक शिक्षकों की आवश्यकता होगी, जबकि उपलब्ध अतिशेष सहायक शिक्षक केवल 3 हजार 608 हैं। इसी प्रकार पूर्व माध्यमिक स्तर पर शिक्षक विहीन शालाओं में 4, एकल शिक्षकीय में 3, दो शिक्षकीय में 2 और तीन शिक्षकीय में 1 अतिरिक्त शिक्षक की आवश्यकता होगी। इस मानक के अनुसार कुल 5 हजार 536 शिक्षकों की आवश्यकता बनती है, जबकि केवल 1 हजार 762 शिक्षक ही अतिशेष हैं।

इससे यह स्पष्ट है कि राज्य में शिक्षकों की संख्या पर्याप्त होने के बावजूद उनका वितरण असमान है। कुछ विद्यालयों में जहां शिक्षक नहीं हैं, वहीं अन्य विद्यालयों में आवश्यकता से अधिक शिक्षक पदस्थ हैं। उदाहरण के लिए, लगभग 1 हजार 500 प्राथमिक शालाएं ऐसी हैं जहां 5 या उससे अधिक शिक्षक कार्यरत हैं। इसी प्रकार 3 हजार 465 पूर्व माध्यमिक शालाओं में 5 शिक्षक तथा 1 हजार 700 पूर्व माध्यमिक शालाओं में 5 से अधिक शिक्षक कार्यरत हैं। यह असंतुलन शिक्षा की गुणवत्ता में बाधक है, जिसे युक्तियुक्तकरण द्वारा सुधारा जा सकता है। उच्च माध्यमिक व हाई स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति विषय-वार सेटअप के अनुसार होती है, इस कारण वहाँ अतिशेष शिक्षकों की संख्या अपेक्षाकृत नगण्य है।

युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को लेकर यह स्पष्ट किया गया है कि यह किसी भी विद्यालय को बंद करने की प्रक्रिया नहीं है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रस्तावित क्लस्टर विद्यालय अवधारणा के अनुरूप एक ही परिसर में संचालित प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में केवल प्रशासनिक समन्वय होगा, न कि किसी विद्यालय या पद की समाप्ति। उदाहरण के लिए, यदि किसी परिसर में तीनों स्तर के विद्यालय हैं, तो प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालयों का समायोजन उच्चतर विद्यालय परिसर में किया जाएगा, जिससे भविष्य में बेहतर अधोसंरचना और शैक्षिक संसाधन उपलब्ध कराए जा सकें।

### युक्तियुक्तकरण के लाभ-

शिक्षक विहीन एवं एकल शिक्षकीय विद्यालयों में अतिशेष शिक्षकों की तैनाती संभव होगी। अतिरिक्त शिक्षक की उपलब्धता बढ़ेगी। स्थापना व्यय में कमी आएगी। एक ही परिसर में पढ़ाई की निरंतरता से बच्चों के ड्रॉपआउट में कमी आएगी। लगभग 89 प्रतिशत बच्चों को तीन बार अलग-अलग स्तरों पर प्रवेश लेने की आवश्यकता नहीं होगी। छात्र ठहराव दर में वृद्धि होगी। मजबूत अधोसंरचना प्रदान करना सुगम होगा।छत्तीसगढ़ सरकार का यह प्रयास शिक्षकों के संसाधनों का बेहतर और समान वितरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक दूरदर्शी एवं व्यावहारिक कदम है। इससे न केवल शालाओं की कार्यप्रणाली में सुधार होगा, बल्कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ भी सुलभ रूप से प्राप्त होगा।

# समाधान शिविरों में लोगों को योजनाओं से लाभान्वित किया




**रायगढ़, 20 मई।** सुशासन तिहार अंतर्गत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत रायगढ़ के खैरपुर, तमनार के धौराभांटा, लैलूंगा के लारीपानी, धरमजयगढ़ के बोरो, इसी प्रकार नगरीय निकाय अंतर्गत रायगढ़ स्टेडियम एवं पुसौर में कोलतापारा सामुदायिक भवन में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जहां विभागीय योजनाओं की जानकारी के साथ ही प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में आवेदकों को जानकारी प्रदान की गई। मौके पर पात्र हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया।

सुशासन तिहार अंतर्गत लैलूंगा के लारीपानी में आयोजित समाधान शिविर राज्यसभा सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह शामिल हुए। सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह ने जन सामान्य को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप जन सामान्य की समस्याओं के समाधान के लिए सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। समाधान शिविर के माध्यम से लोग अपनी समस्याए मांग एवं शिकायतों का त्वरित निराकरण प्राप्त कर रहे हैं। समाधान शिविर का उद्देश्य जिले के अंतिम छोर के व्यक्ति की समस्या का समाधान करने के साथ ही उन्हें विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करना है।

नगरीय निकाय अंतर्गत रायगढ़ स्टेडियम बोईरदादर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महापौर श्री जीवर्धन चौहान एवं सभापति श्री डिग्री लाल साहू भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने विभागीय स्टॉल का अवलोकन करते हुए प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की स्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में पहुंच कर स्वास्थ्य जांच का लाभ भी लिया। मौके पर पुष्पा देवांगन, प्रमिला तिर्की, अंजली सिदार एवं रायमनी तिर्की को राशन कार्ड वितरित किया गया। इस अवसर पर श्री पंकज कंकरवाल, श्री मुक्ति नाथ बबुआ, श्री अमित शर्मा, श्रीमती त्रिवेणी डहिरे, श्री पदुम लाल परजा, श्री अजय मिश्रा, नेहा देवांगन, उपायुक्त श्री सुतीक्षण यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

शिविर में पात्र हितग्राहियों को विभागीय योजना से लाभान्वित भी किया गया। इस दौरान पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की खुशियों की चाबी सौंपी गई। लारीपानी निवासी श्रीमती उत्तरा राठिया, श्री मुनीराम राठिया एवं श्रीमती निरपति राठिया ने कहा कि आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने से वे पक्का आवास नहीं बना पा रहे थे, लेकिन आज पीएम आवास योजना के माध्यम से उनके पक्के आवास का सपना पूरा हुआ है। इससे बारिश के दिनों में होने वाली समस्याओं से निजात मिलेगी। राशन कार्ड हितग्राही फुलीकुंडा निवासी श्रीमती सुमित्रा राठिया, रमिला राठिया, झगरपुर निवासी दुतिका खड़िया ने कहा कि शिविर में राशन कार्ड मिलने से खुशी ही रही है, इससे अब उन्हें खाद्यान्न प्राप्त करने में समस्या नहीं होगी। इसी प्रकार राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा सामुदायिक निवेश कोष के माध्यम से 33 लाख 60 हजार की राशि चेक के माध्यम से महिला कल्याण उपसंघ जगतपुर को प्रदान किया गया। इससे स्व-सहायता समूहों की महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त एवं स्वावलंबी हो पाएंगी।

पशुधन विभाग द्वारा कृमिनाशक, कीलनी नाशक एवं मिनरल मिक्सर का वितरण किया गया। उद्यानिकी विभाग द्वारा विभिन्न स्व-सहायता समूह को फलदार वृक्ष वितरित किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती माताओं की गोद भराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन करवाया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष जिला पंचायत रायगढ़ श्री दीपक सिदार, सदस्य जिला पंचायत श्रीमती शांता भगत, अध्यक्ष जनपद पंचायत लैलूंगा श्रीमती ज्योति भगत, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत लैलूंगा श्री मनोज अग्रवाल, जनपद सदस्य श्रीमती सौभागी गुप्ता, श्री हरिशंकर राठिया, श्रीमती रहस बाई चौहान, श्रीमती कौशल्या साहू, श्री मनोज सतपथी, संजय पटेल, एसडीएम सुश्री अक्षा गुप्ता, तहसीलदार शिवम पाण्डेय, सीईओ श्री सनत नायक सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

सुशासन तिहार के तीसरे चरण में 20 मई को जिले के 04 स्थानों में प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें घरघोड़ा के अम्बेडकर चौक सामुदायिक भवन, धरमजयगढ़ के मंगल भवन नीचेपारा, किरोड़ीमल नगर के प्राथमिक शाला स्कूल रेलवे लाईन पारा एवं खरसिया के नवीन कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला शामिल है।

शासकीय हेमसुन्दर गुप्ता उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय महापल्ली में तारमण्डल प्रदर्शन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने एवं प्राचीन सभ्यता की जानकारी देने 3-डी में हुआ प्रदर्शन



**रायगढ़, 20 मई।** शासकीय हेमसुन्दर गुप्ता उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय महापल्ली, रायगढ़ में तारमण्डल प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण सोच विकसित करने इस प्रदर्शनी में प्राचीन सभ्यता की जानकारी, अंतरिक्ष के बारे में, ब्रम्हाण्ड के ब्लैक होल, पृथ्वी पर उल्कापिंड के टकराने से डॉयनासोर का धरती से विलुप्त होना, धरती में ज्वालामुखी से संबंधित एवं चंद्र ग्रहण सूर्य ग्रहण जैसे विभिन्न भौगोलिक घटनाओं का 3 डी ऑडियो-विडियो प्रदर्शन किया गया। जिसे उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भौगोलिक घटनाओं को बड़े उत्साहपूर्वक देखा एवं समझा। इसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं में विज्ञान की बारीकियों के साथ अवगत करना एवं विषय के प्रति रुझान बढ़ना था।

कार्यक्रम प्रातः 8 से दोपहर 1 बजे तक अयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित संकुल स्तर के सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के बच्चे, सेजेस लोईंग के छात्र-छात्राओं के साथ ही सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा बच्चों साथ आए हुए पालक तथा ग्रामीणजनों सहित कुल 480 लोग इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।कार्यक्रम में संस्था की प्राचार्य श्रीमती जे.सुजाता राव एवं अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ ही सभी छात्र-छात्राओं से अपना अनुभव साझा किया। ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन से लोग अत्यंत हर्षित एवं उत्साहित थे। उन्होंने इस प्रकार के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि जिले के अन्य स्कूलों में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित की जानी चाहिए, ताकि बच्चों में एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने एवं भौगोलिक बदलाव को समझने में आसानी हो।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक मंगाए गए ऑनलाइन आवेदन

**रायगढ़, 20 मई।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2025 हेतु ऑनलाईन आवेदन 31 जुलाई 2025 तक मंगाए गए है। आवेदन प्राप्त किए जाने हेतु पोर्टल https://awards.gov.in 01 अप्रैल 2025 से लाइव कर दिया गया है। पुरस्कार हेतु आवेदन केवल ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त किए जायेंगे। पोर्टल पर दो विकल्प है जिनमें आवेदक बच्चा स्वयं फार्म भर सकता है या कोई अन्य अर्थात माता-पिता/अधिकारी/शिक्षक आदि भी बच्चे का नामांकन कर सकते है।जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि देश के मेधावी बच्चों को सम्मानित करने हेतु भारत सरकार, महिला एवं बाल विकास विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी)की स्थापना की गई है। इस पुरस्कार का उद्देश्य उन बच्चों को उचित प्रोत्साहन देना है जिन्होंने दूसरों के लिए असाधारण बहादुरी एवं असाधारण क्षमताओं और उत्कृष्ट उपलब्धियों वाले बच्चे, जो रोल मॉडल है और जिन्होंने खेल, सामाजिक सेवा विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, संरक्षण, कला, संस्कृति और नवाचार के क्षेत्र में समाज पर व्यापक और दृश्यमान प्रभाव डाला है। पुरस्कार हेतु पात्र आवेदक जो भारतीय नागरिक है और भारत में रहता है। कोई भी बच्चा, जिसकी आयु 5 वर्ष से अधिक है और 18 वर्ष (31 जुलाई 2025 को)से अधिक नहीं है। घटना/उपलब्धि आवेदन/नामांकन की प्राप्ति की अंतिम तिथि से 2 वर्ष के भीतर होना चाहिए।

# 10वीं, 12वीं बोर्ड परीक्षा में आत्मानंद के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 20 मई।** छ.ग. बोर्ड की 10वीं, 12वीं की परीक्षा 2025 में स्वामी आत्मानंद ग.प्र.दे. उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय छुरा के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का अपने शिक्षकों व माता-पिता का नाम रोशन किया। कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 86.04 प्रतिशत रहा। कक्षा 10 के कुल 43 विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए जिसमें 11 छात्र प्रथम श्रेणी, 20 छात्र द्वितीय श्रेणी, 6 छात्र तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। जिसमें जागेश कुमार पिता संतोष कुमार ने 600 में 551 अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान, राजा बघेल पिता ओमप्रकाश बघेल ने 600 में 527 अंक प्राप्त कर 'द्वितीय स्थान, टीकम चंद साहू पिता विजय कुमार ने 600 में 498 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा 12 वीं का परीक्षा परिणाम 90.14 प्रतिशत रहा। कक्षा 12 वी से कुल 71 विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा मे शामिल हुए। जिसमें 26 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में 34 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में, 04 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए।कामर्स संकाय के रौनक देवांगन पिता टेप कुमार देवांगन ने 500 में 426 अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान तथा कृष्णा नेताम पिता बीर सिंग ने 500 में 424 अंक से द्वितीय स्थान व विज्ञान संकाय के छात्र तेजस्वी सिंह ध्रुव पिता टोमन सिंह ने 500 में 413 अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्रों के कठिन परिश्रम व शिक्षकों के मार्गदर्शन के कारण गत वर्ष के परीक्षा परिणाम से इस वर्ष बेहतर परिणाम प्राप्त हुआ।






सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को संस्था के प्राचार्य एन.सी.साहू शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भवानी शंकर सेन, नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी नाथसिंह निषाद, नगर पंचायत उपाध्यक्ष शमीम खान पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष खोमन चन्द्राकर, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष रिंकू सचदेव, पार्षद चित्रलेखा ध्रुव, रजनी लहरें, भोलेशंकर जायसवाल, बलराज पटेल, हरीश यादव, वरिष्ठ पत्रकार यशवंत यादव, नरेंद्र तिवारी, प्रकाश यादव, यामिनी चन्द्राकर, कुलेश्वर सिन्हा, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री इमरान मेमन, समाज सेवी शीतल ध्रुव, मनोज पटेल, लीना दुबे, भारती तोरण साहू, एवं सभी शिक्षकों ने हार्दिक बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## समाचार संक्षेप

### सशिमं के कुश यदु ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 97.5% अंक प्राप्त कर बढ़ाया मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा -नेवरा, 20 मई।** शहर का गौरव कुश यदु को माध्यमिक शिक्षा मडल परीक्षा में 97.5 प्रतिशत सरस्वती शिशु मंदिर सासाहोली (तिल्दा) के कक्षा 10वीं में माध्यमिक शिक्षा मंडल छत्तीसगढ़ परीक्षा में सासाहोली निवासी कश यदु 97.5 प्रोतेशत अंक प्राप्त करते हुये शाला को गौरवान्वित किया। तिल्दा ब्लाक में प्रथम स्थान प्राप्त किये। इस उपलब्धि के लिये कुश यदु ने स्कूल के आचारयों एवं माता उमा यदु पिता कमलकिशोर यदु और दादा हरिराम यदु का मार्गदर्शन मानते हुये,



कुश यदु के अभिभावकों ने स्कूल के समस्त गुरू माताओं एवं गुरूजनों का आभार माना है व शिक्षा के क्षेत्र में हमारे तिल्दा नगर के नाम रोशन करने के लिए रानी सौरभ जैन सभापति स्वस्थ शिक्षा एवं चिकित्सा विभाग ने भी उन्हें बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### भाजपा कुरुद मण्डल महामंत्री के द्वितीय कार्यकाल के लिए हार्दिक आभार : बैस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद, 20 मई।** गत दिवस भाजपा कुरुद मण्डल कार्यकारिणी का विस्तार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देशानुसार एवम प्रदेश महामंत्री रामु रोहरा, तथा पूर्व केबिनेट मंत्री, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य, कुरुद विधानसभा के लोकप्रिय विधायक अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन पर, जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस के अनुशंसा -अनुमोदन पर किया गया। जिसके तहत कुरुद मण्डल महामंत्री का पुनः दायित्व मिलने पर प्रभात बैस ने प्रदेश नेतृत्व, जिला नेतृत्व, मण्डल नेतृत्व तथा कुरुद के लोकप्रिय विधायक, प्रदेश प्रवक्ता अजय चंद्राकर का आभार व्यक्त किया, भाजपा के सभी दायित्यवान पदाधिकारियों, कार्यकर्ता, सभी नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों चुनाव के



सभी प्रत्याशीगण, शुभचिंतकों, मित्रो का भी आभार व्यक्त किया और आगे कहा की भाजपा के प्रखर राष्ट्रवादी विचारधारा, गांधीवादी दृश्टिकोण, सकारात्मक पंथनिरपेक्षता, मूल्य आधारित राजनीति, लोकतांत्रिक निष्ठा पर आधारित कार्य करना सौभाग्य की बात है भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व, प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर कार्यकर्ता वर्षभर समाज हित, देश हित में राष्ट्र को सर्वोपरि मानकर कार्य करते है चाहे सत्ता पक्ष में हो या विपक्ष में हो। आज भाजपा केवल पार्टी नही जन आन्दोलन बन चुका है चाहे कैसी भी परिस्थिति हो पार्टी के भाई बहन कार्य करने से पीछे नही हटते।

### नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण के लिए 30 मई तक आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार, 20 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत् जिले के युवाओं के लिए बलौदाबाजार में संचालित कोर्स जनरल ड्युटी असिस्टेंट, सोलर पेनल इंस्टॉलेशन टेक्नीशियन, गुड सर्विस टैक्स (जीएसटी), जल वितरण संचालक, योगा इंस्ट्रक्टर, असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, फ्रिश सीड ग्रोवर, गार्डनर एवं भाटापारा में संचालित कोर्स मोबाईल फोन हार्डवेयर रिपेयर टेक्नीशियन, रिटेल सेल्स एसोसिएट, कसडोल में संचालित कोर्स मैनुअल मेटल आर्क वेल्डिग उपरोक्त कोर्स में नि:शुल्क प्रशिक्षण दी जायेगी। शैक्षणिक योग्यता 5वीं, 10वी, 12वी उत्तीर्ण, उम्र 18 से 45 वर्ष होना चाहिए। आवश्यक दस्तावेज, शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 02 नग पासपोर्ट फोटो, राशन कार्ड, जिला कौशल विकास प्राधिकरण बलौदाबाजार, संयुक्त जिला कार्यालय, परिसर कक्ष क्र.-70 एवं जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सकरी बलौदाबाजार में 30 मई 2025 तक आवेदन जमा कर सकते है। अधिक जानकारी हेतु फोन नं. 07727-299265 पर कर सकते है।

## एक नजर

### राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम ने बलौदाबाजार जिलाध्यक्ष पद के लिये गोपी साहू को दी हरी झंडी

**तिल्दा-नेवरा, 20 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम संबंध शाखा नरेंद्र मोदी विचार मंच/मिशन न्यू इंडिया के प्रदेश महासचिव एवं रायपुर जिला के प्रभारी दास साहू के अनुशंसा पर जिला बलौदाबाजार के जिला अध्यक्ष के पद पर बलौदाबाजार जिला के ग्राम खिलोरा निवासी गोपी साहू द्व भारत माता के सपूत को राष्ट्र निर्माण में सहयोग करने के लिए बलौदाबाजार भाटापारा के जिला अध्यक्ष, राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम, नरेंद्र मोदी विचार मंच में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्रा के आदेश पर नियुक्ति पत्र जारी किया गया हैं। गोपी साहू के नियुक्ति प्रमाण पत्र डॉ राकेश मिश्रा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम, नरेंद्र मोदी विचार मंच, केंदीय कार्यालय के हस्ताक्षर से जारी किया गया हैं। गोपी साहू के नियुक्ति पर तिल्दा तहसील के अध्यक्ष मोहन साहू, मीडिया प्रभारी किशोर साहू, तिल्दा नेवरा के शहर अध्यक्ष भूपेश साहू, महामंत्री गोविंद राम कुंवर दादर, डॉ दिनेश नायक, जिला महामंत्री आशा देवी साहू, डॉ मधु नायक, पार्षद दिनेश साहू, उद्योग पति अशोक यादव, ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



### दास साहू रायपुर जिला अध्यक्ष के साथ ही प्रदेश महासचिव का भी दायित्व संभालेंगे

**तिल्दा नेवरा/ रायपुर, 20 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नरेंद्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय कार्यकारिणी का विशाल सम्मेलन रायपुर के पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम में दिनांक 12 मई से 14 मई तक आयोजित था। कार्यक्रम राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्रा, नरेंद्र मोदी विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे के कुशल नेतृत्व में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक रवि चाणक्य के मुख्य आतिथ्य में हजारों लोगों के ऐतिहासिक उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिसमें राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम के रायपुर जिला के जिला अध्यक्ष दास साहू ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया, कार्यक्रम में जन सहयोग से आर्थिक मदद भी मुहैया कराया, दास साहू के कार्य से राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि चाणक्य प्रभावित होकर प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। और राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि चाणक्य ने नरेन्द्र मोदी विचार मंच के संबंध शाखा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्रा को निर्देश दिया कि दास को अच्छे कार्य करने का उपहार प्रदेश महासचिव में पदोन्नति करे। राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्रा ने दास साहू को छत्तीसगढ़ प्रदेश के लिये प्रदेश महासचिव का नियुक्ति दे दी हैं। और आगामी आदेश तक रायपुर जिला के जिला अध्यक्ष पद का दायित्व भी संभालेंगे। डॉ राकेश मिश्रा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दास साहू के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



### महिला नगर सैनिक भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीयन 30 मई तक

**बलौदाबाजार, 20 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार -भाटापारा जिले में 55 महिला नगर सैनिक के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षा में पात्र अभ्यार्थियो के भर्ती हेतु छतीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। लिखित परीक्षा में शामिल होने हेतु व्यापम की साईट पर ऑनलाइन पंजीयन 30 मई 2025 तक़ करना होगा। जो अभ्यर्थी व्यापम में ऑनलाइन पंजीयन नहीं कराएंगे उन्हें परीक्षा में शामिल नहीं किया जाएगा।

### समहू की महिलाओं ने प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बढ़ाए कदम

# सिंगल यूज प्लास्टिक संग्रहण बना महिलाओं की आय का जरिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 20 मई।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार प्लास्टिक मुक्त जिला के तहत ग्रामीण क्षेत्रों प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट की शुरुआत की गई है। प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट से जुड़कर स्व सहायता समूह की महिलाएं पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है वहीं सिंगल यूज प्लास्टिक संग्रहण आय का जरिया भी बन गया है।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के विकासखंड भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत गुड़ेलिया, विकासखंड बलौदाबाजार के पनगांव एवं विकासखंड कसडोल के देवरीकला में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का संचालन ग्राम पंचायत के द्वारा चयनित स्व सहायता समूह के द्वारा किया जा रहा है। प्रत्येक विकासखंड में 4 क्लस्टर बनाया गया है और प्रत्येक क्लस्टर से समूह की दीदियों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक इकट्ठा कर प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट तक लाया जाता है। उसके पश्चात प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट में कार्य कर रही स्वच्छता समूह की दीदी के द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक की सफाई, क्रॉस या बेलिंग मशीन में पंच कर रिसायकलर या सीमेंट कंपनी को विक्रय के लिए तैयार किया जाता है। वर्तमान में देवरीकला प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट से 7 क्विंटन 25 किलो का पॉलिथीन पंच सीमेंट कंपनी को विक्रय किया गया जिससे 3800 रुपए समूह को प्राप्त हुआ।

बताया गया कि सीमेंट सयंत्र और स्वयं सेवी संस्था गृहणी के साथ प्लास्टिक वेस्ट खरीदने को लेकर एक अनुबंध हुआ है।इस अनुबंध के तहत समूह की महिलाओं द्वारा संग्रहित प्लास्टिक वेस्ट को कंपनी द्वारा क्रय किया जाता है।



### सकरी समाधान शिविर में 2069 हितग्राही योजनाओं से लाभान्वित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 20 मई।** सुशासन तिहार अंतर्गत विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत सकरी में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत 2069 हितग्राहियो क़ो लाभन्वित किया गया। शिविर में 10 ग्राम पंचायत के लोग शामिल हुए। क्लस्टर में कुल 4470 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 4438 मांग एवं 32 आवेदन शिकायत से सम्बंधित थे। समाधान शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण एवं योजनाओं की जानकारी दी गई। कलस्टर सकरी समाधान शिविर में सकरी, दशरमा, खम्हरिया, ठेलकी, कंजी, भरसेला, चाम्पा, पूरेना खपरी, परसाभदेर एवं रिसदा कुल 10 पंचायत शामिल हुए। शिविर में शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया जिसमें नवीन जांब कार्ड 3, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 7, केसीसी ऋण वितरण 6, खाद एवं बीज वितरण 5, माइक्रो एटीएम 5, स्वायाल हेल्थ कार्ड 5, गोदभराई 5, बी 1 खसरा 55, स्वामित्व कार्ड 55 सहित कुल 2069 हितग्राही लाभान्वित हुए। इसके साथ ही विकासखंड भाटापारा के सिंगारपुर पलारी के ओड़ान एवं कसडोल के बल्दाक़छार में भी समाधान शिविर आयोजित किया गया।



# अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर कसेगा जिला प्रशासन का शिकंजा

- दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर की जाएगी सख्त कार्रवाई
- राजस्व, पुलिस, वन, खनिज और परिवहन विभाग की टीम गठित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 20 मई।** ज़िले में रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध जिला प्रशासन सख्त रुख अख्तियार किया है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व, पुलिस, वन, खनिज और परिवहन विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।उन्होंने सभी अनुविभागों के एसडीएम को अपने अनुविभाग में रेत उत्खनन के ग्रे और ब्लैक स्पॉट की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि जिम्मेदारों के खिलाफ एमएमडीआर एक्ट के तहत एफआई.आर कर कठोर क़ार्रवाई करें।उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश हैं कि अवैध उत्खनन एवं परिवहन में लिप्त लोगों पर कठोर कार्रवाई की जाए।श्री सोनी ने बताया कि राजस्व, पुलिस, वन, खनिज और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम जिम्मेदारों के ख़िलाफ़ कार्रवाई करेगी। उन्होंने आम नागरिकों से भी रेत के अवैध खनन और परिवहन को रोकने में प्रशासन की मदद करने की अपील की।

बैठक में उन्होंने बताया कि आम नागरिक संपर्क केंद्र के मोबाइल नंबर 9201899925 पर अवैध खनन और परिवहन की जानकारी दें। सटीक जानकारी देने वाले को जिला प्रशासन द्वारा पुरस्कृत भी किया जाएगा। सोनी ने कहा कि जिले में रेत उत्खनन हेतु 14 खदानें स्वीकृत हैं, जहाँ से केवल ट्रेक्टर में माध्यम से उत्खनन करने की मंजूरी है।यदि कोई हाइवा या चैन माउंटेन का उपयोग करता है तो उनका वाहन ज़ब्त किया जाएगा। इसके बाद ड्राइवर के साथ -साथ वाहन के मालिक पर भी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने बैठक में बताया कि वन कानूनों के तहत भी दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी और वाहन राजसात भी किया जाएगा। कलेक्टर ने परिवहन विभाग को रेत उत्खनन में शामिल वाहन मालिकों और वाहन चालकों की संपूर्ण जानकारी एकत्रित करने के निर्देश भी दिए जिसमें उनके सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज जैसे आधार, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन के दस्तावेज की जानकारी आदि शामिल हों।

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने कहा कि संयुक्त टीम पूरे दल बल के साथ अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध सतर्कता और सजगता से कार्रवाई करेगी।उन्होंने कहा कि इस दौरान टीम के सदस्य अपनी सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखें।




### लापरवाही पड़ी भारी, ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

**बलौदाबाजार, 20 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** उच्च अधिकारियो के निर्देशों का अवहेलना तथा कर्तव्य में लापरवाही बरतने के कारण ग्राम पंचायत सचिव क़ो निलंबित कर दिया गया है। विकासखंड भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत अमेठी के सचिव रोमनाथ ध्रुव के द्वारा नव निर्वाचित सरपंच क़ो प्रभार देने में अत्यधिक विलम्ब किया गया। इसके साथ ही मुख्यालय से लगातार अनुपस्थित रहने, जनपद की बैठक से अनुपस्थित रहने, 15 वें वित्त का ऑडिट नहीं कराने एवं ग्राम पंचायत क़ा रोकड़ पंजी लम्बे समय तक पूर्ण नहीं कराने, सुशासन तिहार में सौंपे कार्य का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन नहीं करने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया लेकिन नोटिस का भी जवाब नहीं दिया गया। इस कारण छतीसगढ़ पंचायत सेवा नियम 1999 भाग दो के नियम 4 के तहत जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

### भारतीय किसान संघ धमतरी जिले का एकदिवसीय अभ्यास वर्ग आयोजित

# रासायनिक, जैविक, नकली खाद व बीज की किसानों को दी गई जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद, 20 मई।** भारतीय किसान संघ धमतरी जिले का एक दिवसीय अभ्यास वर्ग भखारा ब्लॉक के ग्राम सिलीडीह श्री राम गौ सेवा संस्थान गायत्री मंदिर में संपन्न हुए जिसमें अखिल भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ विशाल चंद्राकर के मुख्य अतिथि एवं कृषि उपसंचालक श्री मोनेश साहू विशिष्ट तिथि के उपस्थित में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भगवान बलराम की पूजा उपरांत सबसे पहले जम्मू कश्मीर में हमारे गए हमारे निर्दोष नागरिकों को 2 मिनट का मोहन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया एवं ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत सरकार द्वारा किए गए कार्यवाही को आगे जारी रखना के संबंध में सरहाना व्यक्त किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय पदाधिकारी डॉ विशाल चंद्राकर द्वारा जैविक खेती जल संरक्षण पर्यावरण संरक्षण संगठन रचनात्मक आंदोलन आत्मक कार्य एवं सामाजिक हितों के ऊपर विशेष जानकारी प्रदान किया गया इसी तरह कृषि विभाग के उप संचालक श्री साहू द्वारा किसानों को कृषि विभाग के संबंध में दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में बारीकी से समझाया गया। जिसमें अनुदान रासायनिक खाद जैविक खाद नकली खाद बीज दवाई के संबंध में प्रतिबंध लगाना कृषि बीमा मिट्टी का परीक्षण किसानों को दी जाने वाली प्रशिक्षण विशेष भ्रमण के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया। इसी प्रकार कार्यक्रम के जिला अध्यक्ष लाला राम चंद्राकर एवं जिला मंत्री दुलार सिंह संयोजक ललित कुमार सिंहा के द्वारा तहसील एवं ग्रामीण स्तर पर संगठन की शक्ति के साथ किसानों के हितों में लगातार सहयोग प्रदान करने के संबंध में विशेष जानकारी दिया



शासन प्रशासन से जल संरक्षण पर्यावरण फसल चक्र परिवर्तन के संबंध में समय पूर्व जानकारी एवं जमीनी स्तर पर कार्य पर विशेष क्रियान्वयन के संबंध में अनुग्रह किया गया। गौ सेवा संरक्षण के संबंध रोहित कुमार साहू द्वारा विचार व्यक्तकिया भक्ति किया गया। इस अवसर पर धमतरी जिले सभी ब्लॉक के अध्यक्ष एवं सक्रिय किसान महिला एवं पुरुष गण उपस्थित थे जिसमें सिंधु बैस पूर्णिमा साहू तोमन साहू शत्रुघ्न साहू मंसा साहू हेमेंद्र साहू ठाकुर राम रमन साहू राजकुमार चंद्राकर लालाराम साहू विनय कुमार साहू भोलाराम साहू गोपाल चंद्राकर शंकर गौतम खेमराज बैसाखूराम मंसाराम साहू ईश्वर साहू लीलाराम वेदराम हीरालाल योगेश्वर सेन डोमेन हुलास राम साहू लखन साहू धनेश कुमार ठाकुर राम हजारी राम गिरिराज सोन गोविंद खिलेंद्र सहित धमतरी जिले से आए कृषकों ने भाग लिया आभार प्रदर्शन श्री दुलार सिंहा द्वारा प्रकट किया गया।

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गीदम, जिला-दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र-202505161800010/ अ-2/2024-25
ग्राम-कारली, प.ह.नं.-09, तहसील-गीदम

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदिका हिरमदई नाग पति स्व. सुखमन नाग निवासी ग्राम चितालंका, तहसील दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.) मोबाईल नं. 9399981308 के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत धारा 172 के तहत अपने क्रय-विक्रय से प्राप्त भूमि ग्राम-कारली प.ह.नं. 09 रा.नि.मं. गीदम तहसील गीदम में स्थित भूमि खसरा नं. 3055/1 रकबा 0.1900 हे. में से 0.0300 हे. भूमि को कृषि भूमि प्रयोजन से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराना चाहते हैं। उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त भू-खण्ड के व्यपवर्तन से आपत्ति हो तो इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 29/05/2025 समय 11.00 बजे अपरान्ह उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

यह उद्घोषणा मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/05/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गीदम

---

**न्यायालय तहसीलदार छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./202505220700082/ ब-121/ वर्ष 24-25

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका मैमुना खान पिता श्री अब्दुल सत्तार खान जाति मनिहार निवासी ग्राम छुरा तहसील व रा.नि.मं. छुरा गरियाबंद (छ.ग.) ने अपने माता अमिनाबी के मृत्यु प्रमाण पत्र 01 वर्ष की अवधि के अंदर पंजीयन नहीं कराने के कारण विलंबित मृत्यु का पंजीयन किये जाने हेतु उप पंजीयक (मृत्यु) को आदेशित करने बाबत् (मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 13(3) एवं छ.ग. मृत्यु रजि. नियम 2001 के नियम 9 (3) के प्रयोजन हेतु) शपथ पत्र मय अनुपलब्धता प्रमाण सहित प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था/शासकीय/अर्द्धशासकीय निकाय या अन्य संस्था को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 28/05/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद-मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार छुरा (छ.ग.)

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202505092300001- ब/121-वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पीतमराम देवांगन पिता रामसिंग देवांगन जाति कोष्टा निवासी ग्राम पारागांवखुर्द तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने पुत्री कुसुम देवांगन का दिनांक 22.11.2002 को ग्राम पारागांवखुर्द में जन्म हुआ था जिसका ग्राम पंचायत के जन्म/मृत्यु पंजी में दर्ज नहीं कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने अपने पुत्री कुसुम देवांगन का दिनांक 22.11.2002 को ग्राम पंचायत पारागांवखुर्द में जन्म दर्ज कराने बाबत् आवेदन पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश कर जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 21.05.2025 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ (छ.ग.)

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202505092300002- ब/121-वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पीतमराम देवांगन पिता रामसिंग देवांगन जाति कोष्टा निवासी ग्राम पारागांवखुर्द तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने पुत्री लीलम देवांगनं का दिनांक 23.11.2007 को ग्राम पारागांवखुर्द में जन्म हुआ था जिसका ग्राम पंचायत के जन्म/मृत्यु पंजी में दर्ज नहीं कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने अपने पुत्री लीलम देवांगन का दिनांक 23.11.2007 को ग्राम पंचायत पारागांवखुर्द में जन्म दर्ज कराने बाबत् आवेदन पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश कर जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह 21.05.2025 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार डोंगरगढ़

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202505092300003- ब/121-वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पीतमराम देवांगन पिता रामसिंग देवांगन जाति कोष्टा निवासी ग्राम पारागांवखुर्द तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने पुत्री सोनम देवांगन का दिनांक 15.12.1999 को ग्राम पारागांवखुर्द में जन्म हुआ था जिसका ग्राम पंचायत के जन्म/मृत्यु पंजी में दर्ज नहीं कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने अपने पुत्री सोनम देवांगन का दिनांक 15.12.1999 को ग्राम पंचायत पारागांवखुर्द में जन्म दर्ज कराने बाबत् आवेदन पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश कर जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह 21.05.2025 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार डोंगरगढ़

## एक नजर

### आबकारी घोटाला के आरोपी अरविंद सिंह को लाया गया ईडी कोर्ट

**रायपुर 20 मई।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में स्ट से मिली जमानत की शर्तें संबंधित कोर्ट तय करने के निर्देश के बाद लाया गया ईडी के विशेष कोर्ट कोर्ट ने अरविंद सिंह को 1 लाख रुपए के मुचलका राशि जमा कराने और अपना पासपोर्ट ईडी ऑफिस में जमा कराने के कोर्ट ने दिए निर्देश।

### टूर में भेजने के नाम पर 8 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर 20 मई।** वियतनाम टूर भेजने के नाम पर 8 लाख से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पवन कुमार कांकरिया 43 वर्ष आईडीबीआई के सामने सिविल लाइन का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी ट्रेव ओरा ट्रेवल्स कंपनी का मालिक केतन सलूजा, करण सिंह और विहान ने प्रार्थी और उसके परिवार के सदस्यों को वियतनाम टूर भेजने के नाम पर 6 बार में 8 लाख 80 हजार रुपए लेकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### मदिरा दुकान से 22 पेटी शराब पार

**रायपुर 20 मई।** मांढर स्थित कंपोजिट देशी मदिरा दुकान के कमरे का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने 22 पेटी शराब पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रशांत वर्मा 28 वर्ष दामाद पारा सिलतरा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि मांढर स्थित कंपोजिट देशी मदिरा दुकान के कमरे का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने 22 पेटी जम्बो स्पेशल दारू पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 62 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध शराब बेचते चार कोचिए गिरफ्तार

**रायपुर 20 मई।** आरंग व खरोरा पुलिस ने अवैध शराब बेचते चार कोचियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 75 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 1800 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार आरंग पुलिस ने सेमरिया तालाब के पास दबिश देकर अवैध शराब बेचते आरोपी अनिल जलछत्री 39 वर्ष और संतोष देवांगन 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस इन दोनों के पास से 36 पाव देशी शराब और 1300 रुपए बिक्री रकम जब्त किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने आरोपी कमलेश बारले 26 वर्ष और जीतु ठाकुर 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 39 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 500 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने चोरों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### प्रतिबंधित टेबलेट के साथ तीन गिरफ्तार

**रायपुर 20 मई।** तेलीबांधा और देवेन्द्र नगर पुलिस ने प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन तीनों के पास से कुल 454 नग नशीली टेबलेट जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सिंधी शराब घाट पर प्रतिबंधत टेबलेट के साथ आरोपी वरूण संद्रे 24 वर्ष और प्रवीण केशरवानी 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 272 नग नाइट्रोटेन टेबलेट जब्त किया है। वहीं देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी संजय सूर्यवंशी 32 वर्ष के पास से स्पास्मो प्रोक्सी 1 प्लस टेबलेट 182 नग जब्त किया है। पुलिस ने इन तीनों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### एनएमडीसी की खदान को निजी कंपनी को बेचने का विरोध

**रायपुर 20 मई।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया कि एनएमडीसी की बचेली स्थित लौह अयस्क खदान को एक निजी कंपनी को बेचने के विरोध में कांग्रेस द्वारा बचेली से दंतेवाड़ा तक एक रैली 26 मई को निकाली जाएगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने बताया कि बैलाडिला में अलग-अलग खदानें हैं। जिनसे लौह अयस्क निकाला जाता है। यह उच्च क्वालिटी का अयस्क है। उन्होंने आरोप लगाया कि केन्द्रीय मंत्री के निर्देश पर छत्तीसगढ़ की इन खदानों को निजी कंपनी को दे दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि भारत के केन्द्रीय मंत्री नक्सलवाद को समाप्त करने के बहाने छत्तीसगढ़ बार-बार आ रहे हैं। उनका उद्देश्य छत्तीसगढ़ की लौह खदानों को बेचना है। गुजरात स्थित इस कंपनी के मालिक सत्ता के काफी करीबी है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने आरोप लगाया कि यहां छत्तीसगढ़ का दोहन किया जा रहा है। हम इस अन्याय के विरूद्ध संघर्ष करेंगे। इस रैली में बस्तर के सभी शीर्ष नेता शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि नेता प्रतिपक्ष चरणदास, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा अन्य नेता शामिल होंगे। यह रैली बचेली से शुरू होकर दंतेवाड़ा आएगी तथा 4 दिन पश्चात 30 मई को समाप्त हो जाएगी। इस रैली को सफल बनाने के लिए दीपक बैज शीघ्र जगदलपुर रवाना होने वाले हैं। यहां उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट कल शाम को ही दिल्ली चले गये हैं, वे संविधान बचाओं रेली में भाग लेने आए थे।

# 19 साल बाद पूर्व चिकित्सा शिक्षा संचालक आदिले के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश

**■ मेडिकल कॉलेज में फर्जी तरीके से एडमिशन कराने का है आरोप**



**रायपुर, 20 मई।** स्वास्थ्य विभाग के तत्कालीन शिक्षा संचालक डॉ. एसएन आदिले के खिलाफ 19 साल बाद फर्जी तरीके से एडमिशन दिलाने के प्रकरण में कोर्ट चालान पेश किया गया है. करीब 100 पन्नों का चालान पेश किया गया. इसमें बताया गया है कि किस तरह से पद का दुरुपयोग करते हुए दस्तावेजों की हेराफेरी कर 2006 में जगदलपुर मेडिकल कॉलेज में प्रवेश दिलाया गया.

चालान में आरोप लगाया गया था कि डॉ. आदिले ने अपनी पुत्री और उनकी सहेलियों को फर्जी तरीके से एडमिशन कराया. शिकायत के बाद रायपुर की गोलबाजार पुलिस ने 4 साल तक जांच करने के बाद 2010 में प्राथमिकी दर्ज की. साथ ही पूरे प्रकरण की 10 साल तक जांच करने के बाद 2020 में चालान तैयार किया. लेकिन इतने साल तक जांच करने के बाद भी तकनीकी त्रुटि के चलते इसे पेश नहीं किया गया. बता दें कि इस मामले का खुलासा डेंटल कौंसिल ऑफ इंडिया (डीसीआई) के पूर्व सदस्य डॉ. अनिल खाखरिया ने सूचना अधिकार कानून के तहत मिलने के बाद किया था. उन्होंने सूचना कानून के तहत प्रवेश के आधार के संबंध में जानकारी मांगी थी.

छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य शिक्षा संचालक द्वारा अखिल भारतीय कोटे में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अपनी पुत्री और अन्य को एमबीबीएस में प्रवेश दिलाया था. जिसका खुलासा होने पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कार्रवाई करने का आदेश दिया था. इसके बाद कार्रवाई नहीं हुई थी.

सूत्रों का कहना है कि पूरे मामले में लीपापोती करने के लिए सिंडीकेट सक्रिय हो गया था. इसके चलते केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आदेश के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई थी. बता दें कि डॉ. आदिले के खिलाफ विभाग की एक महिला ने दुष्कर्म करने का आरोप भी लगाया था. हालांकि, इस प्रकरण में किसी भी तरह का साक्ष्य नहीं मिलने पर 13 मई को बरी कर दिया गया है.

**25 लोगों को बनाया है गवाह-** पुलिस द्वारा पेश किए गए चालान में करीब 25 लोगों को पुलिस ने गवाह बनाया है. कोर्ट में चालान पेश किए जाने के बाद जल्दी ही इसकी सुनवाई शुरू होगी. इसमें आरोपी बनाए गए स्वास्थ्य विभाग के तत्कालीन शिक्षा संचालक डॉ. एसएन आदिले सहित अन्य को समन जारी कर सुनवाई की जाएगी. साथ ही अभियोजन और बचाव पक्ष का तर्क और पेश किए गए साक्ष्य का परीक्षण किया जाएगा.

# गवाहों को धमकाने का आरोप कोर्ट ने दिए जांच के आदेश

**रायपुर, 20 मई।** राजधानी रायपुर में बहुचर्चित यश शर्मा अपहरण और हत्या मामले में एक नया मोड़ आ गया है। जेल में बंद चार आरोपियों तुषार पाहुजा, यश खेमानी, चिराग पंजवानी और तुषार पंजवानी पर अब गवाहों को धमकी देने का गंभीर आरोप लगा है। जानकारी के अनुसार, पीड़ित पक्ष के गवाह खुशाल तोलानी और कमलेश बुलवानी को पेशी के दौरान मोबाइल फोन के जरिए धमकाया गया। आरोपियों ने उन्हें कोर्ट में गवाही देने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी और यहां तक कहा कि अगर गवाही दी, तो उनका हाल भी यश शर्मा से बुरा किया जाएगा। वहीं इस धमकी को गंभीरता से लेते हुए दोनों गवाहों ने रायपुर एसएसपी और कोर्ट में लिखित शिकायत दर्ज करवाई है। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट के न्यायाधीश ने तुरंत इस पर संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। गौरतलब है कि, यश शर्मा का 13 अक्टूबर 2024 को अपहरण कर बेरहमी से पिटाई की गई थी। गंभीर चोटों के चलते तीन महीने तक चले इलाज के बाद यश की मौत हो गई थी। इस मामले में राजेंद्र नगर थाना में हत्या की स्न्रढ्ढक्र दर्ज की गई थी, और तभी से मामला राज्यभर में सुर्खियों में है।अब गवाहों को धमकाए जाने के बाद एक बार फिर इस केस ने तूल पकड़ लिया है, और पुलिस व न्यायालय की अग्निपरीक्षा शुरू हो चुकी है।

# भू जल संवर्धन मिशन का शुभारम्भ आज

**रायपुर, 20 मई।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य और प्रदेश के उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि एवं विधायी कार्य विभाग श्री अरुण साव की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ राज्य नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भू जल संवर्धन मिशन का शुभारम्भ आज संध्या 6 बजे से पण्डित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम जीईमार्ग रायपुर में आयोजित किया गया है. पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भू जल संवर्धन मिशन के शुभारम्भ कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में रायपुर जिला प्रभारी मन्त्री, वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता मन्त्री श्री केदार कश्यप, रायपुर लोकसभा सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत, रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी, रायपुर ग्रामीण विधायक श्री मोतीलाल साहू, रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा,धरसींवा विधायक श्री अनुज शर्मा, अभनपुर विधायक श्री इन्द्र कुमार साहू, आरंग विधायक श्री खुशवंत साहेब, रायपुर महापौर श्रीमती मीनल चैबे की उपस्थिति रहेगी।

# सौ चूहे खा बिल्ली हज को चली: केदार कश्यप

**■ कांग्रेस की संविधान यात्रा पर भाजपा का बड़ा हमला**

**रायपुर, 20 मई।** छत्तीसगढ़ के वन और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट की मौजूदगी में सोमवार को हुई कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली को लेकर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस संविधान के नाम पर ÷सौ-सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली÷ की कहावत को चरितार्थ कर रही है। श्री कश्यप ने कहा कि कांग्रेस संविधान के नाम पर झूठा नैरेटिव सेट करके देश को बरगलाने की लाख कोशिश कर ले, लेकिन कांग्रेस के नितांत संविधान व लोकतंत्र विरोधी राजनीतिक चरित्र से वाकिफ देशवासी अब कांग्रेस के इस झाँसे में कतई नहीं आने वाले हैं। प्रदेश के वन व सहकारिता मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि आज संविधान बचाने के नाम पर कांग्रेस मिथ्या प्रलाप कर रही है, जबकि कांग्रेस के शासनकाल में ही संविधान का सबसे ज्यादा मखौल उड़ाया गया। इससे अधिक शर्मनाक कृत्य और क्या हो सकता है कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के शासनकाल में देश पर आपातकाल थोपकर न केवल मूल नागरिक अधिकारों व प्रेस की स्वतंत्रता का गला घोंटा गया था, अपितु विपक्षविहीन संसद में संविधान संशोधन करके संविधान की मूल प्रस्तावना तक को बदलने का पाप किया था। कांग्रेस ने न केवल पूरे देश को जेल बनाकर रख दिया था अपितु संसदीय लोकतंत्र और समूची संवैधानिक व्यवस्था को नष्ट-भ्रष्ट किया था। श्री कश्यप ने कहा कि कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली कोरी सियासी ढकोसलेबाजी है। संविधान की रचना से लेकर अब तक कदम-कदम पर संविधान की आत्मा को लहूलुहान करती आ रही कांग्रेस एक बार फिर मिथ्या प्रलाप करके अपने टूलकिट एजेंडे पर काम कर रही है। भारत में आरक्षण के नाम पर झूठ फैलाने वाली कांग्रेस अमेरिका में अपने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के उस बयान पर खामोश क्यों है, जिसमें राहुल गांधी ने आरक्षण का खुलकर विरोध किया था। अब कांग्रेस किस मुंह से सँविधान की रक्षा की बात कर रही है? साम्प्रदायिक तुष्टीकरण जिस कांग्रेस की रग-रग में व्याप्त है, वह कांग्रेस लगातार संविधान की भावनाओं का खुला अपमान करके संविधान में निहित मूल्यों की रक्षा के नाम पर सिवाय पाखंड के कुछ नहीं कर रही है। प्रदेश के वन व सहकारिता मंत्री श्री कश्यप ने कांग्रेस की वैचारिक दरिद्रता पर तंज कसते हुए कहा कि वामपंथ और विदेशी ताकतों से उधार में लिए गए विचारों से कांग्रेस जो नित-नये झूठे नैरेटिव चला रही है, उसमें वह अंततः मुंह की ही खाएगी। दरअसल संविधान और संवैधानिक व्यवस्थाओं का लगातार मखौल उड़ाने वाली कांग्रेस को संविधान बचाओ रैली के नाम पर पाखंड करने के बजाय आत्म मंथन करना चाहिए और संविधान, संवैधानिक व्यवस्थाओं व संवैधानिक संस्थाओं को नष्ट-भ्रष्ट करने के लिए प्रायश्चित करना चाहिए।

# मैकेनाइज्ड स्वीपिंग कार्य का किया निरीक्षण




**रायपुर, 20 मई।** रायपुर नगर निगम की एमआईसी मेंबर श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर ने कल रात टाटीबंध चैक से शास्त्री चौक तक शहर की स्वच्छता व्यवस्था हेतु मैकेनाइज्ड स्वीपिंग कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आधुनिक मशीनों के माध्यम से की जा रही सड़क सफाई प्रक्रिया को देखा और सफाई कर्मचारियों से भी चर्चा की। निरीक्षण के दौरान श्रीमती चंद्राकर ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मैकेनाइज्ड स्वीपिंग के दौरान गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मशीनों की नियमित देखरेख, समय पर संचालन और कचरा निस्तारण की प्रक्रिया में पारदर्शिता आवश्यक है। उन्होंने सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए विभिन्न सुझाव भी दिए, जैसे कि कृ प्रमुख सड़कों के अलावा आंतरिक गलियों में भी मशीनों का उपयोग बढ़ाया जाए, और नागरिकों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाए।

श्रीमती चंद्राकर ने यह भी कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत रायपुर शहर को स्वच्छता के मामले में शीर्ष स्तर पर लाना निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे नियमित रूप से निरीक्षण करें और जनता से फीडबैक लेकर सुधार की दिशा में कदम उठाएं।

## वाहनों से डीजल चोरी करने वाला बंदी

**बिलासपुर, 20 मई।** जिले की कोनी थाना पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़ी वाहनों से डीजल चोरी करने वाले चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बिलासपुर पुलिस राष्ट्रीय राजमार्ग पर चोरी/लुट करने वाले आरोपियों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही कर रही है इसी तारतम्य में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला बिलासपुर रजनेश सिंह के निर्देश पर बिलासपुर के शहरी तथा सभी ग्रामीण थानो में लगातार चोरी/लुट संबंधी अपराध करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में प्रार्थी शेख कलीमुद्दीन थाना कोनी उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया है।

# 15 दिवसीय अभियान में किसानों को उर्वरकों तथा प्रकृतिक खेती की दी जाएगी जानकारी

**■ प्री-खरीफ अभियान 29 से शुरू**



**रायपुर, 20 मई।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 नामक एक राष्ट्रव्यापी प्री-खरीफ अभियान शुरू किया है। 29 मई से 12 जून 2025 तक चलने वाले इस 15 दिवसीय अभियान का लक्ष्य देश के 700 जिलों के लगभग 1.5 करोड़ किसानों तक पहुँचना है। एक सहयोगात्मक राष्ट्रीय प्रयास के हिस्से के रूप में, केंद्र सरकार राज्य सरकारों के साथ मिलकर कृषि वैज्ञानिकों, कृषि अधिकारियों, प्रगतिशील किसानों और अन्य हितधारकों से मिलकर 2,000 से अधिक बहु-विषयक टीमों को तैनात करेगी। प्रत्येक टीम प्रतिदिन तीन किसान संवाद बैठकें आयोजित करेगी, जिसका लक्ष्य प्रतिदिन 10-12 लाख किसानों तक पहुँचना है।

छत्तीसगढ़ में यह अभियान सभी विकास खंडों में चलाया जाएगा, जिसका समन्वय आईसीएआर-राष्ट्रीय जैविक तनाव प्रबंधन संस्थान (एनआईबीएसएम), रायपुर द्वारा किया जाएगा। आईसीएआर-एनआईबीएसएम के निदेशक डॉ. पीके राय ने बताया कि आईसीएआर-एनआईबीएसएम और कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) के वैज्ञानिकों के साथ-साथ कृषि, बागवानी, पशुपालन और मत्स्य पालन विभागों के अधिकारियों को शामिल करते हुए संयुक्त टीमें बनाई गई हैं। इसके अलावा, जनप्रतिनिधि और प्रगतिशील किसान भी क्षेत्र स्तर की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेंगे।

डॉ. राय ने किसानों की सहभागिता और पहुंच बढ़ाने के लिए आईसीटी उपकरणों और दृश्य मीडिया का लाभ उठाने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने जोर देकर कहा कि वीकेएसए एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य आधुनिक और वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाना है। उन्होंने सभी किसानों से अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने और बेहतर उत्पादकता के लिए नवीन तकनीकों को अपनाने का आग्रह किया। छत्तीसगढ़ में अभियान के दौरान, फील्ड टीमें किसानों के साथ वैज्ञानिक बातचीत को सुविधाजनक बनाने के लिए प्रतिदिन 2 से 3 चयनित ग्राम पंचायतों का दौरा करेंगी।

## समाचार संक्षेप

### राजीव गाँधी की पुण्यतिथि पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**रायपुर, 20 मई।** नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में भारत गणराज्य के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी की पुण्यतिथि 21 मई 2025 को प्रातः 11 बजे राजधानी शहर में राजीव गाँधी चौक ( पुराना अग्निशमन कार्यालय चौक) में स्थित उनके प्रतिमा स्थल पर सादर नमन करने रायपुर नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 4 के सहयोग से पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया है। कांग्रेस कमेटी के द्वारा भी गांधी मैदान स्थित कांग्रेस भवन में अलग-अलग कार्यक्रम रखे जाएंगे, जिसमें पूर्व विधायक तथा वर्तमान विधायक शामिल होंगे। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया कि पूरे प्रदेश में राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर विभिन्न कार्यक्रम होंगे। उन्होंने लोगों से अपील की है कि इस कार्यक्रम में शामिल होकर राजीव गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित करें। सेवा दल द्वारा भी राजधानी सहित अनेक स्थानों पर राजीव गांधी की प्रतीमा तथा छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष सहित जिला अध्यक्ष शामिल होंगे।

### नीति आयोग की बैठक में शामिल होंगे मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री

**■ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे बैठक की अध्यक्षता**

**रायपुर, 20 मई।** भारत सरकार के नीति आयोग की महत्वपूर्ण बैठक 24 मई को होगी। इस बैठक में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री सहित उपमुख्यमंत्री सहित वित्त मंत्री दिल्ली जाएंगे। आयोग के अनुसार राज्य में कई महत्वाकांक्षी योजनाओं के लिए नीति आयोग से प्रस्ताव को पारित किया जाएगा। नक्सल प्रभावित जिलों में अधिक से अधिक सुविधाएं बढ़ाने एवं आधुनिक उपकरणों से सिपाहियों को लैस करने के लिए महंगे उपकरण खरीदे जाएंगे। राजधानी सहित नई राजधानी के लिए स्मार्ट सिटी लिमिटेड के लिए अतिरिक्त धनराशि की मांग की जाएंगी। बजट में मैट्रों रेल चलाने का प्रावधान किया गया है। केंद्र सरकार से इसके संबंध में भी चर्चा होने की संभावना है। रायपुर दुर्ग बिलासपुर को एनसीआर बनाने के लिए अतिरिक्त धन जरूरी है। सरकार से इस संबंध में चर्चा होगी। नीति आयोग के सीईओ से अलग अलग बिंदुओं पर चर्चा होगी। इसके अलावा वन विभाग एवं स्वास्थ्य तथा पंचायतों के लिए अतिरिक्त राशि देने के लिए डिमांड की जाएगी। राज्य के कर संग्रहण को भी बढ़ाने की मांग की जाएगी।

### नौतपा 24 मई से होगा शुरू

**रायपुर, 20 मई।** सूर्य के रोहणी नक्षत्र में प्रवेश करते ही 24 मई से नौतपा प्रारंभ हो जाएगा। दूर दूर तक इसका प्रकोप रहेगा। ज्योतिषार्चा के अनुसार 24 मई को सुबह 9.30 बजे आनंद आयोग के सहयोग से सूर्य रोहणी नक्षत्र में प्रवेश करेगा वैसे ही नौतपा प्रारंभ हो जाएगा। इसका प्रकोप 2 जून तक रहेगा। भीषण और तेज हवाएं चलने की भी जानकारी दी गई है। ग्रंथों के अनुसार सूर्य के दस अंश से लेकर 23 अंश तक रहने की स्थिति में अपनी प्रचंड उष्मा विकसित करता है। इसको नौतपा कहते हैं। नौतपा में प्रतिदिन गर्मी पड़ेगी और बूंदाबांदी होने की संभावना है। महामाया मंदिर के पुजारी पं. मनोज शुक्ला के अनुसार यह मान्यता है कि नौतपा के दौरान बारिश होती है तो मानसून में कम बारिश होती है। यह मान्यता है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार ज्योतिष गणना में नौतपा होता है लेकिन मौसम विज्ञान के अनुसार नौतपा का कोई महत्व नहीं है। उन्होंने बताया कि एक द्रोणिका बनने के कारण मौसम में परिवर्तन होने की संभावना है।

### हिट एंड रन के तीन पीड़ितों को मिली 2-2 लाख की राहत राशि

**रायपुर, 20 मई।** सड़क दुर्घटनाओं में तेजी से हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा ÷हिट एंड रन मोटर यान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर स्कीम 2022÷ लागू की गई है। राहत राशि के लिए आवेदनकर्ता को प्रथम सूचना रिपोर्ट (स्न्रढ्ढक्र), मृत्यु प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), शव परीक्षण रिपोर्ट, आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण और दुर्घटना से संबंधित अन्य दस्तावेजों के साथ अपने क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी (रा.) के पास आवेदन करना होता है। रायपुर जिले में अब तक हिट एंड रन के 40 मामलों में कुल 80 लाख रुपये की राशि स्वीकृत कर दी गई है। इनमें से तीन पीड़ितों- श्रीमती तिजेश्वरी बाई साहू (रावाभाठा, रायपुर), श्रीमती रगसिल यादव (ग्राम पसौरी, तिल्दा-नेवरा) और श्री अशोक वर्मा (ग्राम निनवा, तिल्दा-नेवरा) को आज दो-दो लाख रुपये की राशि सीधे उनके खातों में भेजी गई। उल्लेखनीय है कि हिट एंड रन की घटनाएं वह होती हैं, जहां कोई अज्ञात वाहन चालक किसी व्यक्ति, वाहन या संपत्ति को टक्कर मारकर बिना रुके, मदद किए या पुलिस को सूचना दिए मौके से फरार हो जाता है। ऐसे मामलों में पीड़ित या उनके परिजन सरकार से मुआवजा प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना के तहत यदि किसी की मृत्यु होती है, तो मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपये तथा यदि कोई व्यक्ति गंभीर रूप से घायल होता है, तो उसे 50 हजार रुपये की राहत राशि दी जाती है।

### प्रोजेक्ट नमन के समर्थन में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**रायपुर, 20 मई।** भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने सेना के दिग्गजों और उनके परिवारों के लिए एक समर्पित पहल, प्रोजेक्ट नमन का समर्थन करने के लिए भारतीय सेना और सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज़ इंडिया लिमिटेड के साथ एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू समारोह में लेफ्टिनेंट जनरल रणजीत सिंह, डीजी डीसी×डब्ल्यू; ब्रिगेडियर मंदीप सिंह, एसएम्, ब्रिग, डीआईएवी; श्री मोहित जैन, एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट - भारत बैंकिंग, एक्सिस बैंक और श्री हरीश ओबेरॉय, वाइस प्रेसिडेंट, सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज़ इंडिया लिमिटेड उपस्थित थे। इस परियोजना के तहत, एक्सिस बैंक सेना के दिग्गजों, युद्ध विधवाओं और एनओके को आवश्यक सेवाएं प्रदान करने के लिए सुविधा केंद्रों की स्थापना का समर्थन करेगा। 2023 में शुरू किया गया प्रोजेक्ट नमन, रक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए डिजिटल पेंशन सिस्टम सिस्टम फॉर पेंशन एडमिनिस्ट्रेशन - रक्षा को लागू करने पर केंद्रित है, जिसका उद्देश्य रक्षा कर्मियों के लिए पेंशन संबंधी प्रक्रियाओं को सुगम बनाना है। इस साझेदारी के तहत, 13 राज्यों में 25 डीआईएवी स्थानों पर सीएससी स्थापित किए जाएंगे, जिनमें महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडु, पंजाब, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, असम, नगालैंड, राजस्थान और अन्य शामिल हैं। ये सुविधा केंद्र विभिन्न प्रश्नों और चिंताओं को संभालने के लिए सुसज्जित होंगे, जो राष्ट्र की सेवा करने वालों के लिए व्यापक समर्थन प्रदान करेंगे।

### ट्रेड वॉर के बीच एल्युमीनियम की अहमियत बढ़ी

**रायपुर, 20 मई।** आज जब कई देश व्यापारिक तनाव और टैरिफ युद्धों से जूझ रहे हैं, तब एल्युमीनियम जैसी धातुओं की रणनीतिक भूमिका तेजी से बढ़ रही है। अमेरिका द्वारा स्टील और एल्युमीनियम पर भारी टैरिफ लगाए जाने से वैश्विक सप्लाई चेन प्रभावित हुई है। ऐसे में भारत जैसे खनिज समृद्ध देश को यह अवसर भुनाना चाहिए, खासकर एल्युमीनियम के क्षेत्र में, जो अपनी हल्की, टिकाऊ और रिसाइक्लेबल प्रकृति के कारण एयरक्राफ्ट, रेलवे और मोबाइल जैसे क्षेत्रों में बेहद जरूरी बन चुका है। इसी संदर्भ में वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने अपनी हालिया लिंक्डइन पोस्ट में कहा कि भारत के पास यह बड़ा मौका है कि वह दुनिया का एल्युमीनियम हब बने। उन्होंने बताया कि अमेरिका के टैरिफ के जवाब में भारत ने स्टील पर 12त्न सेफगार्ड ड्यूटी लगाकर अच्छा कदम उठाया है, और अब सरकार को एल्युमीनियम के लिए भी ऐसे ही नीति कदम उठाने चाहिए।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26